य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, गुरुवार, 06 मार्च, 2025 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत् 2081

वर्ष : 20 | अंक : 225 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika
/rpbreakingnews /rajasthan_patrika

नई दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित





दक्षिण अफ्रीका फिर चोकर्स, न्यूजीलैंड ने तीसरी बार बनाई फाइनल में जगह @स्पोर्ट्स&गेमिंग





स्मार्टफोन से तीन दिन भी रहे दूर तो सुधर सकती है दिमागी सेहत @इंडिया&वर्ल्ड





'ट्रंप टैरिफ' अमरीका पर ही भारी, डॉलर टूटा, फूटेगा अमरीकी बाजार का बुलबुला! @बिजनेस&वेल्थ


## राष्ट्रपति ट्रंप का दावा : 'अमरीका को फिर से अमीर और महान बनाने के लिए जरूरी'

# ट्रेड वॉर में भारत को भी लपेटा

- एक को अप्रेल फूल, इसीलिए अब दो को लागू होगा 'ट्रंप टैक्स'
- ट्रेड वॉर ही नहीं, हम हर तरह के युद्ध के लिए तैयार : चीन
- मंदी की तरफ ले जा सकती हैं ट्रंप की नीतियां : डेमोक्रेट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन. नई दिल्ली.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक बार फिर 'ट्रंप टैक्स' के नाम से चर्चित रेसिप्रोकल टैरिफ (पारस्परिक कर) की बात की और इसे दो अप्रेल से लागू करने का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा, 'हम पहले एक अप्रेल से यह लागू करना चाहते थे, लेकिन 'अप्रेल फूल' के कारण इसे अब दो अप्रेल से लागू करेंगे।' अमरीकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने भारत को भी लपेटा और कहा कि कनाडा, मैक्सिको, भारत और दक्षिण कोरिया जैसे देश अमरीका पर 'हाई टैरिफ' लगाते हैं। अब 'हाई टैरिफ' के बदले 'रेसिप्रकोल टैरिफ' लगाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यह कदम अमरीकी अर्थव्यवस्था को 'निष्पक्षता और संतुलन' प्रदान करने के लिए उठाया जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे अमरीकी अर्थव्यवस्था को फिर से 'अमीर और महान' बनाने के लिए जरूरी कदम बताया। शेष@पेज10




**वाशिंगटन** में कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने पहुंचे ट्रंप का विरोध करती मेलानी स्ट्रैंसबरी।

### भारत को सालाना 7 अरब डॉलर घाटे की आशंका

**अमरीका** की ओर से पारस्परिक टैरिफ से भारत और थाईलैंड को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन दोनों देशों में अमरीकी निर्यात पर तुलनात्मक रूप से ज्यादा टैरिफ दरें हैं। जापानी निवेश फर्म नोमुरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमरीका टैरिफ गैप, वैट और गैर-टैरिफ बाधाओं जैसे फैक्टर्स के आधार पर भारत पर हाई टैरिफ लागू कर सकता है। भारत अमरीकी कृषि उत्पादों पर औसतन 36% टैरिफ वसूलता है। कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करना मुश्किल हो सकता है। वहीं ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म सिटी ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, अमरीकी टैरिफ से भारत को सालाना 7 अरब डॉलर का नुकसान होने की आशंका है।

#### ये सेक्टर होंगे प्रभावित

- भारत का आइटी सेक्टर अमरीका पर निर्भर है। ट्रंप की टैरिफ नीति और वीजा नियमों में बदलाव से आइटी कंपनियों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने में दिक्कत हो सकती है। **एच-1बी वीजा की शर्तें सख्त होने पर भारतीय पेशेवरों को अमरीका में काम करने में कठिनाई होगी**, जिससे बिजनेस ग्रोथ पर असर पड़ेगा।
- भारत अमरीका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर है। **फार्मा कंपनियां अमरीकी बाजार से अरबों डॉलर की कमाई करती हैं।** ट्रंप प्रशासन भारतीय दवाओं पर ज्यादा टैरिफ लगाता है तो इनकी कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे निर्यात पर असर होगा।
- अमरीका टाटा मोटर्स, महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी कंपनियों के लिए महत्त्वपूर्ण बाजार है। **आयात शुल्क बढ़ने से भारतीय कार कंपनियों को अमरीका में कारें बेचने में कठिनाई होगी।** इलेक्ट्रिक व्हीकल और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर के निवेश में भी गिरावट आ सकती है।
- भारतीय टेक्सटाइल कंपनियां अमरीका को बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट करती हैं। **टेक्सटाइल पर ज्यादा टैरिफ से भारतीय कंपनियां प्रतिस्पर्धा में पिछड़ सकती हैं,** इससे वियतनाम जैसी प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं को फायदा मिल सकता है। स्टील व एल्युमिनियम सेक्टर भी प्रभावित होगा।

नीतियों की निकलने लगी हवा

### यूएस-एड बंद करने का फैसला खारिज, 1.5 अरब डॉलर देने के निर्देश

**वाशिंगटन.** अमरीकी सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के उस निर्देश को बरकरार रखा है, जिसमें यूएस-एड को विदेशी सहायता संगठनों को 1.5 अरब डॉलर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने यूएस-एड एजेंसी को खत्म करने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ चार अन्य न्यायाधीशों ने बहुमत से यह फैसला किया। शेष चार न्यायाधीशों ने इस पर असहमति जताई।

### 'गोल्ड कार्ड' में अमीरों की दिलचस्पी नहीं

**दुनिया** के अमीरों की ट्रंप की 'गोल्ड कार्ड' वीजा योजना में कोई रुचि नहीं है। इस योजना के तहत 50 लाख डॉलर (करीब 40 करोड़ रुपए) में स्थायी नागरिकता दी जानी है। फोब्स ने 18 अमीरों से बात बताया कि 13 ने कहा कि उन्हें इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। तीन इस बारे में कोई फैसला नहीं कर पा रहे थे। दो ने कहा कि वे इसे खरीदने पर गंभीरता से विचार करेंगे। फोर्ब्स ने जिन सात भारतीयों से बात की, सबने ने कहा कि गोल्ड कार्ड में कोई दिलचस्पी नहीं है। ज्यादातर अमीरों ने कहा कि यदि वे अरबपति हैं तो उन्हें गोल्ड कार्ड की जरूरत नहीं हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लाहौर.** आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को दुबई में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से शिकस्त दी। वहीं, भारतीय टीम पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में पहुंच चुकी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कुल दूसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। इससे पहले, दोनों टीमों के बीच 2000 में खिताबी भिड़ंत हुई थी, जिसमें न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की थी। विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

## न्यूज विंडो

### भर्ती की दौड़ लगा रहे दो की गई जान





**भुवनेश्वर@ पत्रिका.** ओडिशा के भवानीपुर में वन रक्षक भर्ती की शारीरिक परीक्षा के दौरान 25 किलोमीटर की दौड़ लगा रहे दो अभ्यर्थियों की मौत हो गई। दौड़ते समय पैर फिसलने के बाद दोनों बेहोश हो गए थे। राज्य सरकार ने परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की है।

### अबू आजमी पूरे सत्र के लिए निलंबित

**मुंबई@ पत्रिका.** औरंगजेब की तारीफ पर सपा विधायक अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया। उनके विधानसभा परिसर में आने पर भी पाबंदी लगा दी। आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताया था।

### बॉर्डर पर यूक्रेनी नागरिक गिरफ्तार

**पटना@ पत्रिका.** बिहार के रक्सौल में भारत-नेपाल सीमा के पास यूक्रेनी नागरिक बोरी बोन्डारेंको को गिरफ्तार किया गया। वह वीजा की मियाद खत्म होने के बाद भी पश्चिम बंगाल में रह रहा था और करेंसी बदलने के लिए नेपाल गया था।

### काम पर नहीं लौटे 14 तहसीलदार सस्पेंड

**चंडीगढ़@ पत्रिका.** काम पर लौटने का आदेश नहीं मानने पर पंजाब सरकार ने 14 तहसीलदारों को सस्पेंड कर दिया। तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर थे। सीएम भगवंत मान ने उन्हें मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया था।

### ट्रेन में 1 करोड़ की चांदी के साथ पकड़ा

**झांसी@ पत्रिका.** समता एक्सप्रेस के जनरल कोच से एक करोड़ रुपए की चांदी ले जा रहे युवक को जीआरपी टीम ने पकड़ लिया। आगरा का रहने वाला राहुल कुशवाहा 90 किलो चांदी नागपुर से मथुरा ले जा रहा था। वह दस्तावेज नहीं दिखा सका।

एसबीआइ की रिपोर्ट : बैंकों से खूब निकली रकम

## महाकुंभ से इकोनॉमी को मिला बूस्ट, 1 लाख करोड़ रुपए अब भी बाजार में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**प्रयागराज.** प्रयागराज में महाकुंभ न केवल श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से हिट रहा बल्कि कमाई के लिहाज से भी नया रेकॉर्ड बना दिया। महाकुंभ में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचने से यूपी के साथ-साथ देश की इकोनॉमी को जबरदस्त बूस्ट मिला है। एसबीआइ की इकोनॉमिक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान व्यवसाय और खर्च के लिए लोगों ने बैंकों से खूब पैसा निकाला और यह आम आदमी तक पहुंचा। बैंकों से निकाला गया एक लाख करोड़ रुपए अभी बैंकों में नहीं लौटा है। इससे साफ हो गया कि महाकुंभ ने आर्थिक विकास को रफ्तार देने में अहम भूमिका निभाई।

आंकड़ों के मुताबिक महाकुंभ से इकोनॉमी को करीब 3.5 लाख करोड़ का फायदा हुआ है। खास बात है कि 45 दिन तक चले महाकुंभ से होटल, रेस्टोरेंट इंडस्ट्री, टूर एंड ट्रैवेल तथा खुदरा व्यापारियों को बड़ा फायदा हुआ। इसका असर महाकुंभ के बाद भी दिखाई देगा। शहरवासियों की बढ़ी आय रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स व लग्जरी आइटम्स की खरीद को बढ़ावा देगी। महाकुंभ का असर प्रयागराज के अलावा आसपास के शहरों पर दिखाई दिया। महाकुंभ में स्नान के बाद लोग बनारस, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य भी पहुंचे। इससे छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ हुआ। गौरतलब है कि देशभर में बड़े आयोजनों से इकोनॉमी को बड़ा लाभ होता है। पिछले दिनों गुजरात में आयोजित कोल्डप्ले कॉन्सर्ट से इकोनॉमी को काफी लाभ मिला था। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाएं जताते हुए कहा था कि इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, युवा आबादी इसे आकर्षक गंतव्य बना सकती है। शेष@पेज10

### बैंक में लोन तक के लिए नहीं बची रकम

**महाकुंभ** के दौरान लोगों ने बैंकों से खूब पैसा निकाला, ऐसे में बैंकों के पास लोन बांटने तक के लिए पैसे नहीं बचे। एसबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक यह महाकुंभ के दौरान बैंकों से पैसा निकालने के कारण नकदी की कमी आ गई। बैंकों में लोन देने के लिए पैसे नहीं बचे थे। आरबीआइ ने बैंकों में नकदी बनाए रखने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। इससे बैंकों के पास करीब 1.9 लाख करोड़ रुपए की नकदी आएगी।

महाघोटाला : भारत ने न्याय विभाग को भेजा पत्र

## फिर जागा बोफोर्स का जिन्न, अमरीका से मांगी जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत ने अमरीका को एक अनुरोध पत्र भेजा है। इसमें 38 साल पुराने 64 करोड़ रुपए के बोफोर्स घोटाले से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी मांगी गई है। सरकार के इस कदम को स्वीडन से 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन्स की खरीद को लेकर राजीव गांधी की अगुवाई वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हुए घोटाले की जांच फिर शुरू करने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि सीबीआइ ने हाल ही एक विशेष अदालत द्वारा जारी पत्र अमरीकी न्याय विभाग को भेजा। पत्र में अमरीका की निजी जासूसी कंपनी फेयरफैक्स के प्रमुख माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी मांगी गई है। हर्शमैन ने 2017 में दावा किया था कि जब उन्होंने स्विस बैंक खाते मॉन्ट ब्लांक का पता लगाया था, तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी गुस्से में थे। हर्शमैन के मुताबिक बोफोर्स से रिश्वत की रकम कथित रूप से इसी खाते में जमा की गई। सीबीआइ ने अक्टूबर 2024 में दिल्ली की एक अदालत से अमरीकी अधिकारियों से जानकारी हासिल करने के लिए मंजूरी का अनुरोध किया था। यह कदम उस समय उठाया गया, जब हर्शमैन ने भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई।

### यह है मामला...

**बोफोर्स** घोटाला 1987 में स्वीडिश रेडियो ने उजागर किया था। आरोप था कि 155 मिमी फील्ड आर्टिलरी गन्स की खरीद में उच्च स्तर पर रिश्वत दी गई। यह मामला 1989 के चुनावों में राजीव गांधी की हार का प्रमुख कारण बना। हालांकि 2004 में दिल्ली हाईकोर्ट ने राजीव गांधी के खिलाफ रिश्वत के आरोप को खारिज कर दिया था, लेकिन घोटाले से जुड़े सवाल अभी बने हुए हैं। इसमें इटली के व्यापारी ओटावियो क्वात्रोची का भी संदिग्ध रोल था, जो राजीव गांधी सरकार में काफी प्रभावशाली था।

परिसीमन विवाद पर सर्वदलीय बैठक : संयुक्त कार्रवाई समिति बनाने का प्रस्ताव

## स्टालिन बोले, अगले तीस साल तक न हो लोकसभा सीटों में कोई भी बदलाव



सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते स्टालिन।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** लोकसभा सीटों के परिसीमन पर बुधवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव पारित कर पीएम नरेंद्र मोदी से आश्वासन मांगा गया कि यह प्रक्रिया 1971 की जनगणना के आधार पर की जाएगी। दक्षिणी राज्यों के सांसदों और पार्टी प्रतिनिधियों वाली संयुक्त कार्रवाई समिति के गठन का भी निर्णय किया गया। प्रस्ताव पेश करते हुए स्टालिन ने कहा कि 2026 से 30 वर्ष के लिए लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाए। शेष@पेज10

### भाषाई आधिपत्य की भावना से काम

**स्टालिन** ने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2023 के बीच केंद्र सरकार ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को 2,435 करोड़ रुपए आवंटित किए। इसी अवधि में केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान को केवल 167 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। केंद्र सरकार पूरी तरह से भाषाई आधिपत्य की भावना के साथ काम कर रही है।

### देश को हिंदिया बनाने की कोशिश : हासन

**अभिनेता-राजनेता** कमल हासन ने स्टालिन के रुख का समर्थन करते हुए केंद्र पर गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपकर भारत को 'हिंदिया' बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह टिप्पणी सर्वदलीय बैठक में की। हासन ने कहा कि केंद्र सरकार कोशिश कर रही है कि सभी राज्य हिंदी बोलें और बहुमत से चुनाव जीतें। हमारा सपना है 'इंडिया' और उनका है 'हिन्दिया'।



मनमानी : प्रदर्शन किए तो जेल और निष्कासन

## ट्रंप ने अब अपने देश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को धमकाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** राष्ट्रपति बनने के बाद अपने फैसलों से चौंका रहे अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अब अपने ही देश के स्कूल-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की नींद उड़ा दी है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट में उन्होंने कहा, अगर अमरीका के स्कूलों, कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज में अवैध रूप से प्रदर्शन हुए तो उनकी सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। सरकार इनकी वित्तीय सहायता में कटौती करेगी। ट्रंप मे यह चेतावनी भी दी कि अवैध रूप से प्रदर्शन करने पर जेल भुगतनी होगी। शेष@पेज10


TRUTH.

Donald J. Trump
@realDonaldTrump · 22h

All Federal Funding will STOP for any College, School, or University that allows illegal protests. Agitators will be imprisoned/or permanently sent back to the country from which they came. American students will be permanently expelled or, depending on the crime, arrested. NO MASKS! Thank you for your attention to this matter.

सोशल मीडिया पर किया गया ट्रंप का पोस्ट

### पत्रिका व्यू

### लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं

**ट्रंप** के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन ने विदाई भाषण में जो आशंका जताई थी, हकीकत का रूप लेती दिख रही है। बाइडन ने कहा था कि अमरीका में कुलीनतंत्र आकार ले रहा है, कुछ दौलतमंदों के पास सत्ता का केंद्रीकरण हो रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। स्कूल-कॉलेजों को ट्रंप की धमकी लोकतंत्र पर बड़ा प्रहार है। ट्रंप भूल रहे हैं कि लोकतंत्र विद्यार्थियों को अपने हितों के लिए प्रदर्शन का अधिकार देता है। जिन देशों ने विद्यार्थियों के संघर्ष को कुचला, वहां सरकारों की जड़ें उखड़ गईं।

ट्रेंडिंग न्यूज

नई दिल्ली स्टेशन

### भगदड़ पर चार रेल अफसरों का ट्रांसफर

**नई दिल्ली@पत्रिका.** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले महीने मची भगदड़ के मामले में रेलवे बोर्ड ने डीआरएम सुखविंदर सिंह और अतिरिक्त डीआरएम विक्रम सिंह राणा समेत चार अधिकारियों का तबादला कर दिया। भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी।



महाराष्ट्र

### मंत्री माणिकराव कोकाट की सजा सस्पेंड

**नासिक@पत्रिका.** मकान पाने के लिए झूठे दस्तावेज देने के मामले में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे की सजा जिला कोर्ट ने निलंबित कर दी है। निचली कोर्ट ने उन्हें दो साल कैद की सजा सुनाई थी। जिला कोर्ट के फैसले के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता बनी रहेगी।

जम्मू-कश्मीर

### बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला

**श्रीनगर@पत्रिका.** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों ने पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया। हमले में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। तलाशी के दौरान एक ग्रेनेड पिन बरामद की गई। पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन में जुटी है।

आरबीआइ की जांच शुरू | 20 साल पुराने फेमा के नियमों का किया जा रहा दुरुपयोग

## विदेश में पढ़ाई... पैसा जमा करने का जरिया बन रहे विद्यार्थी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** विदेशी विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी अब कुछ अमीर परिवारों के लिए वहां पैसा जमा करने का भी जरिया बन रहे हैं। इसके लिए विद्यार्थियों की मदद के लिए बनाए गए 20 साल पुराने विदेशी मुद्रा विनियमन कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस खुलासे के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

नियमों के मुताबिक, विदेश पढ़ने गए छात्रों को एनआरआइ माना जाता है। अगर किसी भी व्यक्ति को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एनआरआइ घोषित कर दिया जाता है तो वह भारत में मौजूदा अपनी सभी आय और पूंजी अपने एनआरओ खाते में डाल सकता है जो एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 10 लाख डॉलर है। शेष@पेज10




### आरबीआइ ने शुरू की नियमों की समीक्षा

**विशेषज्ञों** के मुताबिक अब आरबीआइ ने विदेशी मुद्रा विनियमन नियमों की समीक्षा करना शुरू कर दिया है। आरबीआइ की कोशिश है कि विदेशों में अध्ययन करने वाले और पार्टटाइम काम करने वाले छात्र और सिर्फ विदेश में धन हस्तांतरण के लिए एनआरआइ का दर्जा चाहने वाले छात्रों के बीच अंतर स्पष्ट किया जा सके। इसके बाद ऐसे मामलों में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जा सकेंगे।

### विदेश में ही रख सकता है धनराशि

**विदेशी** मुद्रा विनियमन के मुताबिक, एनआरआइ छात्र विदेश में भेजी गई या प्राप्त की गई धनराशि को विदेश में ही रख सकता है। खास बात है कि ऐसे विद्यार्थी चाहें तो भारत वापस आने के बाद भी वह राशि विदेश में रख सकेंगे। यही कारण है कि कई अमीर भारतीय परिवार सिर्फ विदेश में निवेश के लिए अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजते हैं।

अपनी पार्टी के नेता पर ही निशाना : शैक्षिक योग्यता पर उठाए सवाल

## मणिशंकर की टिप्पणी...दो बार फेल हुए राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहिए था क्या?

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने इस बार अपनी ही पार्टी के नेता स्वर्गीय राजीव गांधी पर टिप्पणी की है। उन्होंने राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर आश्चर्य जताते हुए उनकी शैक्षणिक योग्यता पर भी सवाल उठाए। एक इंटरव्यू में अय्यर ने कहा कि राजीव गांधी एयरलाइन पायलट थे। वे कैंब्रिज में दो बार फेल हुए थे। कैंब्रिज में फेल होना बहुत मुश्किल होता है। शेष@पेज10

### पहले भी दिए हैं विवादास्पद बयान

1. 10 साल में मुझे सोनिया गांधी से एक बार मिलने का मौका मिला है। गांधी परिवार ने ही मेरा करियर बर्बाद भी किया। **(2024 में)**
2. मुझे कश्मीर पर पाकिस्तान की नीति पर फख्र है। मैं पाकिस्तान से भी उतना ही प्यार करता हूं जितना कि हिंदुस्तान से। **(2018, कराची में)**
3. पाकिस्तान के लोग हमें दुश्मन नहीं मानते। ये हमारे लिए बहुत बड़ा एसेट ( है। **(2023 में)**
4. जब बाबरी मस्जिद गिराई जा रही थी, उस दौरान नरसिम्हा राव पूजा कर रहे थे। भाजपा के पहले पीएम वाजपेयी नहीं बल्कि पीवी नरसिम्हा राव थे। **(2023 में)**



मणिशंकर अय्यर


8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

पोलमपोल भायो

कळहकार घर में हुया, काँगरेस का वीर ।
चणा झाड़ की ओट सूँ, चला रह्या छै तीर !!

## ट्रेंडिंग वीडियो




1. महाकुम्भ में नाव चला बने करोड़पति




2. सोना तस्करी करते पकड़ी गई मशहूर एक्ट्रेस

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दो भाइयों ने भरा 14 करोड़ का मायरा

**मेड़ता सिटी- रिंयाश्यामदास @ पत्रिका.** शादी में बहन के यहां मायरा (भात) भरने में नागौर जिले के जाटों का कोई सानी नहीं है। बेदावड़ी गांव के दो भाइयों मेड़ता मंडी के व्यापारी रामलाल-तुलछाराम फड़ौदा ने बुधवार को अपने भाणजे इन्द्रराज की शादी में शेखासनी निवासी बहन संतोष देवी और बहनोई नाथूराम बेड़ा के यहां कुल 14 करोड़ रुपए का मायरा भरा। मायरा में 1.31 करोड़ रुपए नकद, सवा किलो सोना, 5 किलो चांदी और 80 बीघा खेत की जमीन, 6 प्लॉट सहित 2 बड़े वाहन दिए हैं। नागौर जिले का अब तक का यह सबसे बड़ा मायरा बताया जा रहा है। यह मेड़ता में चर्चा का विषय रहा। आईआईटी के छात्र इन्द्रराज की गुरुवार को शादी है।

### स्क्रैप व सरिया व्यापारी के घर समेत तीन ठिकानों पर सर्वे

**भीलवाड़ा @ पत्रिका.** डायरेक्टरेट जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) टीम ने बुधवार को भीलवाड़ा में स्क्रैप व्यवसायी व सरिया बनाने वाले कारोबारी एवं कांग्रेस नेता तथा उनके भाई के ठिकानों पर सर्च कार्रवाई शुरू की। जयपुर की टीम मकान, कार्यालय तथा फैक्ट्री में कर चोरी के मामले में सर्च कर रही। इस कार्रवाई के दौरान करोड़ो रुपए के दस्तावेज मिले जाने की संभावना जताई है। यह कार्रवाई कुछ दिनों पहले जयपुर में करोड़ों रुपए की कर चोरी का मामला सामने आने तथा कुछ लोगों की गिरफ्तारी के बाद हुई है। इस कार्रवाई से अन्य स्क्रैप व सरिया व्यवसाइयों में हड़कंप मच गया।

### पोकरण: बस में बिगड़ी तबीयत, मौत

**पोकरण (जैसलमेर) @ पत्रिका.** बाड़मेर से पोकरण पहुंची एक निजी बस में आए यात्री की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम एक निजी बस बाड़मेर से पोकरण पहुंची। यहां विश्नोई धर्मशाला के आगे आकर बस रुकी तो एक यात्री सो रहा था। बस स्टाफ ने काफी देर तक उसे आवाज दी, लेकिन उसने कोई हरकत नहीं की। जब उसे संभाला तो वह अचेतावस्था में मिला। जिस पर तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से उसे पोकरण के राजकीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान बाड़मेर निवासी अजय जोगी के रूप में की। वह मजदूरी करने के लिए पोकरण आ रहा था।

### नोसरा में छपरे में चिलम से लगी आग में 80 वर्षीय बुजुर्ग जला, मौत

**भाद्राजून (जालोर) @ पत्रिका.** नोसरा पुलिस थाना क्षेत्र के नोसरा की ढाणी के एक टीन शेड से बने छपरे में चिलम की आग लगने के कारण 80 वर्षीय देवाराम प्रजापत की मंगलवार देर रात को मृत्यु हो गई। घटनाक्रम में बुजुर्ग का शव बुरी तरह से झुलस गया था। पुलिस के अनुसार देवाराम रात्रि में चिलम पीने के लिए लगाई आग को बुझाना भूल गया और बाद में सो गया। देर रात्रि लगी आग उसके बिस्तर सहित पूरे छपरे में फैल गई। हादसे में छपरे में सो रहा बुजुर्ग पूरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई। देवाराम दत्तक पुत्र की पत्नी ने सवेरे देखा तो देवाराम पूरी तरह से झुलस चुका था।

**सरिस्का सर्वे: पांच दिन चले सर्वे के सुखद परिणाम सामने आए**

# दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध और शिकारी चिड़िया मिलीं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अलवर.** वन विभाग ने विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के सहयोग से सरिस्का टाइगर रिजर्व में सर्वे किया है। पांच दिन चल सर्वे के परिणाम सुखद आए हैं। शिकारी चिड़िया की कई प्रजातियां अलग-अलग रेंज में पाई गई हैं। दुर्लभ गिद्ध भी मिले हैं। इनके बचाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

वन विभाग ने 26 फरवरी से यह सर्वे किया शुरू किया था। रैप्टर सर्वेक्षण (शिकारी चिड़िया) सरिस्का, टहला, अकबरपुर, तालवृक्ष और बफर जोन सहित रिजर्व की विभिन्न रेंज में पाई गई। रैप्टर की विविधता और आवास का आकलन भी किया गया। सर्वे के दौरान विशेष रूप से रेड हैडेड वल्चर, इंडियन वल्चर, इजिप्टीयन वल्चर आदि पाए गए जो कि विश्व स्तर पर खतरे में हैं। प्रमुख ईगल प्रजातियों में शॉर्ट टोड सेक ईगल शामिल हैं। देखे गए अन्य रैप्टर्स में रॉक ईगल आउल, इंडियन स्कोप्स आउल, यूरेशियन केस्ट्रेल, व्हाइट आइड बज़र्ड, यूरेशियन स्पैरोहॉक और वेस्टर्न मार्श हैरियर शामिल थे। सरिस्का के डीएफओ अभिमन्यु सहारण ने बताया कि सर्वे का मकसद विविध रैप्टर प्रजातियों का पता लगाना था।


सर्वेक्षण के दौरान मिला इंडियन स्कोप्स आउल।


सरिस्का में एक पेड़ पर बैठा गिद्ध।


सरिस्का में उड़ती चील

सरिस्का में गिद्ध पाए गए हैं, यह अच्छा संकेत है। इसके अलावा कई अन्य शिकारी चिड़िया भी अलग-अलग जोन में मिली हैं। सरिस्का का जंगल इन सभी के लिए मुफीद साबित हो रहा है। गिद्धों के संरक्षण पर काम किया जाएगा।
**संग्राम सिंह कटियार,** क्षेत्र निदेशक, सरिस्का टाइगर रिजर्व

**धाकड़ कालोनी में किराए के भवन में हुई घटना**

# फाइनेंस बैंक प्रबंधक का पंखे से लटका मिला शव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**टोडारायसिंह.** शहर में धाकड़ कालोनी स्थित किराए के भवन में बुधवार को एक फाइनेंस बैंक प्रबंधक का पंखे से लटका हुआ शव मिला।

पुलिस के अनुसार मृतक इंदोकिया पंचायत के गादोपत निवासी महावीर (35) यादव है। महावीर निजी फाइनेंस बैंक में मैनेजर पद पर कार्यरत था। बुधवार को कस्बे स्थित धाकड़ कालोनी में जयपुर रोड पर किराए के भवन में शव लटका होने की सूचना मिली। पुलिस ने प्रथम दृष्टया उक्त मामले को लेकर आत्महत्या का संदेह जताया हैं। परिजनों के मौके पहुंचने पर पुलिस ने मृतक के भाई हनुमान यादव की ओर से मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

**प्रदेश के डिपो में शिशु वात्सल्य कक्ष की व्यवस्था नहीं**

# प्रशासन की अनदेखी से ममता लजाए, अफसरों को शर्म न आए

पत्रिका स्पॉटलाइट

आकाश माथुर/कालू लौहार
patrika.com

**भीलवाड़ा/चित्तौड़गढ़.** यह हालात हैं राजस्थान के लगभग सभी रोडवेज बस स्टैंण्ड के। कहने को यहां यात्रियों को रेलवे की तर्ज पर सुविधा देने का दावा किया जाता है। हकीकत यह है कि यात्री की जेब पर भार डालने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से मोहताज किया जा रहा हैं। ऐसे ही एक सुविधा डिपो पर नहीं होने से मां शर्म से लजा रही हैं। प्रदेश के डिपो में शिशु वात्सल्य कक्ष का अभाव हैं। इसके चलते बस के इंतजार में बैठी मां को अगर बच्चे को दुग्धपान करवाना चाहे तो असहज महसूस करती हैं। नियमानुसार राजस्थान के हर बस स्टैंण्ड पर वात्सालय कक्ष की व्यवस्था होनी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस स्टैंण्ड परिसर में पांच साल पूर्व शिशु वात्सालय कक्ष खोलने के प्रबंधन आदेश दिए थे। भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ समेत लगभग सभी डिपो में कक्ष की स्थापना की गई। भीलवाड़ा में भामाशाहों के सहयोग से केबिन रखवाई। बाहर वात्सालय कक्ष लिखा गया। लेकिन देखरेख के अभाव में केबिन कबाड़ में तब्दील हो गई और उसके बाद उसे वहां से हटा दिया। चित्तौड़गढ़ में भी शिशु वात्सालय को स्टोर रूम बना दिया।


चित्तौड़गढ़ बस स्टैण्ड पर पूर्व में बनाए गए वात्सल्य कक्ष को कमाई के फेर में किराए पर देकर कैंटीन बना दी गई। -पत्रिका

**फैक्ट फाइल**

- 5.39 करोड़ रुपए की रोडवेज को रोजाना कमाई
- 3500 रोडवेज की बसें
- 52 डिपो प्रदेश में इस समय
- 8.50 लाख यात्री करते रोजाना सफर
- 01 लाख से अधिक महिलाएं करती यात्रा

### कमाई पर ध्यान

**रोडवेज** प्रबंधन ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए इसकी शुरुआत की थी। आगार अफसरों के प्रचार-प्रसार नहीं होने से महिलाओं को इस कक्ष के बारे में पता नहीं चल पाया। उसके बाद इस कक्ष की ओर प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। अफसरों को महज डिपो की कमाई से मतलब रहा। रोजाना रोडवेज करीब साढ़े पांच करोड़ की कमाई करता है।

राजस्थान के सभी डिपो में वात्सालय कक्ष होना जरूरी है। अगर जहां यह व्यवस्था नहीं है वहां मुख्य प्रबंधक के खिलाफ प्रबंधन कार्रवाई करें।
**सत्यनारायण शर्मा,** प्रदेश महामंत्री, राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त फैडरेशन

डिपो में वात्सालय कक्ष नहीं है। जल्द ही कक्ष की स्थापना करवाई जाएगी। भामाशाहों का इसमें सहयोग लिया जाएगा।
**निरंजन शर्मा,** मुख्य प्रबंधक, भीलवाड़ा आगार

## प्री-डीएलएड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**कोटा @ पत्रिका.** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से सत्र 2025-26 के लिए आयोजित प्री-डीएलएड परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन गुरुवार से शुरू होंगे। कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने बताया कि गत वर्ष इस परीक्षा में 6,45,454 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन फॉर्म भरने की शुरुआत 6 मार्च से होगी, जो 11 अप्रेल तक चलेगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में 1 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन अथवा ई-मित्र से कर सकते हैं। सह-समन्वयक डॉ. संदीप हुड्डा ने बताया कि आवेदक का कक्षा 12वीं उतीर्ण होना अथवा वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन के लिए शुल्क प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा सामान्य अथवा संस्कृत के लिए 450 रुपए हैं। यदि अभ्यर्थी दोनों प्रवेश परीक्षाओं में आवेदन करना चाहता है तो उसके लिए शुल्क 500 रुपए है। स्कूली शिक्षा में श्रेणी तृतीय शिक्षक के लेवल-प्रथम के लिए डीएलएड अनिवार्य योग्यता है।

**पूर्व में भी वार्ड तैयार करवाया था**

# स्वीडन के डेविड ने रोहट सरकारी अस्पताल में तैयार करवाया वार्ड


रोहट कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीडन के डेविड ने तैयार करवाया वार्ड जिसमें लगे बैंड व अन्य सुविधाऐं।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रोहट (पाली).** उपखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहट में स्वीडन निवासी डेविड ने रोहट अस्पताल में करीब दस लाख रुपए से अधिक की लागत से पूरा वार्ड तैयार करवाकर मरीजों के लिए उपलब्ध करवाया। जिससे यहां आने वाले मरीजों को निजी अस्पताल जैसी सुविधा सरकारी अस्पताल में मिल सकेगी। जिला प्रमुख प्रतिनिधि सिद्धार्थसिंह रोहटगढ के विदेशी मित्र स्वीड़न निवासी डेविड ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोरोनाकाल में दस बैड का वार्ड तैयार करवाया था। अब डेविड ने बुधवार को एक और वार्ड तैयार करवाया हैं। जिसमें एसी से लगाकर वार्ड में आवश्यकतानुसार सारी सामग्री हैं। इस वार्ड में तीन एसी तथा दस बैड लगाए हैं। वार्ड में सभी आवश्यकता वाली वस्तुएं उपलब्ध रहेगी। वार्ड का रंग रोगन भी डेविड की ओर से करवाया जा रहा हैं। जिससे सरकारी अस्पताल में मरीजों को निजी अस्पताल जैसी पूरी सुविधाएं मिल सके।

## नीट यूजी: आवेदन की अंतिम तिथि कल तक

कोटा. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित हैं। इच्छुक विद्यार्थी रात 11:50 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 9 से 11 मार्च तक जारी रहेगी।एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष 2024 में नीट यूजी परीक्षा के दौरान विवादों के कारण केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसरो के पूर्व चेयरमैन के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी ऑफ एक्सपर्ट्स का गठन किया था।

**हार्ड कॉपी 11 तक होगी जमा**

# सर्च कमेटी करेगी कुलपति पद के आवेदनों की स्क्रूटनी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी का नया कुलपति तलाशने की कवायद जारी है। ऑनलाइन आवेदन भरे जा चुके हैं। हार्ड कॉपी 11 मार्च तक जमा होगी। इसके बाद कुलपति सर्च कमेटी की बैठक होगी। कमेटी आवेदनों में से तीन अथवा पांच नामों का पैनल बनाकर राजभवन और सरकार को भेजेगी। पूर्व कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला का तीन वर्षीय कार्यकाल बीते वर्ष 26 नवम्बर को पूरा होने के बाद से वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी के पास एमडीएसयू कुलपति का अतिरिक्त प्रभार है। स्थायी कुलपति के लिए 11 फरवरी से 4 मार्च तक आवेदन मांगे गए थे।

### कई प्रोफेसर ने भरे हैं आवेदन

कुलपति पद के लिए कई कॉलेज और यूनिवर्सिटी के कार्यरत और सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने आवेदन किए हैं। इनमें अजमेर के अलावा उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा सहित यूपी गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी, हरियाणा और अन्य प्रदेशों के प्रोफेसर शामिल हैं।



### सियासी गलियारों में हलचल

**संघ** और भाजपा के नजदीकी शिक्षाविदों में हलचल बढ़ गई है। राजभवन सहित केंद्र और राज्य सरकार तक नाम पहुंचाए गए हैं। सर्च कमेटी के बनाए पैनल में से ही नए कुलपति की तैनाती होगी। कमेटी में राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. जे.पी.सिंहल बतौर बॉम प्रतिनिधि, राजभवन के प्रतिनिधि प्रो. बी.पी.शर्मा, राज्य सरकार के प्रतिनिधि डॉ. बी.आर कुम्हार और यूजीसी प्रतिनिधि के रूप में हिमाचल प्रदेश सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस.पी. बंसल शामिल किए गए हैं।


**उदयपुर** में बुधवार सुबह दूध तलाई से सीसारमा मार्ग पर जलबुर्ज के आर्मी एरिया में लगी लोहे की जाली में फंसा पैंथर। जिसे बाद में रेस्क्यू कर निकाला गया। -पत्रिका

# फेंसिंग में फंसा पैंथर... रेस्क्यू कर बचाया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** शहर में पिछोला झील किनारे बुधवार सुबह सेना के एरिया के निकट जलबुर्ज मार्ग पर एक पैंथर फेसिंग में फंस गया। सुबह की सैर पर निकले लोगों को दूधतलाई से सीसारमा जाने वाले जलबुर्ज मार्ग पर सुबह एक पैंथर फेंसिंग के तारों में फंसा दिखा तो लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। डीएफओ मुकेश सैनी, रेंजर धीरेन्द्रसिंह मौके पर पहुंचे। इसके बाद वाइल्ड लाइफ की रेस्क्यू टीम के डॉ. हिमांशु शर्मा, डीपी शर्मा और वनपाल प्रदीपसिंह ने पैंथर को ट्रेंकुलाइज किया। करीब पौन घंटे की मशक्कत के बाद पैंथर को फेंसिंग से निकाल लिया। नर पैंथर कुछ देर की बेहोशी के बाद स्वस्थ हो गया था। उसे फिलहाल सज्जनगढ़ के बायोलॉजिकल पार्क में रखा गया है।

**भरतपुर सांसद संजना जाटव ने लगाए आरोप**

# खुलेआम अवैध वसूली कर रहे पुलिसकर्मी, बनाया वीडियो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**खेरली/अलवर.** भरतपुर सांसद संजना जाटव ने अलवर जिले की खेरली थाना पुलिस पर खुलेआम अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। इसकी शिकायत उन्होंने अलवर एसपी संजीव नैन से की हैं। सांसद जाटव ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे वह अपने संसदीय क्षेत्र में किसी कार्यक्रम में शामिल होकर खेरली बाइपास अपने आवास पर लौट रही थीं। उनके आवास के पास ही पुलिसकर्मी वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहे थे। उन्होंने खुद अपनी आंखों से देखा और उसका वीडियो भी बनाया। सांसद ने यह वीडियो एसपी को भी भेजा हैं। इस मामले में जांच कठूमर डीएसपी को सौंपी गई हैं।

**मेरे सामने लिए पैसे : जाटव**

सांसद जाटव ने बताया कि उनके घर के बाहर तूड़ी से भरे ओवरलोड वाहन खड़े थे। पास ही पुलिस की एक जीप खड़ी थी। जिसमें बैठे पुलिसकर्मी ओवरलोड वाहन चालकों से रिश्वत ले रहे थे। उनकी गाड़ी को आता देख पुलिसकर्मी वहां से चले गए।

**पुलिसकर्मी को कुछ देकर जाता दिखाई दे रहा एक व्यक्ति**

वीडियो में पुलिस की जीप खड़ी दिखाई दे रही हैं। इस दौरान लाल टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति पुलिस की जीप के पास आता हैं, जो जीप में बैठे पुलिसकर्मी को कुछ देकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। यह पूरा घटनाक्रम कुछ ही सेकंड का है। दूसरे वीडियो में कुछ ओवरलोड ट्रोले व ट्रेक्टर खड़े दिखाई दे रहे हैं।

**पहल** | **शी-बॉक्स पोर्टल पर आंतरिक शिकायत समितियों का रजिस्ट्रेशन किया जरूरी**

# अब महिलाएं ऑनलाइन कर सकेंगी शिकायत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जिन कार्यालयों में 10 या उससे अधिक कार्मिक काम कर रहे हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति बनाना जरूरी हो गया है। अगर किसी कार्यालय में यह समिति नहीं बनाई गई तो 50 हजार रुपए जुर्माना चुकाना पड़ेगा।

इसके साथ ही सभी कार्यालयों या संस्थाओं को शी-बॉक्स पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा, जिससे वहां कार्यरत महिलाएं लैंगिक उत्पीड़न की ऑनलाइन शिकायत कर सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद महिला अधिकारिता विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर सरकारी और निजी कार्यालयों की संख्या और उनमें आंतरिक शिकायत समिति की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही इन समितियों को शी-बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

समितियां पोर्टल पर आने के बाद कोई भी महिला लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत ऑनलाइन कर सकेंगी। इतना ही नहीं, समिति की कार्रवाई और शिकायतों की मॉनिटरिंग भी हो सकेगी। महिला अधिकारिता विभाग के अनुसार सभी 41 जिलों में स्थानीय शिकायत समितियों का गठन हो चुका है। यह समिति हर जिले में एक होती है। जबकि आंतरिक शिकायत समितियां अधिकतर कार्यालयों में नहीं है। अगर यह समिति 3 साल से अधिक पुरानी है तो उसा पुनर्गठन करना जरूरी है। समिति के अध्यक्ष व सदस्य में किसी का स्थानांतरण हो जाए तो नए सदस्य का मनोनयन करना जरूरी है।

- जिन कार्यालयों में 10 से अधिक कार्मिक, वहां आंतरिक शिकायत समिति होना जरूरी
- समिति नहीं बनाने पर चुकाने होंगे 50 हजार रुपए जुर्माना



### 31 तक पेश करनी होगी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कार्यालयों में होने वाली महिला उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर सरकार से इसकी रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट के आदेश के बाद महिला अधिकारिता विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों से कार्यस्थलों की जानकारी मांगी है। इसके लिए जिला कलेक्टर सर्वे कर रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा आंतरिक शिकायत समितियों को शी-बॉक्स पोर्टल से भी जोड़ा जाएगा। सरकार को 31 मार्च तक यह रिपोर्ट पेश करनी है।

**बाइक सवार दो आरोपियों ने किया फायर**

# नांदवेल सरपंच पर फायर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** मावली-नांदवेल (डबोक) रोड पर मंगलवार रात दो युवकों ने नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर फायर कर दिया। गोली सरपंच की जांघ पर लगती हुई आर-पार हो गई। फायरिंग के बाद आरोपी बेखौफ होकर बाइक से गांवों की गलियों में ही घूमते रहे।

उन्होंने चंदेसरा गांव में भी कुछ लोगों द्वारा रोकने पर वहां भी एक हवाई फायर कर दिया। मौके पर एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया जबकि एक फरार हो गया। डबोक थाना ने मामला दर्ज किया। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी हैं। फायरिंग के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया। नांदवेल सरपंच देवीलाल उर्फ पिंटू (32) पुत्र धनराज डांगी ने बताया कि वे रात करीब 10.30 बजे कार से घर पहुंचे थे। कार खड़ी कर वे घर के बाहर ही लगी टंकी पर पानी पीने लगे। इसी दौरान एक युवक भी वहां पानी पीने आया। सरपंच का कहना है कि वे घर की फाटक खोल ही रहे थे तभी पानी पी रहे युवक ने पीछे से उन पर फायर कर दिया। गोली उनकी जांघ पर लगती हुई आर-पार हो गई। घायल देवीलाल को उनके पिता धनराज डांगी गाड़ी से खेमली चिकित्सालय ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया। घायल सरपंच मावली सरपंच संघ के अध्यक्ष व मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भाणेज हैं।

सात राज्यों में लगा चुके हैं सौर ऊर्जा पंप

# जंगली जानवरों के लिए पानी मुहैया करवाना है लक्ष्य



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

**आमतौर पर लोग पक्षियों और छोटे जानवरों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था तो करते हुए दिखाई देते हैं, लेकिन क्या आपने जंगली जानवरों के लिए किसी को पानी की व्यवस्था करते हुए देखा है।**

मुम्बई की डेंटिस्ट डॉ. सरिता और पीवी सुब्रह्मण्यम की जोड़ी जंगली जानवरों के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाले पम्प लगा रही हैं ताकि जंगल में इन्हें आसानी से पानी उपलब्ध करवाया जा सके। इस दम्पती ने सात राज्यों के 25 जंगलों और वन्यजीव अभ्यारण्यों में 170 सौर जल पम्पों की शुरुआत की, जिनमें कर्नाटक में बांदीपुर टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड में कालागढ़ और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, राजस्थान में मुकुंदरा हिल्स और सरिस्का टाइगर रिजर्व, मध्यप्रदेश में पन्ना और कान्हा टाइगर रिजर्व, तमिलनाडु में सत्यमंगलम और मुदुमलाई टाइगर रिजर्व सहित 13 अभ्यारण्य शामिल हैं।

2018 में शुरू किए गए उनके इस काम के लिए उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान भी मिल चुके हैं।

### यूं मिला मकसद

**डॉ. सरिता** कहती हैं कि पति सुब्रह्मण्यम को हमेशा ही प्रकृति से लगाव रहा है। 2016 में हम कान्हा टाइगर रिजर्व देखने के लिए गए। गर्मी के मौसम में वहां एक बाघिन को सूखे हुए तालाब में पानी पीने और उसमें गर्मी से बचने का जतन करते हुए देख हमें वहां पानी की कमी का अहसास हुआ। तब हमने और भी टाइगर रिजर्व की समीक्षा की, जहां पानी की कमी थी। फिर शुरू हुआ सौर ऊर्जा पंपों का काम। जंगल के अंदर बोरवेल या बारहमासी जल निकायों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों से पानी उपलब्ध करवाना एक चुनौतिपूर्ण काम था। इसमें आर्थिक संकट के साथ शिकारी गतिविधियां परेशानी करने वाली थी। हमें स्थानीय प्रशासन और स्थानीय लोगों की काफी मदद मिली।

किचन सोल्युशन

## मलाई से दूर करें सब्जी का तीखापन



खाना बनाने और किचन के सामान के रखरखाव में आए दिन कुछ न कुछ गड़बड़ तो हो ही जाती है। इससे कई बार महिलाएं परेशान भी होती हैं। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखने पर यह समस्याएं कुछ हद तक हल हो सकती हैं। आइए जानें...

- **आलू** और प्याज एक साथ रखने से जल्दी खराब हो जाते हैं। आलू को ठंडी जगह और प्याज को हवादार जगह पर रखना चाहिए।
- **नारियल** को आधे घंटे फ्रिज में रखकर हल्की सी चोट मारने पर वह जल्दी से टूट जाएगा।
- **मैदा** और आटे में कीड़े न लगे, इसके लिए तेजपत्ता या सूखी मिर्च डाल दें।
- **अगर** सब्जी में ज्यादा तीखापन आ जाए तो उसमें दूध की थोड़ी मलाई मिलाकर पकाएं।
- **कटलेट** बनाते समय बैटर में थोड़ा सा ब्रेड क्रम्ब्स मिलाएं।
- **हलवे** में चीनी ज्यादा हो जाए तो थोड़े फूलमखाने पीसकर डाल दें।



पुष्पा बांगड़
फूड ब्लॉगर
Patrika.com

बात सेहत की

## गर्म पानी से धोकर ही रखें स्पंज



स्पंज को सिंक के अंदर न रखें। साथ ही इसकी नमी खत्म करके रखें और 100 डिग्री सेल्सियस पर गर्म पानी में इसे डालने से इसके बैक्टीरिया काफी हद तक खत्म हो सकते हैं। स्पंज की जगह बर्तन ब्रश का उपयोग किया जा सकता है।

मुख्यरूप से रसोई में बर्तन साफ करने के लिए स्पंज का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यह स्पंज कुछ हद तक नुकसानदायक भी हो सकता है। जर्मनी की फर्टवांगेन यूनिवर्सिटी में माइक्रोबायोलॉजिस्ट मार्कस ऐगरट्स ने रसोई के स्पंज में बैक्टीरिया पर नया डेटा पब्लिश किया था। इन्होंने स्पंज में बैक्टीरिया की 362 प्रजातियों की खोज की। वहीं 2017 में वैज्ञानिक एरेगेट्स ने अपनी स्टडी में बैक्टीरिया की कॉमन प्रजाति और स्पंज में उसे पोषण मिलने की जानकारी दी थी। इनके अनुसार कुछ ऐसे बैक्टीरिया होते हैं, जो कि स्पंज में पनपते हैं और उनकी वृद्धि शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन अगर आप बर्तन धोने के बाद स्पंज को साफ करके रखती हैं तो यह खतरा कुछ कम हो सकता है।

शी अचीवर

## अर्चना ने तोड़े फ्रीडाइविंग के रेकॉर्ड



मुम्बई से कानून की पढ़ाई करने वाली 31 वर्षीय अर्चना वकालत का सपना छोड़कर देश की सबसे गहरी फ्रीडाइविंग करने वाली महिला हैं। वह कहती हैं कि बेंगलूरु में काम करते हुए खुद को थका हुआ अनुभव किया और 2019 में दोस्तों के साथ अंडमान-निकोबार में छुट्टियां मनाने गई तो हैवलॉक द्वीप पर उन्हें एक अलग अहसास हुआ। 2020 में फिर से वहां जाकर उन्होंने डाइविंग के लिए एडवांस सर्टिफिकेशन में भाग लिया और रेस्क्यू डाइवर बनीं। इसके बाद उनमें एक वीडियो से फ्रीडाइविंग के प्रति रुचि पैदा हुई और उन्होंने 2023 में इसके लिए प्रशिक्षण लेना शुरू किया। अर्चना ने फिलीपींस के पैंगलाओ में प्रतिस्पर्धा की और 42 मीटर का व्यक्तिगत रेकॉर्ड और 35 मीटर का राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया। जिससे वह देश की सबसे गहराई में फ्रीडाइविंग करने वाली महिला बनीं।

**उनका** प्रयास है कि अंतरराष्ट्रीय एपनिया विकास संघ भारत में सक्रिय रूप से काम कर सकें ताकि गोताखोरों को मदद मिल सकें।

**किचन** में कार्य करते समय खाना बनाने से लेकर उसकी साफ-सफाई तक में काफी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सोल्युशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वाट्सऐप नंबर 9057531584 पर भेजें। शी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

पत्रिका शी न्यूज़
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

स्कूली वाहनों की गति 40 किमी प्रति घंटे से ज्यादा तो गिरेगी गाज

# गाइडलाइन जारी: बस पर स्कूल का नाम और फोन नंबर लिखना जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सिरोही.** जिले में विद्यालयों के वाहनों की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा हुई तो गाज गिरना तय है। नई गाइडलाइन के तहत अब बस या अन्य स्कूली वाहन चालक को वर्दी भी पहननी होगी। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर हाल ही में गाइडलाइन जारी की गई है।

इसमें कहा गया है कि स्कूली बसों की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। गति को नियंत्रण में रखने के लिए बसों में गति नियंत्रक उपकरण लगाने होंगे। बस चालक के लिए वर्दी भी अनिवार्य की गई है। बस पर स्कूल का नाम भी लिखना होगा। स्कूलों में विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की ओर से गाइड लाइन जारी कर इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सिरोही में 100 माध्यमिक स्कूलों में 150 से अधिक बसें वर्तमान में चल रही है।

**रेंटेड पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखना जरूरी:** गाइडलाइन के अनुसार स्कूल वाहन पीले रंग के होने चाहिए। दोनों तरफ स्कूल का नाम व संपर्क नंबर लिखने चाहिए। यदि किराए की बस हैं, तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए। खिड़कियों में ग्रिल व जालीदार तार लगे होने चाहिए। प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, आपातकालीन सायरन व पुलिस से सत्यापित स्टाफ की नियुक्ति अनिवार्य की गई है।




### कक्षा-कक्षों में हो सुरक्षित निकास

गाइडलाइन में स्कूल भवन सुरक्षित होने के साथ रोशनी व हवादार होने का जिक्र किया गया है। जरूरत पड़ने पर मैन गेट व कक्षाओं में एक से ज्यादा या बड़े दरवाजे लगाने का सुझाव दिया गया है। रसोई व आग से संबंधित गतिविधियां मुख्य स्कूल भवन से दूर सुरक्षित स्थान पर करना भी तय किया है। इसी तरह प्रयोगशाला व खेल मैदानों में सुरक्षा के लिए भी निर्देश दिए हैं।

### आदेश की पालना होगी

शिक्षा निदेशक की ओर से गाइड लाइन में स्कूलों में विद्यार्थियों व स्टाफ की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं। नई गाइडलाइन के तहत अब बस या स्कूली वाहन चालक को भी वर्दी पहननी होगी। जिनकी पालना की जाएगी। सिरोही में 100 माध्यमिक स्कूलों में 150 से अधिक बसें संचालित हैं। - **मृदुला व्यास,** जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, सिरोही

रिंगरोड व बायपास की नहीं मिली स्वीकृति

## यातायात में सुधार के लिए चार बार भेजे गए प्रस्ताव, अब तक इंतजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालोर/भीनमाल @ पत्रिका.** शहर में साल-दर-साल यातायात जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। खासकर हाईस्कूल से जुंजाणी बस स्टैण्ड तक मुख्य सड़क पर जाम लगना आम है।

यहां सड़क 12-20 फीट चौड़ी हुई है, जबकि रोजाना सैकड़ों वाहन यहां से आवाजाही करते हैं। इतना कुछ होने के बाद भी शहर में रिंगरोड की कवायद महज कागजों में दबी हुई हैं। बाईपास के लिए दो बार सार्वजनिक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव भी भेजे, लेकिन सरकार से स्वीकृत नहीं मिली।

दरअसल, 1990 से क्षेत्र में यातायात तो कई गुणा बढ़ गया, लेकिन सुगम यातायात के लिए कोई प्रयास नहीं हुए। शहर के मुख्य मार्ग तंग होने से यहां हर समय जाम की स्थिति लग जाती हैं। महावीर चौराहे से जुंजाणी बस स्टैण्ड तक डेढ किलोमीटर की दूर तय करने में जाम फस जाते है। इतना कुछ होने के बाद भी शहर में रिंगरोड के लिए कोई प्रयास नहीं हो पाए है।

**बागोड़ा व सायला जाने वाले गुजरते हैं शहर से:** बायपास व रिंगरोड के अभाव में गुजरात के विभिन्न शहरों से सायला, बागोड़ा व बाड़मेर की ओर जाने वाले भारी वाहन भी शहर से होकर गुजरते है। भारतमाला रोड व जीवाणा में अनारमंडी लगने के बाद जीवाणा, बाड़मेर, बाड़मेर, गुड़ामालानी व सायला जाने वाले शहर में होकर गुजरते है। ऐसे में जाम की समस्या भी ज्वलंत हो रही हैं। सावों की सीजन में तो और गंभीर हो जाता हैं।


### इनका कहना है

शहर में बायपास के लिए पहले भी प्रस्ताव भेजे थे। गत साल सरकार ने बजट के लिए भेजे है, लेकिन स्वीकृत नहीं मिली है। बायपास बनने से यातायात समस्या से छुटकारा मिल सकता है।
**ओमप्रकाश सुथार,** अधिशासी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग-भीनमाल

सरकार ने निजी बस ऑपरेटर को किया आमंत्रित

## ग्रामीण बस सेवा: ऑपरेटर नहीं दिखा रहे रुचि, एक भी आवेदन नहीं आया

**जोधपुर@पत्रिका.** राज्य सरकार की ओर से लम्बे अरसे बाद प्रदेश के ग्रामीण रूटों पर रोडवेज ग्रामीण बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने ग्रामीण रूटों पर पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर बसें चलाने का निर्णय लिया और टेंडर जारी करने के लिए आवेदन मांगे हैं। जोधपुर में भी ग्रामीण रूटों पर रोडवेज बसें चलने की उम्मीद जगी है, लेकिन हकीकत यह है कि जोधपुर के ग्रामीण रूटों पर बसों के संचालन के लिए निजी ऑपरेटर रुचि नहीं दिखा रहे और वर्तमान में एक भी आवेदन रोडवेज प्रबंधन को नहीं मिला है। पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड के तहत बस, ड्राइवर व कडंक्टर की उपलब्धता संबंधित फर्म या एजेन्सी कराएगी। वहीं, इन बसों में यात्रियों को रोडवेज की ओर से मिलने वाली सभी रियायती सुविधाएं मिलेगी, जिनका भुगतान रोडवेज करेगा। जोधपुर डिपो की ओर से 13 मार्गों के 136 गांवों के लिए भेजा प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें बुचेटी, बालेसर, उत्तेसर, लूणी, बिलाड़ा, बोरुन्दा, बासनी हरिसिंह, धनारी, तिंवरी, चामू, चेराई, चाबा आदि प्रस्तावित मार्गो व इनसे जुड़ने वाली ग्राम पंचायतों के लिए बस संचालन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।



ग्रामीण रूटों पर बस संचालन के लिए फर्मों को आमंत्रित किया , लेकिन अभी तक निजी फर्म या एजेन्सी की ओर से ग्रामीण रुटों पर बस संचालन के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला है।
- **उम्मेदसिंह,** मुख्य प्रबंधक, रोडवेज जोधपुर

### नहर में मिले शवों की नहीं हुई शिनाख्त

**सांचौर @ पत्रिका.** क्षेत्र के छजारा गांव में नर्मदा नहर की वांक माइनर में अर्धनग्न मिले युवक-युवती के शवों की मंगलवार को भी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार उक्त शव चार-पांच दिन पुराने बताए जा रहे है। पुलिस शव प्रेमी व प्रेमिका के होने की संभावना जता रही है। सरवाना पुलिस के एएसआई हुसैन खान के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शवों को बाहर निकाला और सांचौर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है। शव सड़-गल जाने से देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई। युवती के सिर पर एक भी बाल नहीं है। युवक ने पेंट पहन रखा है। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतकों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है।

रियायती दरों पर कल शाम तक बुक करा सकेंगे विज्ञापन

## राजपूत-जाट, सैनी और विधवा-विधुर, तलाकशुदा के पुनर्विवाह तथा सर्वसमाज के वैवाहिक विशेषांकों का प्रकाशन नौ को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** समाज के विभिन्न संगठनों के आग्रह पर नौ मार्च को पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों सहित भोपाल, इंदौर व रायपुर संस्करण में राजपूत-जाट, सैनी और विधवा-विधुर, तलाकशुदा के पुनर्विवाह तथा सर्वसमाज के वैवाहिक विशेषांकों का प्रकाशन किया जाएगा। पत्रिका और समाज के विभिन्न संगठनों की इस पहल से विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा देश के लाखों परिवारों तक पहुंचने के साथ ही पाठकों को भी नवीन डाटा बेस उपलब्ध होगा।

इस विशेषांक में जाट, राजपूत, सैनी (माली) समाज अथवा पुनर्विवाह या बिना किसी जाति बंधन के सभी समाजों में योग्य रिश्ता तलाश रहे उच्च शिक्षित प्रोफेशनल युवक-युवतियों के बायोडेटा प्रकाशित किए जाएंगे।अपने या परिवार के विवाह योग्य युवक-युवती के लिए रिश्ता खोज रहे देश के किसी भी हिस्से में रहने वाले राजपूत , जाट , सैनी (माली) अथवा सर्व समाज में रिस्ता ढूढ़ने वाले परिवार उसका बायोडेटा इस विशेषांक में नाम मात्र की दर पर छपवा सकते हैं। विज्ञापन बुकिंग के लिए पूरा नाम, शहर का नाम व कॉन्टैक्ट नंबर, वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी। रियायती दरों पर विज्ञापन की बुकिंग शुकवार शाम पांच बजे तक ही की जाएगी। इस कार्य में देशभर से राजपूत, जाट व सैनी (माली ) सहित सर्वसमाज के संगठन जुड़ चुके हैं। आप भी इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 2, 16 जुलाई, 26 नवंबर व 10 दिसंबर एवं इस वर्ष 7 व 21 अप्रेल और 11 अगस्त को राजपूत समाज और गत वर्ष 26 फरवरी व 5 मार्च, 2023 और इस वर्ष 1 एव 15 दिसंबर को जाट समाज और वर्ष 2023 में 18 जून, 2 व 16 जुलाई, 19 नवंबर, 3 दिसंबर तथा वर्ष 2024 में 11 व 25 फरवरी, 28 अप्रेल, 12 मई, 4 व 18 अगस्त और 17 नवम्बर और इस वर्ष 22 फरवरी को उक्त सभी संस्करणों में सर्व समाज व पुनर्विवाह वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन पत्रिका के उपरोक्त संस्करणों में किया जा चुका है।

### शिकायत पर डीएसटी में बदलेंगे जाएंगे चेहरे

**भीलवाड़ा @ पत्रिका.** जिले में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित जिला विशेष टीम (डीएसटी) में शामिल पुलिस कर्मियों को बदला जाएगा। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने जिले में गैंगस्टर की धरपकड़, मादक पदार्थ की तस्करी पर अंकुश, अवैध खनन व परिवहन, भगोड़ें अपराधियों की गिरफ्तारी व साइबर अपराध में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए डीएसटी गठित कर रखी है। लेकिन टीम में शामिल कुछ पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं।

## गाजे-बाजे के साथ बालाजी को करवाया नगर भ्रमण



**परबतसर @ पत्रिका.** ग्राम गूलर में बालाजी मंदिर विकास समिति द्वारा नवनिर्मित बालाजी मंदिर में 6 मार्च को बालाजी महाराज और शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष अमर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में श्रीराम कथा का भी आयोजन हो रहा है। मंगलवार को गूलर में गाजे- बाजों के साथ बालाजी और शिव परिवार का मूर्ति भ्रमण करवाया गया।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में गुप्त केबिन से शराब जब्त

**डूंगरपुर@पत्रिका.** बिछीवाड़ा पुलिस ने रतनपुर चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रैक्टर टोली के नीचे गुप्त केबिन से शराब जब्त कर एक जने को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि रतनपुर चैक पोस्ट पर नाकाबंदी की गई। उदयपुर मार्ग की ओर से एक ट्रैक्टर आया। ट्रैक्टर के पीछे टोली भी लगी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर को रोककर तलाशी ली तो, पीछे टोली में एक गुप्त केबिन बना हुआ था। पुलिस की टीम ने केबिन खोला तो, अंदर शराब भरी हुई थी। इस पर पुलिस ने पट्टी कलियाणा हरियाणा निवासी सुंदर पुत्र चरण सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

तीन दशक से होली पर्व से विदेशी सैलानियों की हो रही आवक

## तीन हजार सैलानी खेलेंगे स्वर्णनगरी में होली

**जैसलमेर@पत्रिका.** स्वर्णनगरी की हवाओं में चंद दिनों में होली की मस्ती घुलने वाली है। स्वर्णनगरी में रंगों का उत्सव सात समंदर पार के सैलानियों को भी अपनी रंगीन छटा में समेट रहा है। पर्यटन उद्योग के जानकार बताते हैं कि तीन हजार देशी-विदेशी पर्यटक जैसलमेर में होली मनाने पहुंचेंगे, जो रंगों में सराबोर होने के लिए उत्सुक हैं। यहां की शालीन और गरिमामयी होली का आकर्षण हर साल सैकड़ों यूरोपियन सैलानियों को यहां खींच लाता है।

**पर्यटन को लगेंगे नए पंख:** पर्यटन से जुड़े जानकारी बताते हैं कि 3 हजार देशी-विदेशी पर्यटकों के आगमन से जैसलमेर में पर्यटन को भी नया बल मिल सकेगा। होटल, गाइड, कैफे, लोक कलाकारों और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक संजीवनी मिलेगी। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन, इंग्लैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रिया जैसे यूरोपियन देशों के नागरिकों में जैसलमेर की होली को लेकर खासा क्रेज देखने को मिलता है। दुनिया भर में रंगों से जुड़े कई त्योहार हैं स्पेन का टोमाटीना, रोम का रेडिका, ऑस्ट्रेलिया का वाटरमेलन फेस्टिवल, इटली का ऑरेंज बैटल– लेकिन भारतीय होली जैसी रंगीन और हृदय से जुड़ने वाली अनुभूति उन्हें कहीं और नहीं मिलती।

### जैसलमेर में मेहमानों होली: तीन दशक पुराना नाता

**विदेशी** सैलानियों का जैसलमेर की होली से यह नाता नया नहीं है। तीन दशक पहले जब पहली बार कुछ यूरोपियन सैलानियों ने जैसलमेर में होली का अनुभव लिया, तब से यह सिलसिला हर साल बढ़ता ही गया। अब तो होली से पहले ही विदेशी समूहों के समूह जैसलमेर की गलियों में रंगों की आहट महसूस करने आ पहुंचते हैं।



## आज का राशिफल गुरुवार, 06 मार्च, 2025

| राशि | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* दिन व्यस्त रहेगा। माता पिता के स्वास्थ पर ध्यान दें। जीवनसाथी से मतभेद समाप्त होगा। न्यायपक्ष मजबूत होगा। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। नौकरी में मनमुटाव यथावत रहेंगे। नए संपर्क का लाभ मिलेगा। मित्रों से विवाद संभव। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* पारिवारिक विवाद समाप्त होंगे। किसी बड़े आयोजन की रूपरेखा बनेगी। जीवन में चल रही उलझनें चिंता बढ़ाएगी। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* सोचा क्या और हो क्या रहा है। अभी ऐसी ही स्थिति आप के साथ बनी है, महापुरुष के मार्गदर्शन से सफलता मिलेगी। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* आप की दिनचर्या में बदलाव होगा। प्रेम प्रसंग में सफलता न मिलने से मन दुखी होगा। माता के स्वास्थ्य में कमी आएगी। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* कम समय में कार्य को पूरा करेंगे, किसी बड़े अधिकारी से सम्बन्ध बनेगा। धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* किसी अजनबी से संबंध मधुर होंगे, जो भविष्य में लाभदायक होंगे, जीवनसाथी के स्वास्थ में सुधार होगा। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* कामकाज के चलते सेहत को नजरअंदाज न करें। जीवन शैली में परिवर्तन होगा, नौकरी में बदलाव के योग हैं। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* आप की मेहनत रंग लाएगी, कारोबार में सफलता मिलेगी, दोस्तों से सहयोग मिलेगा, आर्थिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* आज का दिन शुभ है, लंबे समय से आप के जीवन में जो स्थिरता थी, आज परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* दूसरों को नीचा दिखाने से बचें, स्वयं को बदलने की आवश्यकता है। धार्मिक यात्रा में शामिल होंगे। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* नए दोस्त बनेंगे। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी, नए वस्त्र उपहार की प्राप्ति सम्भव है। वैवाहिक चर्चाएं सफल होंगी। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र
ज्योतिर्विद व वास्तुविद: पंडित मुकेश भारद्वाज

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | बसंत |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास : | रमजान-05 | मास: | फाल्गुन |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | उत्तरायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन
गुरुवार, 06 मार्च, 2025
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज दिन में शुभ का चौघड़िया सूर्योदय से 8.20 तक रहेगा। चर, लाभ, अमृत के चौघड़िए क्रमश: 11.13 से 3.31 तक रहेंगे। पुन: शुभ का चौघड़िया 4.57 से सूर्यास्त तक रहेगा। इन चौघड़ियों में शुभ कार्यारम्भ किए जा सकते हैं।

**शुभ तिथि:** भद्रा संज्ञक सप्तमी तिथि दिन 10.51 तक, तदुपरान्त जया संज्ञक अष्टमी तिथि रहेगी। भद्रा संज्ञक तिथि में शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। कोर्ट कचहरी, चुनाव, शल्य क्रिया, व्रत, पूजा, दान पुण्य आदि कार्य के लिए शुभ रहती है। जया संज्ञक तिथि में विद्याध्ययन, गायन, वादन, नृत्य आदि कलात्मक कार्यों के लिए शुभ रहती है। सप्तमी अष्टमी माध्यम फलदायी होती है।

**नक्षत्र:** रोहिणी नक्षत्र रात्रि 12.05 तक, तदुपरान्त मृगशिरा नक्षत्र है। रोहिणी "ध्रुव" संज्ञक नक्षत्र है। इस नक्षत्र के स्वामी ब्रह्मा हैं। बच्चे का नामकरण, विद्या प्रारंभ, प्रतियोगिता, चित्रकारी, विलासिता वस्तु क्रय, सभी शुभ व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ है।

**योग:** विष्कुम्भ योग रात्रि 8.28 तक, तदुपरान्त प्रीति नामक योग रहेगा। विष्कुम्भ योग के स्वामी "यम" हैं। इस योग में शुभ व मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। संपत्ति विवाद, न्यायालयिक, साहसिक व शत्रु पर विजय के लिए प्रयासों के लिए उचित है।

**विशिष्ट योग:** अभिजित मुहूर्त 12.14 से 1.01 तक रहेगा। भद्रा दिन 10.51 से रात्रि 10.01 तक, होलाष्टक प्रारम्भ दिन 11.51 पर।

**करण:** वणिज करण दिन 10.51 तक, तदुपरान्त विष्टि करण प्रारम्भ होगा। वणिज चर संज्ञक करण है। व्यापार, विदेश गमन, क्रय विक्रय, व्यापारिक यात्रा, नौकरी के आवेदन आदि के लिए शुभ है। विष्टि चर संज्ञक करण है। शुभ मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। मुकदमा, युद्ध आदि कार्यों के लिए उचित है।

**व्रत/दिवस विशेष:** कामदा सप्तमी, रोहिणी व्रत-जैन।

**चंद्रमा:** चन्द्रमा सम्पूर्ण दिन रात्रि वृष राशि में रहेगा।

**शुभ मुहूर्त:** देव प्रतिष्ठा मुहूर्त प्रात: 6.50 से 8.20 तक, व्यापार मुहूर्त प्रात: 6.50 से 8.15 तक, गृह प्रवेश मुहूर्त प्रात: 6.50 से 8.20 तक हैं।

**दिशा शूल:** आज दक्षिण दिशा में दिशा शूल रहेगा। इसलिए दक्षिण दिशा में यात्रा नहीं करनी चाहिए। यदि दक्षिण दिशा में यात्रा करना आज आवश्यक हो और टालना संभव ना हो तो यात्रा प्रारंभ करने से पहले फलाहार करके यात्रा करें। साथ ही श्री फल यात्रा के दौरान अपने साथ रखें।

**राहुकाल (मध्यमान से):** दिन 1.30 से 3.00 तक। राहु काल में शुभ कार्यों का प्रारंभ नहीं करना चाहिए। यदि कार्य को टाला जाना संभव ना हो तो केले का सेवन करके कार्य प्रारंभ करें। इससे राहुकाल का दुष्प्रभाव कम होगा।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे:** आज जन्मे बच्चों की राशि वृष होगी। सूर्योदय से रात्रि 12.04 तक रोहिणी नक्षत्र रहेगा तदुपरान्त मृगशिरा नक्षत्र होगा। आज जन्मे बच्चों का स्वर्णपाद होगा। श्रेष्ठता की दृष्टि से स्वर्णपाद तीसरे नम्बर पर आता है। आज जन्म लेने वाले बच्चों के प्रथम नामाक्षर वा, वी, वु, वे, वो पर रखे जा सकते हैं। वृष राशि में जन्मे बच्चे सौम्य स्वभाव, दयालु, कृतज्ञ, गुरु भक्त, आकर्षक, ऐश्वर्य युक्त, आभूषण आदि अलंकरण प्रिय होते हैं। इनमें सक्रियता कम दिखाई देती है।

शर्मनाक : रेप के कुछ दिन बाद अपराध की समझाइश से नाराज था आरोपी, गुस्से में नाबालिग पीड़िता का ही गला रेत दिया

# बलात्कार और हत्या के आरोपी को आजीवन कैद

**प्रदेश में अलग-अलग जिला अदालतों ने दो पृथक मामलों में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पहले मामले में एक रेप आरोपी की समझाइश पीड़िता को भारी पड़ी। इसमें आरोपी ने समझाइश से नाराज होकर पीड़िता का गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं, दूसरे मामले में तकादा का काम करने वाले युवक की चार लोगों ने हत्या कर दी। अदालत ने दोनों ही मामलों को गंभीर माना और आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बहराइच/सोनभद्र.** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले की एक अदालत ने किशोरी की हत्या के आरोप में आरोपी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

फखरपुर क्षेत्र के टेड़वा गांव में 25 फरवरी 2018 को मृतक बालिका के चाचा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। चाचा ने बताया कि वह खेत में काम कर रहा था तभी उसे सूचना मिली कि उसके भाई की नाबालिग बेटी को आरोपी दुखीराम कश्यप ने गला काटकर हत्या कर दी है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि आरोपी ने कुछ दिन पूर्व बालिका के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसे समझाया गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया।

विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने दलीलों के साथ ही बचाव पक्ष की दलीलें भी सुनीं। आरोप सिद्ध होने पर, दुखीराम कश्यप को आजीवन कारावास तथा एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अदालत ने यह भी कहा कि यदि आरोपी समय पर अर्थदंड का भुगतान नहीं करता है, तो उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अदालत के फैसले की इलाके में सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा रही। लोगों ने खूब शेयर किया।



## तकादा करने गए युवक की हत्या, चार को उम्रकैद

**सोनभद्र @ पत्रिका.** उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले की एक अदालत ने हत्या के 15 साल पुराने एक मामले में चार लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। करीब 15 वर्ष पूर्व हुए दीपक जायसवाल हत्याकांड के मामले में अदालत ने संतोष कुमार, राकेश कुमार उर्फ आजाद, जैनेन्द्र प्रजापति उर्फ पप्पू व रतन पासवान को उम्रकैद व 27-27 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मृतक दीपक जायसवाल तकादा का काम करता था। एक बार वह डाला बाजार में तकादा के लिए गया तो फिर जिंदा नहीं मिला। उसका लावारिस पड़ा शव ही मिला। पुलिस अनुसंधान में चार आरोपी सामने आए।

## नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा : शिवपाल



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही हैं। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें हैं। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है।

उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जान बूझकर इसे मुद्दा बना रही है। यह संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया कि विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात।

औरंगजेब की तारीफ करने वाले अबु आजमी पर भड़के सीएम योगी

# 'औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायकों का यूपी में करेंगे उपचार'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हे उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए ताकि उनका उपचार हो सके। विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता।

मुख्यमंत्री ने विधान परिषद में महाकुंभ के आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। योगी ने कहा कि 2019 से पहले काशी में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित थी, लेकिन काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद काशी ने नया रूप लिया। 13 जनवरी से 27-28 फरवरी तक काशी पूरी तरह पैक रही। रोजाना 5 से 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे, मां गंगा में स्नान किया और काशी के वैभव से अभिभूत हुए। उन्होंने काशीवासियों के आतिथ्य सत्कार और धैर्य को भी सराहा। अयोध्या में भी यही स्थिति रही, जहां प्रतिदिन 5 से 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने कहा कि अयोध्या के नागरिकों और संतों ने अपनी सुविधाओं की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया।



### मुख्यमंत्री ने सपा को चुनौती दी

उन्होंने सपा से सवाल किया कि वह महाकुंभ जैसे आयोजन की आलोचना करती है और दूसरी ओर औरंगजेब जैसे 'दुर्दांत-धर्मांध' शासक का महिमामंडन करती है। योगी ने सपा को चुनौती दी कि वह अपने विधायक (अबू आजमी) को पार्टी से निकाले और उसे यूपी भेजे, यहां उसका 'उपचार' किया जाएगा। उन्होंने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है।

### सिद्धांतों से भटक गई है सपा

**महाराष्ट्र** के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था।

### शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी

उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू हैं जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं।

## सहारनपुर में सिंधली नदी होगी पुनर्जीवित, खुदाई कार्य शुरू



**नदियों को जीवित करने के लिए उनके जीर्णोद्धार की दिशा में कार्य कर रही डबल इंजन की सरकार**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सहारनपुर.** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में तहसील नकुड में यमुना की वर्षा आधारित सहायक नदी सिंधली या खोखरी नदी के पुनरुद्धार का कार्य शुरु हुआ है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बुधवार को बताया कि जिले में नदियों को जीवित करने के लिए उनके जीर्णोद्धार की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील नकुड़ क्षेत्रांतर्गत सिंधली नदी का चिन्हांकन कार्य किया गया। सिंधली नदी तहसील नकुड़ ग्राम बिशनपुर से शुरु होकर लगभग 22 गांव से होकर गुजरती है जिसकी लंबाई लगभग 21 किमी है। ग्राम बसी तहसील नकुड़ से होते हुए जिला शामली की सीमा में चली जाती है।

बंसल ने बताया कि सिंधली नदी ग्राम बसी से होते हुए जनपद शामली के ग्राम चौसाना की सीमा तक जाती है। आंशिक रूप से कुछ ग्रामों बिशनपुर, सनौली, हुसैनपुर, लखनौती, अह जदीद, शकरपुर साकरौर मु, शकरपुर साकरौर अह., जानपुर व खालिदपुर के खसरा नम्बरों में नदी खाला के रूप में अंकित नहीं है। जिससे नदी के खसरा नम्बरों का मिलान आपस में नहीं होने के कारण नदी विलुप्त है। राजस्व अभिलेखों के अनुसार उक्त नदी के 1359 फसली के खसरा नम्बरों से वर्तमान में बने नए खसरा नम्बरों का विवरण दर्ज है। जिसमें वर्तमान खसरा नम्बरों में खाला, नदी, बंजर, चकमार्ग, गोहर व सं भूमिधर आदि के रूप में दर्ज पाई गई है। ग्रामों सराजपुर सैय्यद एवं हलवाना के राजस्व अभिलेखों में नदी दर्ज नहीं है।

## नेपाल सीमा पर चार करोड़ की चरस पकड़ी, एक तस्कर गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बहराइच.** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बुधवार को एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नौ किलो 900 ग्राम चरस बरामद की। बरामद चरस की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग चार करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार एसएसबी को सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति बड़ी मात्रा में चरस लेकर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। थाना प्रभारी दद्दन सिंह और एसएसबी ने निगरानी की तो एक संदिग्ध दिखा। तलाशी ली तो उसके कपड़ों से चरस मिली। तस्कर की पहचान नेपाल के रोल्पा जिले के गोरे घरति के रूप में हुई है।

## जीप पलटने से 4 मरे, 6 घायल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चित्रकूट.** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के कर्वी क्षेत्र में जीप पलटने से चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि सुबह करीब 20 श्रमिक पिकअप पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे कि भागा पुल पर विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात भारी वाहन से पिकअप की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप पर सवार लोग नीचे गिर गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

हादसे में घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां मध्यप्रदेश के छतरपुर निवासी कुसुम, केसर, मन्नू और सपना को मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल मुन्नी, वंदना, सपना, शकुंतला, कुसुम, श्री केशन, भोले, केसर, वर्षा और कार्तिक की हालत स्थिर बनी हुई है। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## मायावती ने भाई आनंद को किया राष्ट्रीय समन्वयक के पद से मुक्त, रणधीर बेनीवाल को दी जिम्मेदारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**लखनऊ.** मायावती ने भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कार्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार ने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। अब उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को यह नई ज़िम्मेदारी दी गई है।

निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में गोमती नगर थाने में दो एफआइआर दर्ज

# अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ योगी सरकार ने कसा शिकंजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रापर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है। लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंसल इन्फ्रास्ट्रक्चर के मूल अनुमोदित क्षेत्रफल 1765 एकड़ से बढ़ाकर 3530 एकड़ प्रथम विस्तार के लिए स्वीकृति 30 जून 2010 को दी गई थी।

### आज तक स्वीकृत नहीं हुआ लेआउट

इसकी डीपीआर 18.05.2010 को स्वीकृत की गई थी जबकि 13 दिसंबर 2013 को अंसल प्रॉपर्टीज 2935 एकड़ द्वितीय विस्तार के लिए स्वीकृति को दी गई थी। शासन की नीति अनुसार विकासकर्ता द्वारा बिजली घर, एसटीपी, ट्यूबवेल/पानी की टंकी की भूमि न खरीदने एवं मूल अनुमोदित योजना के अतिरिक्त नवीन सम्मिलित की गई भूमि के स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेआउट आज तक स्वीकृत नहीं हुआ है।



### 10 साल से ज्यादा समय से फंसे है पैसे

गौरतलब है कि अंसल समूह को एनसीएलटी द्वारा दिवालिया घोषित होने से बायर्स को अपने भविष्य की चिंता सता रही है। लखनऊ में कई लोगों के पैसे एक दशक से ज्यादा समय से अंसल ग्रुप में फंसे हुए हैं। अंसल समूह के खिलाफ प्रदर्शन और हंगामे के बाद मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सरकार धोखाधड़ी के शिकार लोगों की मदद करेगी और धोखाधड़ी करने वालों को सजा दिलाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष पर लगाए आरोप

# विधानसभा स्पीकर की मनमानी के कारण सदन से किया वॉकआउट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड भाजपा के विधायकों ने बजट पर चल रहे वाद विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती हैं, आसन के द्वारा ज्यादा समय दिए जाते हैं।

वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने के लिए खड़े होते हैं तो बार बार टोका टोकी की जाती हैं। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका।

मरांडी ने कहा कि दुर्भाग्य जनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर महोदय से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है। सत्ता पक्ष के इशारे पर विपक्ष की बातों को दबाने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा के विधायकों ने आज इस मुद्दे पर विरोध दर्ज करते हुए सदन से वॉकआउट किया।

### कांग्रेस विधायक समाधान नहीं चाहते



**मरांडी** ने कहा कि आज जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठकर झामुमो खेल रहा है,खा रहा है, ये सब उसी कांग्रेस पार्टी की देन है। राज्य में चाहे सीसीएल, बीसीसीएल,एचईसी के विस्थापितों की समस्या हो इसके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी ने 60वर्षों के शासन में कोई चिंता नहीं की। आज मोदी सरकार राज्य की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है लेकिन कांग्रेस झामुमो को समाधान की चिंता नहीं। इन्हें राज्य को लूटने का केवल अवसर चाहिए।

### कोयले की अवैध ढुलाई को पुलिस संरक्षण प्राप्त

**झामुमो** द्वारा खनिजों की नाकेबंदी की घोषणा के सवाल पर मरांडी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है। ये सब अवैध ढुलाई का दिखावा है। प्रतिदिन धनबाद, बोकारो से 400-500 ट्रक कोयले की अवैध ढुलाई हो रही। जिसे राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त है। केंद्र सरकार पर बकाए की बात पर कहा कि बार बार ब्रेकअप मांगने के बाद भी झामुमो यह नहीं बताता कि कब का कितना बकाया है।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत, दो झुलसे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य झुलसे गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि कालुपुर गांव में सुबहान साई अपने घर में काम करने के दौरान 11,000 वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आ गए। जिन्हें बचाने पहुंची उनकी पत्नी आसमा खातून और इब्राहिम साई की पत्नी हमीदा खातून को भी करंट लग गया।

पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर परिजन तीनों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक चिकित्सा के दौरान चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुबहान साई की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लगाए जा रहे 32 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार सरकार ने विधानसभा में घोषणा की है कि गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए 32 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए जा रहे हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले की बैठक के दौरान विधायक मुकेश कुमार यादव के अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में आधिकारिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए स्वीकार किया कि शहरों से निकलने वाले अनुपचारित गंदे पानी के कारण गंगा और उसकी सहायक नदियों में बैक्टीरिया की मात्रा मानक स्तर से अधिक है, जिससे जल स्नान योग्य नहीं रह गया है।

कुमार ने हालांकि यह भी बताया कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा के 34 स्थानों पर घुलनशील ऑक्सीजन और जैव रासायनिक ऑक्सीजन की मांग मानकों के अनुरूप पाई गई है। मंत्री ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी के किनारे अपशिष्ट जल के उपचार के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जा रहे हैं। उन्होंने गंगा नदी में औद्योगिक अपशिष्ट के प्रवाह की संभावना से इनकार किया और बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच करता है। उनके अनुसार, वर्ष 2020 से 2024 के बीच जल की गुणवत्ता में क्रमिक सुधार हुआ है।

# युवाओं को दी सरकारी नौकरी की सौगात

### 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 49 प्रशिक्षण अधिकारियों (ट्रेनिंग ऑफिसर्स) को नियुक्ति पत्र सौंपा।

यह नियुक्ति श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत की गई। पिछले वर्ष सितंबर माह में भी 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। इस मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय यादव भी उपस्थित रहे। समारोह में भारी भीड़ रही।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक समारोह में 49 प्रशिक्षण अधिकारियों (ट्रेनिंग ऑफिसर्स) को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### हुनरमंद रोजगार के लिए नहीं भटकता : हेमंत सोरेन

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी सरकार के अंग के रूप में चयनित हुए हैं। आईटीआई के छात्र मुझसे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिलते रहते थे। उनके लिए अक्सर शिक्षक और ट्रेनर का आभाव देखने को मिलता था। उसी कड़ी में आप सभी का चयन हुआ है ताकि आप बच्चों को बेहतर शिक्षा और हुनर प्रशिक्षण दें। पूरी दुनिया में आज हुनर का मोल है। अगर आप हुनरमंद हैं तो आपको कहीं भी रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तकनीकी रूप से दक्ष लोगों को कोई भी संस्थान और उद्योग लेना चाहता है। आप सभी नवचयनित लोगों की जिम्मेदारी होगी कि युवाओं को आप बेहतर प्रशिक्षण दें, ताकि उन्हें अच्छा रोजगार मिल सके।

## राजग नहीं बनाएगा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री : पीके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेतिया.** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने दावा किया कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि राजग जीत गया तो वह नीतीश कुमार को सीएम नहीं बनाएगा।

किशोर ने पत्रकारों से कहा कि पीएम मोदी बिहार आने पर नीतीश कुमार को बिहार का लाडला सीएम बता रहे थे। मैं उनसे अपील करता हूं कि अगली बार बिहार आएं तो यह घोषणा करें कि यही लाडले व्यक्ति अगले पांच वर्ष भी सीएम रहेंगे।

यह घोषणा करने पर भाजपा को चम्पारण में एक-एक सीट पर हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपाई नीतीश कुमार को खाली मुखौटा बना कर वोट लेना चाहते हैं। चुनाव जीतने के बाद इस बार उन्हें हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाएंगे।

## आइईडी विस्फोट से सीआरपीएफ के तीन जवान घायल, एयरलिफ्ट



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को हुए आइईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कम से कम तीन जवान घायल हो गए। पुलिस ने ये जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल जवानों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया।

कोल्हान के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज रतन चोथे ने बताया कि यह घटना मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल के बलिवा इलाके में उस समय हुई जब सीआरपीएफ की 197वीं बटालियन के जवान तलाशी अभियान के लिए वहां गए थे। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया और तीन जवान घायल हो गए, जिन्हें हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर

patrika.com

राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# जीवनशैली में बदलाव से होगा मोटापे से मुकाबला

खान-पान के विकल्पों में बदलाव और विलासितापूर्ण जीवनशैली के हजार खतरे हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित ताजा रिपोर्ट चौंकाने वाली है जिसमें कहा गया है कि सेहत को लेकर चिंता नहीं की गई तो 25 साल बाद देश के 45 करोड़ युवा ओवरवेट होंगे। जाहिर है दुनिया में जिस तरह से मोटापे की समस्या बढ़ रही है उससे भारत भी अछूता नहीं है। पहले से ही हमारे यहां हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है। विशेषज्ञ इन बीमारियों और मोटापे के बीच संबंधों का खुलासा पहले ही कर चुके हैं, ऐसे में समय रहते नहीं चेते तो हालात और भयावह हो सकते हैं।

चिंता इस बात की भी है कि लंबे समय से शहरी समस्या ही माना जाने वाला मोटापा हाल के वर्षों में ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। चिकित्सक लगातार कहते रहे हैं कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए हमें कैलोरी पर युद्ध की जरूरत है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि मोटापे और वजन की समस्या इसी तरह बढ़ती रही तो वर्ष 2050 तक दुनियाभर में 25 साल से ज्यादा उम्र के 380 करोड़ लोग मोटापे का शिकार होंगे। यह संख्या उस समय दुनिया में युवाओं की अनुमानित आबादी के आधे से ज्यादा होगी। मोटापे की समस्या जिस तरह से दूसरी बीमारियों को न्योता दे रही है, उसे देखते हुए अब राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक योजना बनाने की जरूरत है। बच्चों को ही आहार संबंधी आदतों को बदलने के लिए कह दिया जाए तो आगे जाकर उनकी जीवनशैली में बड़ा बदलाव संभव है। हमारे पारंपरिक भोजन में डेयरी उत्पाद, नमक, परिष्कृत तेल और चीनी की मात्रा कम थी, लेकिन अब हम ऐसे आहार की ओर बढ़ गए हैं जो ऊर्जा तो देते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी है। चीनी का अतिरिक्त सेवन भी मोटापे को बढ़ाने में कम जिम्मेदार नहीं है। सोडा, कॉफी और चाय जैसे पेय पदार्थों के कारण हमारे शरीर में चीनी की अतिरिक्त मात्रा पहुंच रही है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड और ड्रिंक्स भी मोटापे के बड़ा कारण बने हैं।

मोटे तौर पर हानिकारक पैक्ड भोजन पर अधिक कर लगाकर, पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने व उपभोक्ताओं के मार्गदर्शन के लिए फूड पैकिंग पर पोषण लेबलिंग जैसे उपायों को सख्ती से लागू करना चाहिए। स्कूलों में पोषण शिक्षा कार्यक्रम लागू करने से भी मोटापे की समस्या का एक हद तक मुकाबला किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह भी है कि शारीरिक गतिविधियों जिनमें खेल-कूद, व्यायाम, योग आदि शामिल हैं, को भी बढ़ावा देना होगा, जिससे व्यक्ति खुद को सेहतमंद रखने की चिंता कर सके।

**बदलाव :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) संचालित क्रांति आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रही है

# तकनीक एवं नवाचार अब लैब तक सीमित नहीं



**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री
@patrika.com

भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआइ मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी।

महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के साथ कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। यह बात अपने-आप में अद्वितीय है। हम उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, जल संसाधन के बेहतर इस्तेमाल से अधिक उपज के बारे में बात करते हैं, जो एआइ समर्थित हैं। यह भारत की एआइ-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है। तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है।

**डिजिटल नियति का निर्धारण :** भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआइ), एआइ, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और जल्द ही हम एक प्रमुख मील के पत्थर यानी इस साल भारत की पहली 'मेक इन इंडिया' चिप के लॉन्च तक पहुंच जाएंगे।

**एआइ का निर्माण- कंप्यूट, डेटा और इनोवेशन:** सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इसकी रीढ़ हैं, जबकि डीपीआइ भारत की तकनीकी क्रांति को आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत अपने तरह की एक एआइ संरचना के माध्यम से इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर एआइ का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कॉमन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपए प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध, यह पहल सुनिश्चित करेगी कि अत्याधुनिक अनुसंधानकर्ताओं, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के लिए सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआइ आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक आसान पहुंच को सक्षम करेगी। भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआइ मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे एआइ सिस्टम अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगे। ये डेटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआइ संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे। सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है, जिसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआइ समाधान शामिल हैं। एआइ से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

**डिजिटल नवाचार की रूपरेखा :** डीपीआइ में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कॉर्पोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के विपरीत, भारत का सरल सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआइ और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफॉर्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र के दिग्गज डीपीआइ के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं। जापान ने भारत की यूपीआइ भुगतान प्रणाली को पेटेंट प्रदान किया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है।

**महाकुंभ, परंपरा और तकनीक का संगम :** भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआइ और एआइ संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया, जो अब तक का सबसे बड़ा मानव समागम है। एआइ संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया। डीपीआइ का लाभ उठाकर, महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए एक वैश्विक मानदंड स्थापित किया है, जो इसे अधिक समावेशी, कुशल और सुरक्षित बनाता है।

**भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण :** भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक आरएंडआइ और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, एआइ, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है।

**व्यावहारिक दृष्टिकोण:** भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। एक व्यावहारिक, तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण का पालन कर रहा है। एआइ से संबंधित जोखिमों को दूर करने के लिए केवल कानून पर निर्भर रहने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा से जुड़े उपायों में निवेश कर रही है। इसलिए, भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है। इसके तहत समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और साथ ही नवाचार को बढ़ावा देने वाली नियामक संरचना को बनाए रखना होगा, लेकिन नीतियों और इंफ्रास्ट्रक्चर से परे, यह परिवर्तन हमारे लोगों के बारे में है।

## फैक्ट फ्रंट

### गोलिएथ बीटल



अफ्रीका के घने उष्णकटिबंधीय जंगलों में पाया जाने वाला गोलिएथ बीटल दुनिया का सबसे भारी कीट है। इसका वजन लगभग 100 ग्राम तक होता है और यह 11.5 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है। इसका रंग भूरा, काला और सफेद होता है, जिससे यह जंगल की हरियाली में आसानी से छिप जाता है। अपनी ताकत और विशाल आकार के कारण यह कीट विज्ञान जगत में बेहद खास माना जाता है। गोलिएथ बीटल मुख्य रूप से फलों, पेड़ की छाल और रस पर निर्भर करता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह अपने वजन से कई गुना अधिक भार उठा सकता है। इसके लार्वा भी काफी भारी होते हैं। जंगलों में यह जैव विविधता बनाए रखने में मदद करता है और पारिस्थितिकी तंत्र का अहम हिस्सा है।

## प्रसंगवश

# सुविधाओं के मामले में सरकारी स्कूलों की अनदेखी क्यों?

### यह सोचना ही होगा कि स्वच्छ पानी ही नहीं मिले तो बच्चों की सेहत पर कैसा असर पड़ता होगा?

एक तरफ हर बार शिक्षा सत्र की शुरुआत पर सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए जोर-शोर से प्रयास किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर इन स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी लगातार जारी है। राजस्थान में इन स्कूलों की बदहाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भवन, शौचालय और पानी-बिजली की सुविधा सिर्फ कागजों में ही नजर आती है। शहरी स्कूलों की स्थिति तो भले ही अपेक्षाकृत ठीक नजर आती हो लेकिन अपवादों को छोड़कर, ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल तो सुविधाओं को मोहताज ही रहते आए हैं। सुविधाओं के अभाव से बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि अभी तक प्रदेश में महज 61 फीसदी स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्रों में ही नल से जल पहुंचाने का बंदोबस्त हो पाया है। भले ही अन्य राज्यों में यह स्थिति कुछ हद तक ठीक हो, लेकिन राजस्थान देश के कुल औसत से 28 फीसदी पीछे है। प्रदेश में 53 हजार स्कूलों के शौचालय में ही नल से जल पहुंच रहा है। इसी तरह से 76,193 स्कूलों में ही हाथ धोने के लिए नल है। कुछ ऐसी ही स्थिति अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी है।

दरअसल, सार्वजनिक मंचों से जब हमारे नेता बच्चों को देश के भावी कर्णधार बताते हैं तो अच्छा लगता है। लेकिन इन्हीं कर्णधारों को सुविधाओं को लेकर जूझना पड़े तो जिम्मेदार उसकी परवाह तक नहीं करते। यह सोचना ही होगा कि स्वच्छ पानी ही नहीं मिले तो बच्चों की सेहत पर कैसा असर पड़ता होगा? शौचालय तक साफ नहीं हों तो संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है। सरकार को स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करना चाहिए। खासतौर पर पेयजल और शौचालयों का बंदोबस्त प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। संस्था प्रधानों को भी चाहिए कि वे इन सुविधाओं के लिए स्थानीय स्तर पर भी जनसहयोग जुटाने का काम करें। भामाशाहों की मदद से कई सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हुआ है इसमें दो राय नहीं। लेकिन भामाशाहों के बनाए स्कूल भवन भी जब देखरेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण होने लगें तो फिर दोष किसको दें? सरकारी स्कूल सुविधायुक्त होंगे तो नामांकन स्वतः ही बढ़ने लगेगा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

- अभिषेक श्रीवास्तव
abhishek.srivastava@in.patrika.com

**पंचायती राज :** संशय दूर करने व सरकारी तंत्र को सहयोग करने की जरूरत

# आरक्षण के बावजूद महिलाओं की भागीदारी क्यों नहीं हो पा रही?



**ऋतु सारस्वत**
समाजशास्त्री और स्तम्भकार
@patrika.com


पंचायतों में निर्वाचन के बाद भी महिला प्रतिनिधियों को हाशिए पर धकेलकर छद्म रूप से नेतृत्व कर रहे प्रधान पति या सरपंच पतियों पर केंद्र सरकार ने नकेल कसने की ठान ली है। 4 मार्च को आरंभ हुए दो दिवसीय कार्यक्रम में 'सशक्त पंचायत नेत्री' अभियान की औपचारिक घोषणा हुई। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की अनुपालन में पंचायती राज मंत्रालय ने जो समिति बनाई थी उसने हाल ही रिपोर्ट सौंपी है। यह अध्ययन केरल सरकार के गरीबी उन्मूलन एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम कुदुम्बश्री तथा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी एंड पीआर) द्वारा बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड और कर्नाटक सहित 18 राज्यों में किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक महिला पंचायत प्रतिनिधियों के कामकाज में उनके पति या पुरुष रिश्तेदार हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण आरक्षण के बावजूद भी महिलाओं की लोकतंत्र में वास्तविक भागीदारी नहीं हो पा रही है। रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई है कि इन महिलाओं में नेतृत्व कौशल को मजबूत करना होगा, साथ ही उनके संशय को दूर करते हुए सरकारी तंत्र को उनके सहयोग में लगना होगा। यह निर्विवाद है कि विश्व के किसी भी हिस्से में राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की यात्रा कभी भी सहज नहीं रही है, चाहे वह राजनीति का प्रथम पायदान हो या फिर उच्चतम स्तर। यदि महिला राजनेता को उसके कार्यों से नहीं अपितु उसके 'स्त्री' होने से आंका जाता है तो यह लैंगिक पूर्वाग्रह उसके लिए राजनीति में अपनी पहचान बनाने की सबसे बड़ी बाधा है। निश्चित ही आज भी यह विचारधारा अपनी जड़ें बड़ी ही गहराई से जमाए हुए है कि महिलाओं के लिए राजनीति का क्षेत्र दूर की कौड़ी है। अमूमन नेतृत्व पदों को पुरुषों का क्षेत्राधिकार मानने वाली सोच सिर्फ पुरुषों तक सीमित नहीं है यह सोच स्त्रियों में भी व्याप्त है। 'आंतरिक स्त्री द्वेष' जिसे अंग्रेजी भाषा में 'इंटरनलाइज्ड मिसोजिनी' कहा जाता है, वह भाव है जहां महिलाएं स्वयं के बारे में नकारात्मक सोचती हैं और स्वयं को ही नहीं अपितु दूसरी महिलाओं को भी पुरुषों की अपेक्षाकृत कमतर आंकती हैं। यही कारण है कि बिना आरक्षण के भारत ही नहीं, विश्व के किसी भी देश में महिलाओं के लिए सत्ता पर काबिज होना मुश्किल भरा कार्य है।

बात जहां तक पंचायत में महिलाओं की सत्ता की है तो उनके लिए अनेक चुनौतियां मुंह बाए खड़ी रहती हैं। हरियाणा में हुए एक अध्ययन के मुताबिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते समय कई सामाजिक सांस्कृतिक अवरोधों से जूझना पड़ता है। 'वाट विमेन नीड टू सक्सीड इन पंचायत इलेक्शन' 2023 में इंडियन डवलपमेंट रिव्यू का शोध बतलाता है कि लैंगिक आधार पर भेदभाव के चलते अधिकतर निर्वाचित महिला प्रतिनिधि स्वयं को अलग-अलग महसूस करती हैं।

पंचायत सेक्रेट्री और दूसरे महत्त्वपूर्ण पदों जो कि प्रशासनिक कार्यों से जुड़े हुए होते हैं, उन पर अधिकांशतः पुरुष प्रतिनिधि एवं अधिकारी काबिज होते हैं जिसके चलते बिना किसी राजनीतिक अनुभव के पहली बार चुनाव जीतने वाली ज्यादातर निर्वाचित महिला प्रतिनिधि अधिकारियों से तारतम्य स्थापित नहीं कर पातीं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी क्षेत्र में अनुभव की कमी व्यक्ति के आत्मविश्वास का हनन करती है और जब बात राजनीति जैसे क्षेत्र की हो तो वहां सत्ता लोलुप व्यक्तियों को अनुभव विहीन व्यक्ति के कार्य क्षेत्र में घुसपैठ करने का सहजता से मौका मिल जाता है। जितना आवश्यक महिलाओं का नेतृत्व पदों पर आसीन होना है, उतना ही जरूरी उनका उस क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित होना भी है। हमें यह समझना होगा कि शासन से जुड़े ढांचे में महिलाओं की मौजूदगी नीति निर्धारण के लिए बेहद अहम है।

**रहस्यमयी अजूबा :** सात विशाल योद्धा चट्टानें



**रूस** के कोमी गणराज्य में स्थित मैनपुपुनेर रॉक संरचनाएं प्रकृति का एक अद्भुत चमत्कार हैं। इन्हें 'सात विशाल योद्धा चट्टानें' भी कहा जाता है। ये सात रहस्यमयी पत्थर के स्तंभ 42 मीटर तक ऊंचे हैं और हजारों वर्षों से खड़े हैं। स्थानीय कथाओं के अनुसार, ये दुष्ट दिग्गजों के शापित अवशेष हैं। इनकी अनोखी आकृति और अपार सुंदरता यात्रियों को आकर्षित करती है। दूरस्थ स्थान होने के बावजूद, यह रूस के सबसे रहस्यमयी अजूबों में से एक है। यहां पहुंचना कठिन है, लेकिन जो भी इस स्थान तक पहुंचता है, वह इसकी रहस्यमयी सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है।

## आपकी बात

### पर्यावरण स्थिरता रखें केंद्र में

स्मार्ट सिटी बनाने के क्रम में पर्यावरण स्थिरता को कुछ हद तक ही ध्यान में रखा जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है। यदि ऐसा ही रहा तो आगामी प्रभाव अनियमित रूप से जलवायु परिवर्तन द्वारा परिलक्षित होगा। पर्यावरण स्थिरता को केंद्र में रखकर स्मार्ट सिटी का कार्यान्वयन करना चाहिए। **-आयुषी तिवारी,** सारंगढ़ (छत्तीसगढ़)

patrika.com पर पढ़ें

### पाठकों की अन्य प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'क्या स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दी जा रही है?' ऑनलाइन भी देखें।
इसे स्कैन करें
shorturl.at/q2xKy

**आज का सवाल**


**शहरीकरण की समस्या लगातार बढ़ रही है। इसके क्या समाधान हो सकते हैं?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**मानवीय दृष्टिकोण :** आम आदमी की पहुंच से बाहर महंगा इलाज, डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मामले

# वो दिन नहीं भूल सकता, जब डॉक्टर ने बताया कि मुझे कैंसर है...

**मुनीष भाटिया**



*भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, हर साल कैंसर के 13 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और भविष्य में इसके बढ़ने की आशंका है*


जब डॉक्टर ने बताया कि मुझे कैंसर है, तो मानो मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई... वो दिन नहीं भूल सकता। मैं हमेशा से अपने परिवार का सहारा रहा हूं। घर की सारी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर थी, लेकिन उस दिन पहली बार मुझे लगा कि अब मैं शायद खुद अपने ही लिए बोझ बन जाऊंगा। कैंसर का इलाज सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ने वाला होता है। पहली कीमोथेरेपी के बाद जब बाल झड़ने लगे और कमजोरी ने जकड़ लिया, तब एहसास हुआ कि यह लड़ाई कितनी कठिन होने वाली है। लेकिन इससे भी बड़ा डर था- मेरे परिवार का भविष्य। इलाज की लागत इतनी अधिक कि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं अपनी बीमारी से लड़ूं या परिवार की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए काम करूं। मैंने इलाज के लिए कई अस्पतालों के चक्कर काटे। सरकारी अस्पतालों में लंबी कतारें और इलाज में होने वाली देरी ने मुझे निराश कर दिया। निजी अस्पतालों में इलाज संभव तो था, लेकिन खर्च इतना अधिक था कि मेरी बचत भी कम पड़ने लगी। कर्ज के रूप में बोझ बढ़ता गया। कई बार ख्याल आया कि अगर मैंने इलाज छोड़ दिया, तो शायद परिवार को आर्थिक रूप से सुरक्षित रख पाऊंगा। लेकिन फिर मेरे बच्चों के चेहरे याद आते, जिनके लिए मैं जीना चाहता था। मैंने अपनी तकलीफों को छुपाकर हिम्मत दिखाई, लेकिन अंदर ही अंदर टूटा जा रहा था। मुझे एहसास होता है कि सिर्फ बीमारी से लड़ना ही नहीं, बल्कि समाज की सोच और आर्थिक कठिनाइयों से भी जूझना पड़ता है। अगर सरकार कैंसर के इलाज को सस्ता और अधिक सुलभ बना दे, तो शायद न जाने कितने लोग समय पर सही इलाज पा सकें और जिंदगी की ओर वापसी कर सकें। मेरी फोर्थ स्टेज की लड़ाई या हर उस इंसान की लड़ाई जो इस बीमारी का शिकार होता है, आसान नहीं है।

भारत में कैंसर का प्रभाव न केवल शारीरिक और मानसिक स्तर पर बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी गहरा पड़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे यह देश के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। 2022 में, भारत में 14 लाख से अधिक नए कैंसर मामले दर्ज किए गए और इस बीमारी के कारण 9 लाख से अधिक मौतें हुईं। महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे आम है, जो लगभग 27% मामलों के लिए जिम्मेदार है, जबकि पुरुषों में होंठ और मौखिक गुहा का कैंसर 15.6% और फेफड़ों का कैंसर 8.5% मामलों में पाया गया। कोलन कैंसर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, जहां अनियमित खान-पान और जंक फूड की अधिकता इसका प्रमुख कारण है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, हर साल कैंसर के 13 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और आने वाले वर्षों में इस संख्या के और बढ़ने की आशंका है। तंबाकू, शराब, प्रदूषण और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली कैंसर के बढ़ते मामलों के प्रमुख कारण हैं। कैंसर के इलाज की उच्च लागत और जागरूकता की कमी के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि बीमारी शुरुआती चरणों में पकड़ में आ जाए, तो इलाज की संभावना बेहतर होती है, लेकिन जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच की कमी के कारण अधिकतर मरीज अंतिम चरण में ही डॉक्टर के पास पहुंचते हैं।

सरकार को चाहिए कि कीमोथेरेपी और इम्यून थेरेपी की दवाइयों को सस्ता किया जाए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग भी इसका लाभ उठा सके। निजी अस्पतालों द्वारा इलाज की मनमानी फीस वसूली पर नियंत्रण किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से जोड़ा जाए, जिससे गंभीर बीमारियों का इलाज बिना आर्थिक बोझ के किया जा सके। कई लोग कहते हैं कि कीमोथेरेपी और सर्जरी से कैंसर फैलता है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। हालांकि मरीजों को केवल योग्य डॉक्टरों और प्रमाणित चिकित्सा पद्धतियों पर भरोसा करना चाहिए और बिना वैज्ञानिक प्रमाण वाली सलाहों से बचना चाहिए, ताकि वे सही समय पर उचित इलाज प्राप्त कर सकें और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें।

प्रस्तावित दौरा

## 30 को बिलासपुर आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी




पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर दौरे प्रस्तावित हैं। तीसरी बार पीएम बनने के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। इस दिन से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही हैं। माना जा रहा है कि इस दौरान पीएम कई केंद्रीय कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन के अलावा कुछ नई सौगातें भी दे सकते हैं। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने विधानसभा कक्ष में बैठक ली। इस बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप और बिलासपुर संभागायुक्त, आईजी और एसपी मौजूद रहे। इस दौरान तखतपुर या बिल्हा के पास पीएम की सभा हो सकती है।

कार्रवाई

## पंच पतियों को शपथ दिलाने वाला सचिव निलंबित

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**कवर्धा.** जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत परसवारा में नवनिर्वाचित पंच प्रतिनिधियों के प्रथम सम्मिलन में महिला पंचों की जगह उनके पतियों को नियम विरुद्ध पंच पद का शपथ दिलाने के मामले में पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा ग्राम पंचायत परसवारा के सचिव प्रणीवर सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

सीएसपीडीसीएल ने दिखाया 4550 करोड़ का घाटा: भरपाई के लिए दिया टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव, होली के बाद जनसुनवाई में फैसला संभव

# बिजली उपभोक्ताओं को इस माह लगेगा झटका, 20 पैसे/प्रति यूनिट बढ़ेंगी दरें

पत्रिका ब्रेकिंग न्यूज

दिनेश कुमार
patrika.com

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को होली के बाद बड़ा झटका लगने जा रहा है। गर्मी शुरू होने के साथ ही वर्तमान में चल रहे टैरिफ रेट में बदलाव होने जा रहा है। इस वर्ष भी उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ने वाला है। इस बार घरेलू समेत सभी कैटेगरी के उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ रेट में बदलाव होगा। उपभोक्ताओं के वर्तमान स्लैब में 15-20 पैसे प्रति यूनिट तक रेट बढ़ने की संभावना है। इस मामले में नियामक आयोग होली के बाद होने वाली जनसुनवाई और समीक्षा के बाद फैसला लेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने नियामक आयोग को 4550 करोड़ का घाटा दिखाया है, जिसकी भरपाई के लिए सभी कैटेगरी के वर्तमान टैरिफ रेट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है। जनवरी-फरवरी में आचार संहिता लगी होने के कारण कोई फैसला नहीं लिया गया है। अब इस माह मार्च में होली के बाद नियामक आयोग के टैरिफ में बदलाव पर फैसला लेने के आसार हैं।

### विद्युत नियामक आयोग के पास भेजा प्रस्ताव



#### आयोग में सदस्यों की भर्ती प्रक्रिया जारी

**आयोग** से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी की ओर से बिजली रेट बढ़ाने के मिले प्रस्ताव की आयोग ने समीक्षा शुरू कर दी है। आयोग में अभी लीगल और टेक्निकल सदस्य नहीं हैं, जिनकी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। सदस्यों की भर्ती होने के बाद बैठक की जाएगी और टैरिफ बढ़ाने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इस माह निर्णय होने के आसार हैं।

| यूनिट | वर्तमान रेट |
|---|---|
| 0-100 | 3.90 रु. प्रति यूनिट |
| 101-200 | 4.10 रु. प्रति यूनिट |
| 201-400 | 5.50 रु. प्रति यूनिट |
| 401-600 | 6.50 रु. प्रति यूनिट |
| 601 से ज्यादा | 8.10 रु. प्रति यूनिट |

#### पिछले साल जून में भी बढ़ा था रेट

*गत वर्ष 2024 भी सीएसपीडीसीएल ने नियामक आयोग को करीब 4500 करोड़ के नुकसान दिखाया था और जून वर्ष 2024 में भी बिजली नियामक आयोग ने 20 पैसे बिजली दर बढ़ाई थी। सीएसपीडीसीएल ने इस वर्ष भी 4550 करोड़ का नुकसान दिखाया है, जिसके कारण अब फिर से 15-20 पैसे वर्तमान टैरिफ रेट में बढ़ोतरी के आसार हैं।*

#### सभी कैटेगरी के स्लैब में बदलाव

**गैर घरेलू उपभोक्ता**

सिंगल फेज

| यूनिट | वर्तमान रेट |
|---|---|
| 0-100 | 6.05 रु./यूनिट |
| 101-400 | 7.05 रुपए/यूनिट |
| 400से ज्यादा | 8.45 रु./यूनिट |

तीन फेज (15किलोवाट तक)

| यूनिट | वर्तमान रेट |
|---|---|
| 0-400 | 7.05रु./यूनिट |
| 401से ज्यादा | 8.45 रुपए/ यूनिट |

सीएसपीडीसीएल ने नुकसान की भरपाई के लिए घरेलू समेत सभी कैटेगरी उपभोक्ताओं के टैरिफ में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। जनसुनवाई और हमारा एनॉलिसिस चल रहा है। उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी को ध्यान में रखकर फैसला लिया जाएगा। **-हेमंत वर्मा,** चेयरमैन, विद्युत नियामक आयोग

#### प्रस्ताव भेजा गया है

नुकसान की भरपाई के लिए वर्तमान टैरिफ में बदलाव का प्रस्ताव आयोग के पास भेजा गया है। इस पर निर्णय नियामक आयोग को लेना है। **-भीम सिंह कंवर,** एमडी, सीएसपीडीसीएल

विधानसभा का बजट सत्र: सर्पदंश से होने वाली मौतों के मुआवजे का मामला

# भाजपा विधायक के आरोप से हंगामा, मौत के मुआवजे में भ्रष्टाचार का खेल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को सर्पदंश से होने वाली मौतों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। सत्ता पक्ष के विधायक सुशांत शुक्ला ने आरोप लगाते हुए खुलासा किया है कि सर्पदंश से होने वाली मौतों के मुआवजे को लेकर भ्रष्टाचार हो रहा है और इसमें रैकेट काम कर रहा है। इसके जवाब में राजस्व मंत्री ने कहा, अभी ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत हैं, तो जांच करा लेंगे।

विधायक शुक्ला ने पिछले तीन साल में सर्पदंश व जहरीले जन्तु के काटने से हुई अकाल मौत की जानकारी मांगी थीं। इसके उत्तर में मिली जानकारी के आधार पर कहा, सर्पलोक कहे जाने वाले जशपुर में 96 लोगों की सर्पदंश से मौत हुई, जबकि बिलासपुर में 431 लोगों की मौत हो जाती है, जो संभव नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुआवजे में करोड़ों की गड़बड़ी हुई है, फर्जीवाड़ा किया गया है। बिलासपुर में ही 17 करोड़ से अधिक का मुआवजा बांटा गया है। उन्होंने इस मामले की जांच सचिव स्तरीय कमेटी से भी कराने की मांग को प्रमुखता से रखा।

### जशपुर में 93 और बिलासपुर में 431 मौत
### बांटा 17 करोड़ से अधिक का मुआवजा




#### पहली बार सामने आई जानकारी

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, पहली बार ये जानकारी में आया है। ऐसा है तो विधायक जानकारी दें, इसकी जांच कराई जाएगी। विधायक शुक्ला ने कहा, पहले जांच हुई है क्या? जबकि पहले भी शिकायत हुई है। राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है। मंत्री ने कहा,मुझे शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई दोनों होगी। इस मामले में सत्ता पक्ष के कई अन्य विधायकों ने भी विधायक शुक्ला का समर्थन किया।

**सर्पदंश से मौत पर मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है।**

कांग्रेस विधायक ने उठाया केज कल्चर का मामला

## सब्सिडी के नाम पर 6 करोड़ की गड़बड़ी, जांच की मांग

**विधानसभा** में कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने केज कल्चर में मिलने वाली सब्सिडी में हुई गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। उनका आरोप था कि पूर्व सहायक संचालक आरके बंजारे ने अपनी पत्नी और परिजनों को सब्सिडी बांटी है। उन्होंने छह करोड़ की गड़बड़ी का आरोप लगाया। इस मामले सत्ता पक्ष के विधायक भी विपक्ष का साथ देते नजर आए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पूरे मामले की नए सिरे से जांच कराने की घोषणा की। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा, लिखित उत्तर में अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अफसर के खिलाफ एफआईआर और राशि की वसूली होनी चाहिए। सीएम की गैर मौजूदगी में जवाब देते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा, एक शिकायत मिली थी। इसमें तत्कालीन सहायक संचालक ने 19.20 लाख की सबसिडी का भुगतान परिजनों के नाम पर ले लिया था। वे अब रिटायर हो चुके हैं। उन्हें 3 मार्च को आरोप पत्र दिया गया है जवाब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

#### आरोप पत्र के लिए रिटायर होने का इंतजार: चंद्राकर

**भाजपा** विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, आरोप पत्र के लिए रिटायर होने का इंतजार किया गया था या रिटायर होने पर आरोप पत्र देकर कार्रवाई ढीली करने की योजना है। मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह शिकायत विधायक कुंवर सिंह निषाद ने जून 24 को की थी। इस पर जांच बिठाई गई। उप संचालक रायपुर ने जांच कर प्रतिवेदन दिया और उस आधार पर आरोप पत्र दिया गया है।

तैनाती: रायपुर नगर निगम की कमान विश्वदीप को

## अभिजीत सिंह दुर्ग और अबिनाश मिश्र धमतरी के कलेक्टर

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** विधानसभा के बजट सत्र के बीच राज्य सरकार ने पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें दुर्ग और धमतरी जिले में नए कलेक्टरों की नियुक्ति की है। दुर्ग जिले में गृह विभाग के विशेष सचिव अभिजीत सिंह को कलेक्टर बनाया गया है। वहीं रायपुर निगम निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्र अब धमतरी जिले के नए कलेक्टर होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रायपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। उनके पास स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा। उनके स्थान पर चिप्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कुमार विश्वरंजन रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे।

**05** आईएएस का विस सत्र के दौरान तबादला


अभिजीत सिंह


अबिनाश मिश्र

#### ऋचा और नम्रता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

**इसके** अलावा वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की उप सचिव रेमा जमील को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को केंद्रीय वाणिज्य विभाग में उप सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई है। वहीं धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी को केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया गया है। इस वजह से राज्य सरकार ने दोनों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव किया है। उनकी जगह पर नए कलेक्टरों की नियुक्ति की गई है।

भ्रष्टाचार: बिलासपुर के रतनपुर क्षेत्र का मामला

## 30 हजार रिश्वत लेते पटवारी का वीडियो वायरल, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** किसान की पट्टे की जमीन को ऑनलाइन चढ़ाकर ऋण पुस्तिका जारी करने के एवज में एक पटवारी ने 60 हजार रुपए रिश्वत मांगा। इस पर किसान ने 30 हजार रुपए देते हुए चुपके से इसका वीडियो बना लिया। जब काम नहीं हुआ तो उसने इस वीडियो को न सिर्फ वायरल कर दिया, बल्कि इसकी शिकायत एसडीएम से कर दी। वायरल वीडियो में पटवारी, किसान से रिश्वत की आधी रकम लेते और दूसरी किस्त के लिए बातचीत करते नजर आ रहा है। मामला रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पचरा का है। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर 2024 को पटवारी अनिकेत साव पचरा गांव आया था। इस दौरान किसान केवल दास मानिकपुरी ने उससे अपने पिता के नाम पट्टे की जमीन की ऋण पुस्तिका तैयार कराने की जानकारी ली। इस पर पटवारी ने उससे कहा कि उसके पिता दुलमदास को 1984-85 में जो सरकारी पट्टा मिला था, उसे ऑनलाइन रेकॉर्ड पर अपडेट कर देगा और उसी आधार पर ऋण पुस्तिका तैयार हो जाएगी। इसके एवज में उसे 60 हजार रुपए देने होंगे। इस दौरान किसान केवल दास ने पटवारी को रिश्वत की पहली किस्त 30 हजार रुपए देते हुए गुपचुप तरीके से वीडियो भी बना लिया था।

#### कोटा एसडीएम को दिखाया वीडियो

**काम** न होने और पटवारी की ठगी से परेशान होकर आखिरकार किसान केवल दास ने 4 मार्च को कोटा एसडीएम से शिकायत की। सबूत के तौर पर उन्हें वीडियो भी दिया और पटवारी पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के तहत कार्रवाई करने की मांग की। इसके अलावा अपने 30 हजार रुपए भी वापस दिलाने की मांग की है।



किसान की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी पटवारी के खिलाफ मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। पुख्ता रिपोर्ट तैयार होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-शिल्पा भगत,** तहसीलदार, रतनपुर

लाल आतंक : जनअदालत में 8 परिवारों को गांव से बेदखली का फरमान

## नक्सली बोले- वापस आए तो मारे जाओगे

### दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सीमा पर बसे गांव की घटना

**जगदलपुर @ पत्रिका.** बारसूर थाना क्षेत्र के तुशवाल पंचायत के दो गांव के 8 परिवारों को नक्सलियों ने गांव से बेदखल कर दिया है। इन परिवारों पर थुलथुली मुठभेड़ के लिए मुखबिरी करने का आरोप हैं। बताया जा रहा है कि नक्सलियों की पूर्वी बस्तर डिविजन की कंपनी 6 की कर्ताधर्ता डीवीसी निर्मला के साथ आए 50 से अधिक नक्सलियों ने तीन दिन पहले जनअदालत लगाकर यह तुगलकी फरमान सुनाया है। इन परिवारों को फिलहाल गांव छोडना पड़ा है। नक्सलियों ने जनअदालत में साफ कहा है अगर गांव वापस आए तो जान से मार दिए जाओगे। अब आठ परिवार के लोग दरबदर की ठोकरे खा रहे हैं।

### दंतेवाड़ा के पनेड़ा, वाहनपुर और बस्तर के किलेपाल में लेंगे पनाह

ग्राम पंचायत तुशवाल बीजापुर जिले का राजस्व ग्राम है। यह गांव दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की सरहद पर है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि जनअदालत के दिन कंपनी 6 की डीवीसी निर्मला, ललिता, पाकलू,रामधर और राजेश जैसे 50 से 60 नक्सली गांव पहुंचे थे। पीड़ित परिवारों ने बताया कि उस दिन पूरे गांव में खौफनाक मंजर था, उन्हें डर था कि कहीं नक्सली मौत का फरमान ना सुना दें। गांव से बेदखल हुए परिवारों का कहना है कि वे बस्तर जिले के किलेपाल जाएंगे, वहां रिश्तेदार रहते हैं, वहीं पर पनाह लेंगे। कुछ ग्रामीण दंतेवाड़ा जिले के पनेड़ा और वाहनरपुर भी गए हैं।

ऑनलाइन सट्टे पर एक्शन: क्लब में फायरिंग करने वाला बेच रहा था आईडी

## खाईवाल विकास अग्रवाल अपने साथी सटोरिया सौरभ जैन के साथ पकड़ा गया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर .** शहर में क्रिकेट मैच से पहले ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा जोरों पर है। महादेव बुक सट्टा ऐप के अलावा अन्य वेबसाइटें भी चल रही हैं, जिनके जरिए बड़े खाईवाल सट्टा चला रहे हैं। पुलिस ने दो जगह छापा मारकर तीन खाईवाल को धरदबोचा। इसमें एक आरोपी ने पिछले साल तेलीबांधा के नाइट क्लब में गोली चलाई थी। जेल से छूटकर फिर अपना सट्टे का काम शुरू कर दिया था। इसी तरह अन्य दो आरोपी भी आदतन सट्टेबाज हैं। पुलिस के मुताबिक, रोहिणीपुरम तालाब के पास एक महंगी कार में ऑनलाइन सट्टा ऑपरेट करने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर जगुवार सीजी 82 एम 0008 को पकड़ा। उसमें सवार सौरभ जैन के मोबाइल की जांच की गई, तो आरोपी क्लासिक एक्सचेंज 99 डॉटकॉम वेबसाइट के माध्यम से चैंपियंस ट्राफी में भारत वर्सेज ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच पर ऑनलाइन सट्टा बुक कर रहा था। पुलिस ने उसके मोबाइल को जब्त कर लिया।

**पिछले साल चलाई थी गोली :** विकास आदतन सटोरिया है। वह ऑनलाइन सट्टे की आईडी बेचता है। उसने फरवरी 2024 में हाइपर क्लब में हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर के ऊपर फायरिंग कर दी थी। इस मामले में तेलीबांधा पुलिस ने विकास और रोहित को गिरफ्तार किया था। दोनों को पैदल भी घुमाया गया था। उल्लेखनीय है कि सौरभ भी आदतन सटोरिया और जुआरी है। जुआ खेलने के मामले में वह कई बार अरेस्ट हो चुका है।

**तीसरा आरोपी भी अरेस्ट**

गंज इलाके में भी एक सट्टेबाज को पकड़ा गया। नहरपारा निवासी सूरज दुबे ऑनलाइन सटटा ले रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 2 मोबाइल और 54 हजार नकद जब्त हुआ है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

#### गर्लफ्रेंड के साथ फ्लैट में मिला सट्टे का सरगना

**पूछताछ** में गुढ़ियारी निवासी सौरभ जैन ने पुलिस को बताया कि उसने गुढ़ियारी के विकास कुमार अग्रवाल से आईडी खरीदी है। इसके बाद पुलिस की टीम विकास की तलाश में लगी। विकास अमलीडीह में अपनी एक गर्लफ्रेंड के साथ मिला। पुलिस ने विकास को भी धरदबोचा। उसके मोबाइल, लैपटॉप में कई लोगों को आईडी बेचने और लाखों रुपए की ऑनलाइन सट्टा बुकिंग का रेकॉर्ड मिला। पुलिस ने सौरभ और विकास दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 2 लाख नकद और जगुआर वाहन को जब्त किया गया है।

हाईकोर्ट | नए अधिग्रहण कानून के बजाय धारा 247 के अंतर्गत ली जा रही जमीन

## कोल ब्लॉक के लिए जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया को 49 किसानों ने दी चुनौती, केंद्र-शासन को नोटिस

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com



**बिलासपुर.** गारे कोल ब्लॉक के भू अधिग्रहण से प्रभावित 49 किसानों की याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार, कलेक्टर रायगढ़, एसडीओ घरघोड़ा और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। याचिका में किसानों ने नया भूमि अधिग्रहण कानून आ जाने के बावजूद छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 247 के तहत किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को चुनौती दी है। याचिका में इसे भी चुनौती दी गई है कि जो मुआवजे का निर्धारण किया जा रहा है वह 2010 की अधिसूचना की दरों के आधार पर किया जा रहा है जबकि 15 साल में जमीनों के भाव बहुत बढ़ गए हैं।

चंदन सिंह सिदार, रविशंकर, उत्तम सिंह, महेश पटेल समेत 49 किसानों जिसमें अधिकतर आदिवासी समुदाय के हैं, ने वकील सुदीप श्रीवास्तव व सुदीप वर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ ने बुधवार को याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की।

**भू अधिग्रहण की कार्रवाई अवैधानिक :** खंडपीठ को यह भी बताया गया कि संविधान की धारा 254 के अनुसार यदि संसद के द्वारा किसी क्षेत्र में कानून बना दिया गया है तो उस क्षेत्र पर राज्य विधानसभा की ओर से बनाए गए कोई कानून लागू नहीं होते। अतः यह पूरी भू अधिग्रहण की कार्यवाही असंवैधानिक है।

#### धारा 300 ए का खुला उल्लंघन

**यह** संविधान की धारा 300 ए का खुला उल्लंघन है। क्योंकि किसी भी निजी भूमि का बिना विधिवत कानून के अधिग्रहण और मुआवजा दिए बगैर उस जमीन का अधिकार किसी और को नहीं सौंपा जा सकता। याचिकाकर्ताओं की तरफ से यह भी बताया गया कि नया भूमि अधिग्रहण कानून एकमात्र ऐसा कानून है जो पुनर्वास और पुनर्स्थापना पर प्रभावित व्यक्तियों को कानूनी अधिकार देता है।

## प्लांट लगाने के लिए सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, बालको से जवाब-तलब

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** बालको कंपनी ने कोरबा में कांक्रीट प्रोडक्शन के लिए बड़े पैमाने पर शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर अपना बैंचिंग प्लांट लगाया है। नियमों का उल्लंघन कर किये जा रहे उत्पादन और अतिक्रमण को चुनौती देते हुए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने बालको प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बालको कंपनी ने कोरबा शांति नगर में कूलिंग टावर के ही करीब बैंचिंग प्लांट शुरू किया है, जहां कांक्रीट का उत्पादन किया जा रहा है। इस इलाके में पहले से ही रहते आ रहे 87 परिवारों को विस्थापित करते हुए उनके व्यवस्थापन का इंतजाम किया गया था। सर्वे में 46 प्रभावित परिवार और सामने आये। इनके लिए बालको ने अब तक कुछ नहीं किया, जिससे ये परेशान हैं।

#### प्रबंधन की ओर से अब तक जवाब प्रस्तुत नहीं

**सामाजिक** कार्यकर्ता डिलेन्द्र यादव ने इस मामले में शिकायत की थी, जिस पर कोरबा कलेक्टर ने जांच समिति बनाई। जांच के बाद विस्तृत जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि बालको कंम्पनी कई हेक्टेयर भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर अपनी परियोजना विस्तार को गति देते आ रहा है। इस मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट मे जनहित याचिका दायर की गई। याचिका पर डीबी ने सुनवाई कर गत माह बालको कंम्पनी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। अब तक प्रबंधन की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं किया।



दबदबा

## 86 स्थानों पर भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष जीते

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर .** प्रदेश में जनपद अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक कुल 94 जनपद में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया जाना है। इनमें से 86 स्थानों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अध्यक्ष चुने गए हैं। जबकि पांच स्थानों पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा एक स्थान पर गोड़वाना गणतंत्र पार्टी और एक स्थान पर सीपीआई समर्थित प्रत्याशी अध्यक्ष चुना गया है। आने वाले दिनों में भाजपा समर्थित अध्यक्षों की संख्या बढ़ेगी।

## फ्लैट में गैस रिसाव से विस्फोट, दहल गई 9 मंजिला इमारत





**ग्वालियर@पत्रिका.** गोला का मंदिर स्थित क्षेत्र में एक बहुमंजिला इमारत लिगेसी प्लाजा में मंगलवार रात 2.30 बजे विस्फोट हो गया। धमाका इमारत के बी ब्लॉक के एल-1 फ्लैट में हुआ। फ्लैट की मालकिन और उसका चचिया ससुर दोनों झुलस गए, उनकी हालत गंभीर है। विस्फोट से दो पड़ोसियों के फ्लैट की दीवारें भी उखड़ गई। इमारत में लगी दो लिफ्ट और 20 से ज्यादा फ्लैट के खिडक़ी और दरवाजे टूट गए। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले नींद में थे। धमाका सुनकर लोग फ्लैट छोड़कर बाहर निकल आए। उधर फोरेंसिक और बम डिस्पोजल स्क्वॉड का कहना है, एलपीजी का रिसाव हुआ है। इमारत में वेंटीलेशन की जगह कम थी उसकी वजह से विस्फोट हुआ है।

बालाघाट : नीट की तैयार कर रहा था आरोपी, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

## मोबाइल चलाने से रोकने पर बेटे ने किया था जानलेवा हमला, घायल मां ने तोड़ा दम, पिता की हालत गंभीर

**बालाघाट@पत्रिका.** वारासिवनी के ग्राम पंचायत सिकंद्रा के शिक्षक दंपती के इकलौते 20 वर्षीय पुत्र सत्यम के हमले से घायल मां प्रतिभा कटरे (40) की मौत हो गई, जबकि पिता किशोर कटरे (45) अब भी मौत से जूझ रहे हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया है। एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया, माता-पिता ने मोबाइल चलाने से मना किया, तो सत्यम ने गुस्से में सब्बल से दोनों के सिर पर हमला कर दिया। हमले में दंपती घायल हो गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सब्बल जब्त कर लिया है।

फॉलोअप




पत्रिका
प्रकाशित खबर।

### कोटा से कुछ दिन बाद ही लौटा था आरोपी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया, सत्यम कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था, कुछ समय पहले ही लौटा था। लौटने के बाद उसका व्यवहार बदल गया और दिनभर मोबाइल में व्यस्त रहता। घटना वाले दिन जब माता-पिता ने उसे मोबाइल चलाने से रोका, तो उसने जानलेवा हमला कर दिया।

### मोबाइल एडिक्शन से हत्या का मामला पहला

एसडीओपी ने कहा कि उनके करियर का यह पहला मामला है, जहां मोबाइल एडिक्शन से किसी ने इतना बड़ा अपराध किया। उन्होंने बताया, अत्यधिक मोबाइल उपयोग मानसिक व शारीरिक समस्याओं को जन्म देता है। यह चिंता, अवसाद, अनिद्रा, रिश्तों में तनाव और अध्ययन में रुकावट बन सकता है।

## न्यूज विंडो

### मिनी ट्रक ने आरक्षक को कुचला

**शिवपुरी.** पोहरी अनुविभाग के गोवर्धन थाने में पदस्थ आरक्षक हजारी लाल बघेल को बीती रात एक मिनी ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कुचल दिया। घटना में बाइक सवार आरक्षक की सिर कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई। आरक्षक एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस थाने आ रहा था, उसी समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने आरोपी चालक को वाहन के साथ पकड़ लिया है।

### छात्र से रुपए और मोबाइल लूटा

**जबलपुर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज के छात्र से ई-रिक्शा चालक और उसके साथी ने रुपए और मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र पवार ने बताया, सिंगरौली सरई निवासी अंजनी यादव (18) जबलपुर के एक नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। वह चुंगी नाका के पास किराए के मकान में रहता है। रविवार रात उसे सिंगरौली जाना था। इस दौरान वारदात हो गई।

### मानपुर बफर क्षेत्र में मिला तेंदुए का शव

**शहडोल.** बांधगवढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पूर्व ही पनपथा कोर में तेंदुआ का कंकाल मिला था। इसके बाद बुधवार को मानपुर बफर जोन में नदी किनारे तेंदुए का शव मिला है। प्रथम दृष्टया तेंदुए की मौत का कारण बाघ से संघर्ष को माना जा रहा है। नाले के आस पास तेंदुआ एवं बाघ के पगमार्क मिले हैं। पीएम के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### जान से मारने की दी धमकी, गिरफ्तार

**जबलपुर.** पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद रहे आरोपी ने जमानत पर बाहर आते ही साले को गवाही देने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने मंगलवार रात एफआइआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया, विशाल बिरहा के मामा की बेटी रूबी पारस की उसके पति संगम पारस उर्फ सोनू ने वर्ष 2022 में हत्या कर दी थी।

### @10 जिले
अधिकतम तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 30.9 | सागर | 32.4 |
| भोपाल | 31.0 | सतना | 31.9 |
| शिवपुरी | 28.0 | जबलपुर | 32.1 |
| खजुराहो | 32.6 | नौगांव | 29.5 |
| दमोह | 33.0 | इंदौर | 30.5 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

पुलिसकर्मियों को एक किमी तक भागना पड़ा, बचाव में आंसू गैस के गोले छोड़े

झाबुआ में डीजे प्रतिबंध पर मचा बवाल

## नाराज डीजे संचालकों ने पुलिस पर बरसाए पत्थर, 6 से ज्यादा घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**झाबुआ.** प्रतिबंध से नाराज डीजे संचालकों ने बुधवार को इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान समझाइश देने पहुंची पुलिस पर जमकर पथराव किया गया। जिसके चलते पुलिस जवानों को अपनी जान बचाने करीब एक किमी तक उल्टे पैर भागना पड़ा। पथराव में आधा दर्जन पुलिसकर्मियों को चोट आई है। झाबुआ एसडीओपी का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। डीजे संचालकों व पुलिस अफसरों की चर्चा के दौरान पीछे से किसी ने पथराव शुरू कर दिया। आगे-आगे पुलिसकर्मी जान बचाकर दौड़ रहे थे तो पीछे-पीछे डीजे संचालक पथराव किए जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। पथराव में एएसपी पीएल कुर्वे सहित अन्य पुलिसकर्मियों को चोट आई। कुछ जनप्रतिनिधियों की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ। अब गुरुवार को प्रशासन और डीजे संचालकों के बीच फिर से चर्चा होगी।

### तीन घंटे तक जाम में फंसे रहे वाहन

प्रदर्शन के चलते बैतूल-इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर लंबी कतार लग गई। गुजरात से मप्र में आने वाले और जाने वाले सारे वाहन करीब तीन घंटे तक जाम में फंसे रहे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आवागमन शुरू हो सका।

### डीजे संचालकों ने शाम 6 से रात 12 बजे की अनुमति मांगी

**तनाव** के बीच प्रशासनिक अधिकारी डीजे संचालकों से बात करने पहुंचे। डीजे संचालकों का कहना था कि जब आसपास के सभी जिलों में डीजे बजाए जा रहे हैं तो सिर्फ झाबुआ में ही प्रतिबंध क्यों है। उन्होंने शाम 6 से रात 12 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों में डीजे संचालन की अनुमति मांगी। विश्वास दिलाया कि शहरी क्षेत्र में डीजे नहीं बजाएंगे। स्कूल और अस्पताल के बाहर भी डीजे बंद कर दिया जाएगा।

### आधे घंटे चली चर्चा

जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्रसिंह चौहान ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करवाना हमारी जवाबदारी है। पहले आप हाईवे से अपने वाहन हटाइए। इसके बाद आगे बात होगी। करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों के बीच चली चर्चा के बाद यह तय हुआ कि गुरुवार को डीजे संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से मिलकर बात रखेगा। इसके बाद मामला शांत हुआ।

### सिंगरौली में खनिज टीम पर रेत माफिया ने किया हमला, वाहन में की तोड़फोड़



**सिंगरौली.** तेलदह टोल प्लाजा के पास मंगलवार रेत का अवैध परिवहन कर रहे हाइवा को पकड़कर चौकी ले जा रही खनिज टीम पर रेत माफियाओं ने लाठी-डंडा से हमला कर दिया। वाहनों में तोड़फोड़ कर हाइवा को छुड़ाने की कोशिश की। इस दौरान सूचना पर खुटार चौकी और कोतवाली थाने से पुलिस पहुंची तो सभी भाग खड़े हुए। खनिज निरीक्षक विद्याकांत तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने 10-12 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर लिया। साथ ही मौके से आरोपियों के दो वाहन जब्त किए गए हैं। एक वाहन में भाजपा का झंडा लगा है। एसपी मनीष खत्री के मुताबिक अज्ञात लोगों पर मामला पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया रिमांड पर

## शिक्षक ने प्रैक्टिकल में फेल करने के लिए 12वीं की छात्रा को धमकाया, मांगे 50 हजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अभिभावक की शिकायत पर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है कि कहीं उसने अन्य लड़कियों से भी इस तरह धमकाकर राशि तो नहीं ली।

**रतलाम.** जिले के ताल मुख्यालय पर संचालित एक निजी स्कूल के शिक्षक का छात्रा को धमकाकर 50 हजार रुपए मांगने का मामला सामने आया है। शिक्षकने 12वीं की छात्रा को प्रैक्टिकल में फेल करने के लिए यह राशि मांगी थी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

ताल क्षेत्र के ही एक गांव के अभिभावक ने पुलिस को बताया कि उनके भाई की दो पुत्रियां ताल के न्यू आर्यवीर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ती हैं। एक 12वीं में और दूसरी नौवीं कक्षा में। बड़ी लड़की ही घर में सारा लेन-देन करती और हिसाब रखती है। 2 मार्च को बड़ी लड़की ने भाई से कहा कि उसे पचास हजार रुपए की जरूरत है। इस पर हमने उससे पूछा कि क्या जरूरत पड़ गई है। उसने बताया कि 1 तारीख को स्कूल में एक्स्ट्रा क्लास थी। स्कूल के टीचर प्रदीप सिंह पिता राजेन्द्रसिह ने साइड में बुलाया और मुझे धमकी दी कि घर से 50 हजार रुपए लेकर आना, नहीं तो प्रैक्टिकल की परीक्षा का रिजल्ट खराब कर दूंगा। 50 हजार रुपए नहीं लाई तो तुझे व तेरे मम्मी-पापा को जान से खत्म कर दूंगा।

### छह माह पहले भी 80 हजार ले चुका

लड़की से पूछा कि 6 माह पहले अपने घर से 80 हजार रुपए गायब हुए थे। वह भी प्रदीप सिंह को तो नहीं दिए। लड़की ने बताया कि पहले भी प्रदीप सिंह ने इसी प्रकार धमकी देकर 80 हजार रुपए मंगवाए थे। यह राशि घर से ही ले जाकर दिए थे। उस समय भी मम्मी-पापा को मारने की धमकी शिक्षक ने दी थी। इसलिए उस समय किसी को नहीं बताया था। ताल पुलिस ने अभिभावक की रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक प्रदीपसिंह के खिलाफ केस दर्ज कर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है।

घायल को मुआवजा दिलाने के आदेश

## युवक पर एसिड फेंकने वाली महिला को 10 साल की सजा

**इंदौर@पत्रिका.** युवक पर एसिड डालकर जान से मारने की कोशिश करने वाली महिला को जिला कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश अरुण श्रीवास्तव की कोर्ट ने महिला को सजा देने के साथ ही घायल को राज्य सरकार की प्रतिकर योजना के तहत मुआवजा दिलाने के लिए भी आदेश जारी किया।

अतिरिक्त लोक अभियोजक उमेश यादव ने बताया कि 5 नवंबर 2017 को गांधीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाला नंदलाल घर के पास किराना दुकान पर सामान खरीदने गया था। उसी समय वहां आई हीरामणि बाई ने अपने घर की हौद में पानी की बाल्टी गिरने की बात कहते हुए उससे मदद मांगी। नंदलाल उसके साथ वहां गया और बाल्टी निकालने हौद में जाने लगा तो हीरामणि ने ऊपर से ढक्कन लगाने की कोशिश की। साथ ही नंदलाल पर बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उस पर एसिड की केन से एसिड डाल दिया। इससे वो 45 फीसदी तक झुलस गया। इस पर हीरामणि के साथ ही उसके पति और बेटी पर केस दर्ज हुआ। इस मामले में कोर्ट में सबूतों के साथ ही गवाही के आधार पर बुधवार को फैसला सुनाते हुए हीरामणि को दोषी करार दिया और 10 साल की सजा व 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया। वहीं कोर्ट ने उसके पति और बेटी को दोषमुक्त करार दिया।

## जमना के शावकों ने ली गुनगुनी धूप...



**इंदौर@पत्रिका.** कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में आठ दिन पहले बाघिन जमना ने तीन शावकों को जन्म दिया था। बुधवार को सुबह हल्की सर्दी का अहसास हुआ तो जमना अपने शावकों के साथ गुफा से बाहर निकली। इस दौरान तीनों शावक गुनगुनी धूप में सुकून से बैठे नजर आए। **फोटो** - मनीष व्यास

जलाने का सेकंड ट्रायल रन नहीं हुआ शुरू

## यूका कचरा: एयर क्वालिटी रिपोर्ट आई संतोषजनक

**पीथमपुर@पत्रिका.** हाईकोर्ट के आदेश पर यूनियन कार्बाइड (यूका) के कचरे के निपटान की प्रक्रिया के तहत किया जाने वाला सेकंड ट्रायल रन बुधवार शाम 6 बजे से शुरू किया जाना था, लेकिन तकनीकी कारणों से रात तक शुरू नहीं हो सका। पहला ट्रायल रन 3 मार्च की शाम 6.30 बजे तक चला था। इसके बाद इंसीनरेटर को ठंडा करने के लिए लगभग 18 से 20 घंटे का समय लिया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि 4 मार्च को इंसीनरेटर की गैसों और बैंग फिल्टर की सफाई का कार्य किया गया, जिससे बुधवार की शाम तक निर्धारित समय पर दूसरा ट्रायल शुरू नहीं किया जा सका।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, पहले ट्रायल के दौरान वायु गुणवत्ता सभी मानकों के अनुरूप पाई गई। टीएसडीएफ (ट्रीटमेंट, स्टोरेज एंड डिस्पोजल फैसिलिटी) की एडीएम बिल्डिंग के पास पीएम-10 का स्तर 70.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम-2.5 का स्तर 25.8 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया। वहीं, टीएसडीएफ के आसपास के इलाकों में भी वायु प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानकों (100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से कम ही पाया गया।

ट्रेंडिंग न्यूज

जबलपुर

### तकनीकी खराबी के चलते दयोदय एक्सप्रेस रद्द

**जबलपुर.** उत्तर पश्चिम रेलवे में तकनीकी कार्यों के चलते दयोदय एक्सप्रेस को आंशिक रद्द किया गया है। जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 8 मार्च को सांगानेर स्टेशन तक ही जाएगी। यानी यह सांगानेर से अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार 9 मार्च को अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से शुरू होगी।



शहडोल

### जंगली हाथियों का मूवमेंट, टीम कर रही निगरानी

**शहडोल.** वन परिक्षेत्र ब्यौहारी अंतर्गत जंगली हाथियों का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। बीती रात्रि हाथियों का यह झुंड खांड के वार्ड क्रमांक 5 के आस-पास देखा गया। वन अमला आस-पास के लोगों को सजग करते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया। लगभग दो माह पूर्व छत्तीसगढ़ की सीमा से ब्योहारी पहुंचे जंगली हाथी लगातार इसी क्षेत्र में बने हुए हैं।

सागर

### मिर्ची पाउडर में मिलाया जा रहा पशु आहार

**सागर.** थोक व्यापारी मिर्ची पाउडर बनाने के लिए मिर्ची के साथ मवेशियों को खिलाए जाने वाला चापर ( पशुआहार) और हानिकारक रंग मिला रहा था। बुधवार को खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने जब संयुक्त रूप से मसाला पिसाई सेंटर पर पहुंची, तो मिलावट देख अधिकारी दंग रह गए। मौके से खाद्य सामग्री के सैंपल लिए गए और मिश्रित चापर जब्त किया गया।

फैमिली कोर्ट के फैसले पर हाई कोर्ट ने जताया आश्चर्य, बदला फैसला, कहा-

## जब पति-पत्नी सहमत हैं तो तलाक दे देना चाहिए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** तलाक केस को लेकर परिवार न्यायालय के एक फैसले पर हाई कोर्ट ने आश्चर्य जाहिर किया है। आपसी सहमति से तलाक की अपील दायर करने वालों का भी तलाक मंजूर नहीं करने पर हाई कोर्ट की जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस गजेंद्र सिंह की कोर्ट ने परिवार न्यायालय को लेकर टिप्पणी तक कर दी। कहा कि हम इस बात से आश्चर्यचकित और स्तब्ध हैं कि जब पक्षकारों ने तलाक के लिए याचिका दायर की, तो पारिवारिक न्यायालय को आपसी सहमति से तलाक दे देना चाहिए था। अनावश्यक रूप से ये पक्षकार

### सात साल से दंपती झेल रहे थे मानसिक पीड़ा

- 2001 में किया था विवाह
- हाईकोर्ट ने दिया तलाक



2018 से मानसिक पीड़ा झेल रहे हैं। इंदौर की रुचि और हैदराबाद निवासी रवि ने आपसी सहमति से तलाक के लिए वर्ष 2015 में परिवार न्यायालय में केस लगाया था। तीन साल सुनवाई बाद परिवार न्यायालय ने अगस्त 2018 में उनकी अर्जी खारिज करते हुए तलाक देने से इंकार कर दिया। इसके खिलाफ दोनों ने हाई कोर्ट में अपील की। इसकी सुनवाई के 7 साल बाद हाई कोर्ट ने मामले में बुधवार को अपना फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने न सिर्फ फैमिली कोर्ट के फैसले को गलत ठहराया, साथ ही 2001 में हुए उनके विवाह को भी खत्म कर दिया।

### पत्नी बोली- बच्चों सहित यूएसए शिफ्ट हो गई हूं

हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान रुचि उपस्थित हुई और कोर्ट को बताया कि 2015 से ही पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे हैं। दोनों बच्चे उनके ही पास हैं। दोनों बच्चों के साथ वह यूएसए शिफ्ट हो चुकी हैं। वहीं, बच्चे पत्नी के पास रहने को लेकर पति की ओर से कोर्ट में पेश वकीलों ने कोई आपत्ति नहीं ली।

### मृत नवजात को मुंह में दबाकर घूम रहा था कुत्ता

**धार.** शहर के दौलतनगर में बुधवार को एक कुत्ता मृत नवजात को मुंह में दबाकर दौड़ लगा रहा था। जैसे ही लोगों की नजर पड़ी तो लोगों ने कुत्ते को भगाया। कुछ समय के लिए क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रहवासियों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नवजात के शव का आधा हिस्सा कुत्ता लेकर घूम रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई थी। जानकारी अनुसार मांडू रोड पर रिलायंस पंप के सामने दौलत नगर मार्ग पर लोगों ने कुत्ते को देखा। सूचना पर कोतवाली थाने से पुलिस बल पहुंचा और नवजात के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। रहवासियों ने बताया, आसपास कोई श्मशान नहीं है। पुलिस जांच कर रही है।

महाकौशल एक्सप्रेस से पति के साथ जबलपुर से जा रही थीं मथुरा

## चलती ट्रेन में चढ़ने के चक्कर में गेट पर फंसा महिला का हाथ, काफी दूर तक घिसटने से मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर बुधवार सुबह 5.25 बजे चलती ट्रेन में चढ़ने के चक्कर में एक महिला की जान चली गई। जबलपुर निवासी माया सिंह (68) पति सुभाष सिंह के साथ महाकौशल एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। वह जबलपुर से मथुरा जा रही थीं। स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर वह पति के लिए चाय लेने प्लेटफॉर्म पर उतरीं, लेकिन कोच में चढ़ पातीं, उससे पहले ही ट्रेन चल दी। उन्होंने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, इससे उनका हाथ गेट के पाइप में फंस गया, जिससे वह प्लेटफॉर्म पर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। यात्रियों ने देखकर चेन पुलिंग की, लेकिन ट्रेन रुकी तब तक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद महाकौशल एक्सप्रेस 35 मिनट तक प्लेटफॉर्म दो पर खड़ी रही। कोच में फंसी महिला को बाहर निकाला गया।

### पति को पता नहीं चला

घटना से पति बेखबर था, वह यह सोचकर अपनी सीट पर बैठा था कि शायद माया सिंह टॉयलेट गई होंगी। लेकिन जब ट्रेन चलने के बाद चेन पुलिंग की और कोच के लोग एकसाथ गेट की तरफ भागे, तब पति भी देखने सीट से उठा कि आखिर क्या हुआ है। वह गेट पर पहुंचा और जब नीचे झांका तो पत्नी को देखकर उसके होश उड़ गए।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान, प्लेटफॉर्म पर गिरे अंग

**जबलपुर.** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर बुधवार शाम एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 40 साल का युवक प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर टहल रहा था। शाम 4:30 बजे इटारसी से जबलपुर जाने वाली सुपरफस्ट ट्रेन गुजरी। उसका मदनमहल पर ठहराव नहीं है। अचानक युवक ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। चपेट में आने से युवक के चीथड़े उड़ गए। कुछ अंग छिंटककर प्लेटफार्म पर गिरे।

**एसएमसी की गांधीनगर में बड़ी कार्रवाई: राजस्थान से ट्रक में लाई गई थी विदेशी शराब**

# सांतेज के गोदाम पर दबिश

# ₹73 लाख की शराब जब्त

### सात आरोपियों को पकड़ा, सात आरोपी फरार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** गुजरात पुलिस के स्टेट मॉनीटरिंग सेल (एसएमसी) ने गांधीनगर के सांतेज थाना इलाके में स्थित रकनपुर गांव में स्थित एक गोदाम में दबिश देकर 73 लाख 67 हजार की 27529 बोतल शराब और बीयर के टीन जब्त किए हैं। सात आरोपियों को पकड़ा है। अन्य सात आरोपी फरार हैं। कुल एक करोड़ का मुद्दामाल जब्त किया गया है।

मौके से अहमदाबाद शीलज निवासी अल्पेश बारोट (40), उसका भाई दिलीप बारोट (36), राजस्थान के उदयपुर जिले की सलूम्बर तहसील के गामडी गांव का मूल निवासी हाल अहमदाबाद में पकवान ब्रिज के नीचे रहने वाला अर्जुन मीणा (26), मूल हरियाणा के पानीपत हाल गांधीनगर रकनपुर ब्रिज के नीचे रहने वाला अंकुर गुर्जर (23), मूल उ.प्र.के अमेठी जिले हाल अहमदाबाद में नरोडा निवासी राजेश यादव (30), जनक कडिया (60) और राजस्थान के ब्यावर जिले की रायपुर तहसील के बेलपना गांव निवासी रणजीत सिंह रावत को पकड़ लिया।

### ब्यावर से आया सांतेज

**एसएमसी की** जांच व पूछताछ में सामने आया कि अहमदाबाद निवासी मौलिक उर्फ पप्पू ने राजस्थान से किसी परिचित से विदेशी शराब और बीयर के टीन मंगाए थे। लाल सिंह नाम के व्यक्ति ने राजस्थान के ब्यावर में ट्रक चालक रणजीत सिंह रावत को शराब भरा ट्रक सौंपा था। वह इसे लेकर भीलवाडा, इंदौर, रतलाम, गोधरा, वडोदरा होते हुए लेकर गांधीनगर पहुंचा था।
जांच में सामने आया कि इस गोदाम को राजस्थान के बांसवाडा जिले के नागनसेल भीमपुर निवासी नरेन्द्र पाटीदार ने किराए पर लिया था। अल्पेश बारोट गोदाम की देखरेख करता था।



सांतेज में दबिश देकर एसएमसी की टीम ने जब्त की शराब। पत्रिका

### दाहोद: 62 लाख की शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**दाहोद.** जिले के ग्रामीण पुलिस थाना इलाके में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) की टीम ने दो जगह पर कार्रवाई कर 62 लाख 85 हजार से ज्यादा की 15900 बोतल शराब जब्त की है। तीन आरोपियों को पकड़ा है। एक मामले में गरबाडा-पीपलोद मार्ग पर रामपुरा गांव के पास मध्यप्रदेश की ओर से आ रही जीप की तलाशी ली गई। उसमें से 13 पेटी शराब व बीयर के टिन जब्त किए गए। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिला निवासी जीप चालक विजय मंडलोई (23) को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में दाहोद-गोधरा मार्ग पर मुवालिया गांव में एक होटल के पास मध्यप्रदेश से खंगेला चेक पोस्ट होकर आ रहे टैंकर को रोका। तलाशी के दौरान उससे 764 पेटियों में 62 लाख की 15396 बोतल शराब जब्त की गई। राजस्थान के बाडमेर जिले के खोडासा जताणियो की ढाणी निवासी टैंकर चालक टिकमाराम जाट (23) व राजस्थान के जैसलमेर जिले के फतेगढ डउकिया की ढाणी निवासी किशोरकुमार जाट (21) को गिरफ्तार कर लिया। शराब, 2 मोबाइल व टैंकर सहित 82 लाख 14 हजार 588 रुपए का माल जब्त किया है। दोनों मामलों में एलसीबी की टीम ने 62 लाख 75 हजार की 15900 बोतल शराब सहित कुल 87 लाख 85 हजार का मुद्दामाल जब्त किया है।

**मालिया तहसील के जूनी खीरई गांव की घटना: 10 पर मामला दर्ज**

## मोरबी: बुटलेगर के घर दबिश के दौरान हमला, 6 पुलिसकर्मी घायल

**मोरबी @ पत्रिका.** जिले की मालिया तहसील के जूनी खीरई गांव में मंगलवार देर रात बुटलेगर के घर छापा मारने पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने की घटना सामने आई है। हमले में 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस संबंध में 7 महिलाओं सहित 10 के खिलाफ मामला दर्ज कर 9 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

मालिया थाने के पुलिसकर्मी फतेसिंह परमार ने मामला दर्ज कराया है। आरोपियों में जूनी खीरई निवासी इकबाल उर्फ इको हाजी मोवर, हाजी ओसमाण, युसुफ अल्लारखा, सारबाई हाजी मोवर, नशीम संघवाणी, मुमताज भटी, आइसा मोवर, नजमा मोवर, अनीषा मोवर, वावार और तमन्ना संघवाणी शामिल हैं।

जूनी खीरई गांव निवासी इकबाल उर्फ इको हाजी मोवर नामी बुटलेगर है। उसके घर पर मालिया पुलिस टीम प्रोहिबिशन के मामले में छापा मारने पहुंची थी। वहां शराब मिलने पर इकबाल को पकड़ लिया। आरोपी को ले जाते समय महिलाओं सहित अन्य ने पुलिस की कार्रवाई में बाधा डाली। चाकू, डंडे और पाइप से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इसमें शिकायतकर्ता सहित 6 पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने पत्थर से पुलिस वाहन के आगे और पीछे के कांच तोड़ दिए। इस दौरान एक आरोपी यूसुफ कार से फरार हो गया। मालिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, दंगा और फर्ज में रुकावट सहित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।



जख्मी पुलिसकर्मी फतेसिंह परमार।

### मोरबी अस्पताल में भर्ती हैं पुलिसकर्मी

**घायल छह** पुलिस कर्मियों में वनराजसिंह बाबरिया, फतेसिंह परमार, उपेंद्रसिंह परमार, मोहसीन सीदी, मोमां रबारी और जयपालसिंह झाला शामिल हैं। इन्हें मोरबी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**आसाराम व नारायण साईं बलात्कार प्रकरण: सूरत क्राइम ब्रांच को दस साल से थी तामराज की तलाश**

## गवाहों पर हमले का साजिशकर्ता नोएडा से दबोचा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** गुजरात व राजस्थान में आसाराम व उसके पुत्र नारायण साई के खिलाफ दर्ज बलात्कार मामलों से जुड़े गवाहों पर हमले के साजिशकर्ता तामराज को पकडने में सूरत क्राइम ब्रांच ने सफलता हासिल की है। वह पिछले दस वर्षो से फरार चल रहा था तथा उत्तरप्रदेश के नोएडा में छिपा था। हरियाणा सरकार ने उस पर 50 हजार रुपए के नकद ईनाम की घोषणा कर रखी थी। शहर पुलिस आयुक्त अनुपमसिंह गहलोत ने बताया आरोपी तामराज साहू (37) छत्तीसगढ़ के राजनादगांव जिले के गीजोर गांव का मूल निवासी है। वह आसाराम आश्रम से जुड़कर साधक बन गया था। आसाराम व नारायण साई के खिलाफ राजस्थान व गुजरात में बलात्कार के मामले दर्ज होने पर 2013 में दोनों की गिरफ्तारी हुई थी। कोर्ट में उन्हें निर्दोष साबित करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामलों से जुड़े गवाहों को धराने-धमकाने और जानलेवा हमले कर उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। इस साजिश में कार्तिक व अन्य लोगों के साथ तामराज भी शामिल था। उसके खिलाफ 2014-15 में सूरत समेत देश के विभिन्न राज्यों में नौ मामले दर्ज हुए थे। जिनमें वह फरार चल रहा था। लंबे समय बाद टेक्निकल व ह्यूमन इंटेलिजेंस से पुख्ता सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुलिस से बचने के लिए ईसाई बन गया था

**जब सूरत समेत** देशभर की पुलिस उसकी तलाश में जुट गई तो गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपनी पहचान बदल दी थी। उसने आसाराम आश्रम से दूरी बना ली थी। धर्म परिवर्तन कर उसने ईसाई धर्म अपना लिया था। राज स्टीफन के रूप में नया नाम रख कर आउट सोर्स के जरिए नोएडा की एएसएसआईएसई कान्वेंट स्कूल में नौकरी हासिल कर ली थी।

### 20 लाख का फंड जुटाकर खरीदे थे हथियार

**गवाहों पर** हमले के लिए तामराज ने अपने साथियों के साथ मिलकर 20 लाख का फंड जुटाया था। उसने एके 47, पिस्तौल समेत अन्य हथियार भी खरीदे थे। 2014 में शहर के खटोदरा इलाके में विमलेश ठक्कर व अडाजण इलाके में राकेश पटेल पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था। उमरा इलाके में दिनेश चंदाणी पर तेजाब से हमला किया गया था। राजकोट में अमृत प्रजापति की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसी तरह होशंगाबाद में ओम प्रजापति, गाजियाबाद में अखिल गुप्ता, पानीपत में महेन्द्र चावला पर हमले हुए थे।

### झरोखा




## बढ़ती गर्मी से बस्तियों में बढ़ रही हाथियों की चहल-पहल

**कोयंबत्तूर @ पत्रिका.** चिलचिलाती धूप और साल दर साल बढ़ती गर्मी के कारण जंगल सूख रहे हैं और जंगली हाथियों को भोजन व पानी की तलाश में जंगल से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वन विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन सालों के दौरान जंगली हाथियों ने कोयंबत्तूर की मानव बस्तियों में सलाना करीब 3300 बार प्रवेश किया है। इन आंकड़ों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि मानव बस्तियों में जंगली हाथियों के प्रवेश करने की यह संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। 70% जंगली हाथी फसलों को पहुंचाते हैं नुकसानजिला बन अधिकारी (डीएफओ) एन. जयराज ने बताया कि जंगल से बाहर आने वाले लगभग 70% जंगली हाथी फसलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। बारिश कम होने के तुरंत बाद दिसंबर से हमने साप्ताहिक आधार पर पानी के कुंडों को भरना शुरू कर दिया है। पिछली गणना में संभाग में घूमते हुए कुल 360 जंगली हाथियों की पहचान की गई थी।

**चार लोगों से हो रही पूछताछ**

## 22 करोड़ की कीमत का 24 किलो सोना पकड़ा

**चेन्नई @ पत्रिका.** यहां मरीना समुद्र तट के पास वाहन जांच के दौरान अन्ना स्क्वायर पुलिस ने मंगलवार रात करीब 22 करोड़ की कीमत का 24 किलो सोना पकड़ा है। यह सोना फिलहाल वाणिज्यिक कर विभाग के हवाले है। इस सिलसिले में चार जनों से पूछताछ हो रही है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस यहां वाहनों की जांच कर रही थी। उस वक्त लग्जरी कार को संदेह के चलते रोका गया। वाहन जांच में 22 करोड़ की कीमत के 24 किलो सोने के गहने पुलिस के हाथ लगे। गहनों को कब्जे में लेते हुए पुलिस ने कार सवार चारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

**अहम इमारतों को हमलों से बचाने के लिए खास डिजाइन फ्रेमवर्क विकसित किया**

## आइआइटी ने बनाया मिसाइल हमलों से बचाने वाला सिस्टम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** भारत के महत्वपूर्ण सैन्य और देश की बड़ी और पुरानी अहम इमारतों को बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से बचाने के लिए आइआइटी मद्रास के रिसर्चर्स ने एक खास डिजाइन फ्रेमवर्क विकसित किया है। यह फ्रेमवर्क उन कंक्रीट संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाने में मदद करेगा, जो रक्षा बंकरों, परमाणु संयंत्रों, पुलों और हवाई पट्टियों जैसे महत्वपूर्ण ढांचों में इस्तेमाल होती हैं।

### क्या है इसमें खास

आइआइटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अलागप्पन पोन्नालागु के अनुसार बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले से कंक्रीट स्ट्रक्चर पर गहरा असर पड़ता है, जिससे दीवारों में छेद, टूट-फूट, दरारें और बिखराव जैसी समस्याएं होती हैं। कभी-कभी पूरी संरचना ढहने का खतरा भी बन जाता है। बैलिस्टिक्स इंजीनियरिंग उस तकनीक को कहते हैं, जिससे बुलेट, बम या रॉकेट जैसी चीजों के उड़ने, टकराने और असर का अध्ययन किया जाता है। यही साइंस बंकर, परमाणु संयंत्रों की दीवारें और दूसरे सुरक्षा ढांचे बनाने में काम आती हैं। आइआइटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने 'फिनिट एलिमेंट' (एफई) के सिमुलेशन के दौरान अध्ययन किया जो एक कम्प्यूटेशनल तकनीक है जिसका उपयोग इंजीनियरिंग और विज्ञान में भौतिक घटनाओं का अनुकरण और विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। एफई सिमुलेशन फिनिट एलिमेंट विधि पर निर्भर करता है, जो आंशिक तौर पर समीकरणों से जुड़ी जटिल समस्याओं को हल करने के लिए एक संख्यात्मक नजरिया है। ये समस्याएं अक्सर संरचनात्मक यांत्रिकी जैसे क्षेत्रों में उत्पन्न होती हैं।

### संभावित नुक्खसा प्रस्तावित किया

**विज्ञप्ति** के मुताबिक इस अध्ययन में आइआइटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अलगप्पन पोन्नालागु और आइआइटी मद्रास के रिसर्च स्कॉलर रूफ उन नबी डार ने आरसी पैनलों में 'पेनेट्रेशन की गहराई' (डीओपी) और क्रेटर डैमेज एरिया पर आधारित नए प्रदर्शन से जुड़े डिजाइन ढांचे के विकास पर गौर किया। इसके अलावा आरसी पैनलों में क्रेटर के व्यास का अनुमान लगाने के लिए एक संभावित नुक्खसा प्रस्तावित किया गया है।

**एसवीएनआईटी टीम कर रही है मार्केट का निरीक्षण**

## शिवशक्ति अग्निकांड: रिपेयरिंग के बाद बिल्डिंग ली जा सकेगी उपयोग में

### विशेषज्ञ का कहना, बिल्डिंग तोड़ने की नहीं पड़ेगी आवश्यकता

दिव्येश सोंदरवा
patrika.com

**सूरत.** शिवशक्ति मार्केट में लगी भीषण आग से बिल्डिंग को कितना नुकसान हुआ, इसकी जांच का जिम्मा सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एसवीएनआईटी) की टीम को सौंपा गया है। टीम विशेषज्ञ का कहना है कि प्राथमिकी जांच से लगता है कि बिल्डिंग को रिपेयर कर फिर से उपयोग में लिया जा सकता है, इसे तोड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

शिवशक्ति मार्केट में आग के बाद बिल्डिंग की क्षमता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। मार्केट बुरी तरह से झुलस गया है। इस कारण इसमें बिना अनुमति किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। प्रशासन और फोस्टा की ओर से एसवीएनआईटी सिविल विभाग के डॉ. अतुल देसाई की अगुवाई में निरीक्षण करवाया जा रहा है। जिससे मार्केट की स्थिति के बारे में पता लग सके। डॉ. देसाई व उनकी टीम कई दिनों से मार्केट का निरीक्षण कर रही हैं। निरीक्षण के बाद उनके कहने पर व्यापारियों को दुकानों में कीमती सामान लाने के लिए अनुमति दी जा रही है।



शिवशक्ति मार्केट का निरीक्षण करती एसवीएनआईटी टीम। पत्रिका

### सफाई की आवश्यकता

**डॉ. देसाई** ने बताया कि मार्केट की सभी मंजिलों का निरीक्षण किया जा रहा है। 4थी और 5वीं मंजिल का हाल काफी बुरा है। पूरे मार्केट में सफाई की जरूरत है। फिलहाल प्राथमिक बिजली की सुविधा कर सफाई करने की सूचना दी गई है। प्राथमिक जांच में यह कहा जा सकता है कि इस मार्केट को रिपेयर कर पुनः उपयोग में लाया जा सकता है, इसे तोड़ने की जरूरत नहीं हैं।

### मार्केट पर होंगे चार टेस्ट

**डॉ. देसाई** ने यह भी कहा कि सफाई होने के बाद इसमें चार तरह के टेस्ट किए जाएंगे। अल्ट्रा सोनिक प्लस वेलोसिटी टेस्टिंग (यूपीवी), रिबाउंड हैमर टेस्टिंग, कंक्रीट कलर और क्रैक पैटर्न जैसी मुख्य जांच की जाएगी। इस जांच के बाद इसे किस तरह से रिपेयर करना उसके दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। हाल जो-जो हिस्सा कमजोर नजर आया है, उस पर लोहे के सरियों का सपोर्ट देने को कहा गया है। जिससे किसी को कई चोट न लगे।

**स्थानीय निकाय**

### 63 नपा में से 42 में भाजपा ने महिला को बनाया अध्यक्ष

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली बेहतरीन जीत के बाद आखिरकार नगरपालिका, तहसील पंचायत और जूनागढ़ महानगर पालिका में पदाधिकारियों के नाम की बुधवार को भाजपा ने घोषणा कर दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी आर पाटिल की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश संसदीय बोर्ड की बैठक होने के बाद बुधवार को नामों की घोषणा की गई। 63 नगरपालिकाओं में से 42 नगरपालिकाओं में भारतीय जनता पार्टी ने महिला को प्रमुख बनाया है। इसमें खेडा नपा प्रमुख के रूप में ज्योत्सना पटेल, बावला नपा अध्यक्ष पद पर प्रज्ञाबेन पटेल, धंधुका नपा अध्यक्ष पद पर पारुलबेन पटेल, माणसा नपा प्रमुख के पद पर ज्योत्सनाबेन वाघेला की नियुक्ति की गई है। वडनगर नपा में मीतिकाबेन शाह अध्यक्ष चुनी गई हैं। उधर धर्मेश पोशिया को जूनागढ़ महानगर पालिका का नया महापौर नियुक्त किया गया। आकाश कटारा उप महापौर, पल्लवी ठाकर स्थायी समिति अध्यक्ष और मनन अभाणी पार्टी नेता बनाए गए हैं।

**स्विमिंग पुल में नहाने के दौरान हादसा**

## ज्यादा देर पानी में रहने की शर्त ने ले ली जान

**वापी @ पत्रिका.** दमण के एक फार्म हाउस के स्विमिंग पुल में नहाने के दौरान मित्रों के साथ शर्त लगाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया और उसकी जान चली गई। घटना करीब तीन से चार दिन पुरानी है। लेकिन वहां की सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो रहा है। इसके अंतर्गत वलसाड के राखोडिया तालाब निवासी प्रकाश पटेल अपने करीब 12 मित्रों के साथ दमण के फार्म हाउस में आया था। वहां सभी लोग नहा रहे थे। इस दौरान प्रकाश पटेल व अन्य दो मित्रों ने शर्त लगाई कि कौन ज्यादा समय तक डुबकी लगाकर पानी में रह सकता है। बताया गया है कि अन्य दो मित्र कुछ सेकेंड बाद बाहर आ गए, लेकिन प्रकाश पटेल ज्यादा समय तक नहीं ऊपर आया तो अन्य मित्रों ने कूद कर उसे बाहर निकाला। बताया गया है कि मित्रों ने सीपीआर देने सहित सभी उपाय किया लेकिन प्रकाश पटेल अचेत ही रहा। जिसके बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर पुलिस द्वारा अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। लेकिन शर्त लगाने के चक्कर में एक व्यक्ति की जान जाने की घटना चर्चा में है और वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।



मृतक की फाइल फोटो

## अप्रेल तक होसुर एयरपोर्ट के लिए स्थान तय कर लेगा तमिलनाडु

**चेन्नई @ पत्रिका.** तमिलनाडु सरकार अप्रेल तक औद्योगिक शहर होसुर के लिए नियोजित एयरपोर्ट के लिए स्थान तय कर लेगी, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा दो शॉर्टलिस्ट किए गए स्थलों का विस्तृत अध्ययन एक सप्ताह के भीतर पूरा होने की संभावना है। एएआई वर्तमान में दो स्थलों का विस्तृत सर्वेक्षण कर रहा है, जिसमें होसुर के पास बेलगोंडापल्ली में तनेजा एविएशन एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (टीएएएल) के स्वामित्व वाले निजी एयरपोर्ट के करीब स्थित गांव शामिल हैं

**याचिकाकर्ता को भी लगाई फटकार**

## कोई भी जाति मंदिर पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती : मद्रास हाईकोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** मद्रास उच्च न्यायालय ने हाल ही में कहा कि कोई भी जाति मंदिर के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती है और जातिगत पहचान के आधार पर मंदिर प्रशासन भारत के संविधान के तहत संरक्षित धार्मिक प्रथा नहीं है।

न्यायाधीश भरत चक्रवर्ती ने कहा कि जाति के नाम पर खुद को पहचानने वाले सामाजिक समूह पारंपरिक पूजा पद्धतियों को जारी रखने के हकदार हो सकते हैं, लेकिन जाति अपने आप में संरक्षित 'धार्मिक संप्रदाय' नहीं है।
अदालत ने हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (एचआर एंड सीई विभाग) को अरुलमिघु पोंकलीअम्मन मंदिर के प्रशासन को मंदिरों के एक समूह से अलग करने की सिफारिश को मंजूरी देने के लिए निर्देश देने की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की हैं।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अन्य तीन मंदिरों का प्रबंधन कई जातियों के व्यक्तियों द्वारा किया जाता था, जबकि पोंकलीअम्मन मंदिर का रखरखाव ऐतिहासिक रूप से केवल उनकी जाति के सदस्यों द्वारा किया जाता रहा है। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ता के रुख पर कड़ी आपत्ति जताते हुए दोहराया कि इस तरह के दावे जाति विभाजन को कायम रखते हैं और जातिविहीन समाज के संवैधानिक लक्ष्य के विपरीत हैं। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता के अनुरोध में "जाति को कायम रखने और अन्य साथी मनुष्यों के प्रति घृणा की भावना है जैसे कि वो अलग-अलग प्राणी हों।

### जाति एक सामाजिक बुराई

अदालत ने आगे कहा, "मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है और इस तरह, सभी भक्तों द्वारा इसकी पूजा, प्रबंधन और प्रशासन किया जा सकता है।" न्यायाधीश चक्रवर्ती ने पिछले निर्णयों का भी उल्लेख किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि जाति एक सामाजिक बुराई है और जाति को बनाए रखने की दिशा में किसी भी तरह की बात को किसी भी न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### न्यायालय ने लगाई क्लास

न्यायालय ने कहा "जातिगत भेदभाव में विश्वास करने वाले लोग 'धार्मिक संप्रदाय' की आड़ में अपनी घृणा और असमानता को छिपाने की कोशिश करते हैं, मंदिरों को इन विभाजनकारी प्रवृत्तियों को पोषित करने और सामाजिक अशांति पैदा करने के लिए उपजाऊ जमीन के रूप में देखते हैं। कई सार्वजनिक मंदिरों को एक विशेष 'जाति' से संबंधित बताया जा रहा है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 केवल आवश्यक धार्मिक प्रथाओं और धार्मिक संप्रदायों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। कोई भी जाति मंदिर के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती है। जातिगत पहचान के आधार पर मंदिर का प्रशासन धार्मिक प्रथा नहीं है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि केवल आवश्यक धार्मिक प्रथाएं और धार्मिक संप्रदाय, जो एक अलग दर्शन का पालन करते हैं, भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत संरक्षण के हकदार हैं।

| शेयर बाजार | | सोना | | चांदी | | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | निफ्टी | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | | | | | | | |
| 73,730 (+740.30) | 22,337 (+254.65) | ₹88,450 ↑ (प्रति 10 ग्राम)(+150) | ₹85,986 ↓ (प्रति 10 ग्राम)(-40) | ₹97,600 ↑ (प्रति किग्रा)(+800) | ₹97,182 ↑ (प्रति किग्रा) (+926) | $ 89,889 (+7.03) | $ 2,217 (+5.48) | $ 599.9 (+4.88%) | ₹87.07 ↓ (प्रति 1 डॉलर) | ₹91.98 ↑ (प्रति यूरो) | ₹106.45 (प्रति लीटर) | ₹91.85 |

**निवेश:** ब्लैकरॉक ने खरीदे दो प्रमुख बंदरगाह

# ट्रंप की पहली जीत...चीन को पनामा नहर से खदेड़ा




हचिसन होल्डिंग ने 22.8 अरब डॉलर में इस बंदरगाह में *अपनी हिस्सेदारी बेची*

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सत्ता में आते ही जिस पनामा नहर से चीन को खदेड़ने और अमरीकी नियंत्रण हासिल करने का संकल्प लिया था, उसमें उन्हें सफलता मिलना शुरू हो गई है। ट्रंप के दबाव के बाद हांगकांग स्थित कंपनी सीके हचिसन होल्डिंग पनामा नहर के दो प्रमुख बंदरगाहों में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी अमरीकी निवेश फर्म ब्लैकरॉक के नेतृत्व वाले समूह को बेच दिया है। इस सौदे को ट्रेड वॉर में चीन के खिलाफ अमरीका की पहली बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। अभी हचिसन होल्डिंग एक सहायक कंपनी के माध्यम से पनामा नहर के अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर के प्रवेश द्वारों पर दो बंदरगाहों का संचालन कर रही थी।

### पनामा सरकार से मंजूरी की आवश्यकता होगी

**ट्रंप प्रशासन** की ओर पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो के सामने कई बार यह मुद्दा उठाया गया था कि पनामा नहर पर चीन का नियंत्रण अमरीका को स्वीकार्य नहीं है और अमरीका को इस प्रमुख शिपिंग मार्ग का नियंत्रण अपने हाथ में ले लेना चाहिए। ट्रंप ने बुधवार के अपने संबोधन में भी यह दोहराया कि वे पनामा नहर को वापस लेने जा रहे हैं। इस सौदे के लिए पनामा सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

**ट्रेड वॉर:** भारतीय शेयर बाजार पर अमरीकी टैरिफ का असर नहीं, सेंसेक्स 740 अंक चढ़ा

# 'ट्रंप टैरिफ' अमरीका पर ही भारी, डॉलर टूटा, फूटेगा अमरीकी बाजार का बुलबुला!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ट्रंप की ओर से शुरू ट्रेड वॉर से वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाजारों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यह संकट 2008 के वित्तीय संकट और कोविड महामारी के बाद सबसे बड़ी उथल-पुथल साबित हो सकती है। वैश्विक कंसल्टिंग फर्म डीवियर ग्रुप ने कहा, इससे वर्ल्ड ट्रेड और ग्लोबल जीडीपी में सुस्ती आ सकती है। साथ ही अमरीका में महंगाई और बढ़ेगी, जिससे फेडरल रिजर्व सख्त रुख अपना सकता है।

इससे अमरीकी शेयर बाजार का बुलबुला फूटेगा और जल्द तेज गिरावट आ सकती है, क्योंकि अमरीकी बाजार काफी ओवरवैल्यूड है। इसका प्राइस-टू-बुक रेश्यो 5.2 है जो जापान के लिए 1.8 और चीन के लिए 1.3 है। भारत के लिए यह 3.8 है। भारत पर 2 अप्रेल से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की ट्रंप की घोषणा से भारतीय शेयर बाजार पर असर नहीं हुआ। भारतीय बाजार में पुलबैक रैली दिखी। सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 पर बंद हुआ। निफ्टी 1.15% की तेजी से 22,337 पर पहुंच गया। स्मॉल, माइक्रो और मिडकैप इंडेक्स में 3% तेजी आई।

**03% चढ़े** स्मॉलकैप, मिडकैप व माइक्रोकैप इंडेक्स



### भारत के कृषि क्षेत्र पर मंडरा रहा खतरा

**अमरीका** और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ने का भारतीय कृषि उत्पादों के निर्यातकों को मामूली फायदा हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को इसका कुछ न कुछ लाभ तो मिलेगा, मगर वह केवल कपास तक ही सीमित रह सकता है। इसके उलट अगर अमरीका चीन नहीं भेजी जा रही वस्तुओं को भारतीय बाजार में धकेलना शुरू करेगा तो भारत के कृषि क्षेत्र को झटका लग सकता है। इससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा, खासकर मक्का और सोयाबीन को झटका लग सकता है। एपीडा के पूर्व प्रमुख गोकुल पटनायक ने कहा, अगर चीन अमरीका से कृषि आयात कम करता है तो सभी जिंसों में कपास अधिक फायदे में रहेगा। भारत से चीन को कपास का निर्यात बढ़ेगा।

### बैकफायर कर रहीं ट्रंप की नीतियां



**ट्रेड वॉर** से डॉलर-क्रूड में गिरावट आई और रुपया मजबूत हुआ। एक डॉलर की कीमत 86.97 रुपए रह गई। डॉलर इंडेक्स तीन महीने के निचले स्तर 105.07 पर आ गया है, जो एक माह पहले 109 तक पहुंच गया था। इस हफ्तेे डॉलर 1.7% गिरा है, जिसे ट्रंप और मजबूत करना चाहते हैं। ट्रेड वॉर से अमरीकी इकोनॉमी में अब सुस्ती के संकेत हैं। अमरीकी शेयर बाजार भी एक हफ्ते में 4% गिरा है। क्रूड ऑयल 70 डॉलर पर आ गया है।

### नई 'जंग' में भारत के लिए छिपा गोल्डन चांस

अगर भारत सही रणनीति अपनाए, तो अमरीका के साथ बेहतर ट्रेड डील हासिल कर सकता है। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से कई देशों का एक्सपोर्ट अमरीका में महंगा हो जाएगा। ऐसे में भारत इस मौके को भुना ले और अमरीका से फेवरेबल डील कर ले तो भारतीय उत्पादों के लिए अमरीकी बाजार के दरवाजे खुल सकते हैं। साथ ही जिन देशों पर अमरीका ने टैरिफ लगा दिए हैं, उनकी जगह भारत के लिए नया बाजार खुल सकता है। **-जयंत दासगुप्ता,** भारत के पूर्व डब्ल्यूटीओ एंबेसडर

***चीन से मेटल स्टॉक्स को दम:*** चीन की ओर से स्टील इंडस्ट्री की रि-स्ट्रक्चरिंग की घोषणा के बाद भारत की मेटल कंपनियों के शेयरों में बड़ा उछाल आया। निफ्टी मेटल इंडेक्स 4% चढ़ा। चीन के इस कदम से भारत में सस्ते इस्पात की डंपिंग में कमी आने की उम्मीद है, जो घरेलू इस्पात कंपनियों के लिए एक बड़ा सकारात्मक कदम होगा। इससे हिन्दुस्तान कॉपर और वेल्सपुन कॉर्प के शेयर 7% चढ़ गए।

**बड़े किसान-बड़ा लाभ,** छोटे किसान पीछे


# 15% से कम किसानों को मिला एमएसपी का लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार और किसानों के बीच न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आने वाले कुछ दिनों में एक बार फिर बातचीत का दौर शुरू हो सकता है। इसी बीच, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी रिसर्च (एनआइएपी) की रिपोर्ट 'कृषि मूल्य नीति सुधार की दुविधा: खाद्य सुरक्षा, किसानों के हित और प्राकृतिक संसाधनों की स्थिरता में संतुलन' में यह खुलासा हुआ है कि एमएसपी नीति से अधिकतर लाभ केवल बड़े किसानों को मिल रहा है, किसानों की आय में वृद्धि तो होती है पर समान रूप से नहीं।

छोटे और सीमांत किसान इससे अपेक्षित लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार यदि एमएसपी खरीद में छोटे और सीमांत किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुधार लाए, तो इससे कृषि क्षेत्र में अधिक संतुलन बनाया जा सकता है। प्राइस डेफिशियंसी पेमेंट स्कीम (मूल्य अंतर भुगतान योजना) को बढ़ावा देकर छोटे किसानों की स्थिति मजबूत की जा सकती है।

### मूल्य, उत्पादन और आय में वृद्धि पर एमएसपी का असर




(स्रोत: आइसीएआर-एनआईएपी पॉलिसी पेपर)

### रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- 15% धान व 9.6% गेहूं उत्पादक ***किसानों को ही एमएसपी का लाभ***
- धान किसान उपज का केवल 24% और ***गेहूं किसान उपज का केवल 21% एमएसपी पर बेच पाते हैं***
- 31.3% धान उत्पादक 37.8% धान और ***23.5% गेहूं उत्पादक 29.8% गेहूं एमएसपी प्रणाली के तहत बेचते हैं।***
- छोटे किसानों में केवल 10.5% धान व 4.5% गेहूं उत्पादक एमएसपी प्रणाली से जुड़े हैं। ***ये उपज का सिर्फ 12.6% धान और 7.3% गेहूं एमएसपी पर बेच पाते हैं।***
- एमएसपी आधारित खरीद प्रणाली से धान की खेती से आय में 23.2% और ***गेहूं की खेती से आय में 9.6% वृद्धि होती है।***

**नया इनकम टैक्स कानून 1 अप्रेल 2026 से होगा लागू:** टैक्स चोरी-क्रिप्टो होल्डिंग की जांच के दौरान अधिकारी फेसबुक, इंस्टा अकाउंट तक खंगाल सकते हैं

# टैक्सपेयर के ईमेल-सोशल मीडिया को एक्सेस कर सकेंगे अधिकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** टैक्स चोरी और डिजिटल एसेट्स (क्रिप्टोकरेंसी आदि) होल्डिंग छिपाने के मामलों में इनकम टैक्स अधिकारी टैक्सपेयर्स के डिजिटल अकाउंट्स की जांच कर सकेंगे। नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स अधिकारियों के अधिकार बढ़ाए गए हैं, जो 1 अप्रेल, 2026 से लागू होंगे। टैक्स चोरी का संदेह होने पर इनकम टैक्स अधिकारी टैक्सपेयर्स के ईमेल, सोशल मीडिया, बैंक अकाउंट्स, ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और दूसरे ऑनलाइन इनवेस्टमेंट की जांच कर सकेंगे। नए इनकम टैक्स बिल के क्लॉज 247 में इसका प्रावधान है। सरकार ने नए इनकम टैक्स बिल पर व्यापक चर्चा के लिए वित्त पर संसद की स्थायी समिति को भेज दिया गया है। समिति की सिफारिशों के बाद इसमें जरूरी संशोधन कर इसे लागू किया जाएगा।

### टैक्स अफसरों के बढ़ेंगे अधिकार

**अभी इनकम** टैक्स अधिकारियों को टैक्स चोरी का संदेह होने पर टैक्सपेयर्स के फिजिकल एसेट्स की तलाशी-जब्ती का अधिकार है। वे जांच के लिए कमरे के बंद दरवाजों को तोड़ सकते हैं। लॉक तोड़ सकते हैं। लॉकर्स की जांच कर सकते हैं। नए बिल में टैक्स अधिकारियों को डिजिटल एसेट्स यानी कंप्यूटर, ईमेल, ऑनलाइन फाइनेंशियल अकाउंट्स की जांच करने के अधिकार भी दे दिए गए हैं। यदि कोई टैक्सपेयर जांच में सहयोग से मना करता है या ई-मेल, सोशल मीडिया अकाउंट की डिटेल देने में आनाकानी करता है तो अधिकारी अकाउंट के पासवर्ड को बायपास कर सकते हैं, सेफ्टी सेटिंग्स ओवरराइड कर सकते हैं।




### वर्चुअल डिजिटल स्पेस में ये चीजें होंगी शामिल

**नए इनकम** टैक्स बिल में वर्चुअल डिजिटल स्पेस के बारे में बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वर्चुअल डिजिटल स्पेस के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आएंगे। इसमें फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। साथ ही टैक्सपेयर्स के ईमेल अकाउंट्स भी शामिल होंगे। ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, क्लाउड स्टोरेज और ऑनलाइन बैंक अकाउंट भी इसके तहत आएंगे।

***डिजिटल स्क्रूटनी भी होगी:*** एक्सपर्ट्स का कहना है कि इनकम टैक्स अफसरों के अधिकार बढ़ने से टैक्सपेयर की डिजिटल स्क्रूटनी भी होगी। टैक्स अधिकारी बगैर पासवर्ड्स टैक्सपेयर्स के डिजिटल स्पेस में दाखिल हो सकेंगे। इससे टैक्स कंप्लायंस बढ़ेगा और ब्लैक मनी पर लगाम लगेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर टैक्सपेयर चाहता है कि उसके डिजिटल स्पेस में सेंध लगाने की जरूरत नहीं आए तो उसे पहले से ही टैक्स अधिकारियों को मांगी गई हर जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

### सभी पर लागू नहीं होंगे नियम

**यह नियम** केवल उन करदाताओं पर लागू होगा, जिनपर टैक्स चोरी या क्रिप्टोकरेंसी सहित अघोषित संपत्ति का संदेह होगा। एकोर्ड ज्यूरिस के मैनेजिंग पार्टनर अलय रिजवी ने बताया, डिजिटल अकाउंट्स की जांच के लिए आयकर अधिकारियों के पास पर्याप्त कारण होना चाहिए कि टैक्सपेयर ने आय छिपाई है। जिन टैक्सपेयर्स के सोशल मीडिया अकाउंट पर लग्जरी स्पेंडिंग जैसे कार-मकान-ज्वैलरी की खरीद दिखेगी और यह उनकी आय से अधिक लगेगा, तो टैक्स अधिकारी इसकी जांच कर सकते हैं। टैक्स फ्रॉड में शामिल लोगों के खातों की जांच सबूत जुटाने के लिए की जा सकती है। अगर किसी ने कम आय बताई और बड़े लेनदेन कर रहा है तो भी जांच हो सकती है।

### प्राइवेसी को लेकर चिंता

**कानूनी विशेषज्ञ** सरकार के इस कदम से खुश नजर नहीं आ रहे हैं। नांगिया एंडरसन एलएलपी के पार्टनर विश्वास पंजियार ने कहा, यह टैक्सपेयर की पर्सनल डेटा की अनावश्यक जांच का कारण बन सकता है, क्योंकि अभी तक देश में डेटा प्रोटेक्शन को लेकर कोई स्पष्ट नियम नहीं है। डेटा प्रोटेक्शन बिल अभी भी पेंडिंग है। अमरीका-यूरोप में टैक्सपेयर्स का प्राइवेट डेटा एक्सेस करने के लिए अधिकारियों को कोर्ट से इजाजत लेनी पड़ती है। लेकिन नया इनकम टैक्स बिल टैक्स अधिकारियों को सीधे डिजिटल अकाउंट्स तक पहुंच देती है, जिससे प्राइवेसी की चिंताएं उभरी हैं।

**1 अक्टूबर, 2023** के बाद जन्मे बच्चों के लिए नियम

# पासपोर्ट बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र देना हुआ अनिवार्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनवाने के नियमों में बदलाव किया है। अब किसी भी आवेदक के लिए जन्म प्रमाण पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे बच्चे जिनका जन्म 1 अक्टूबर, 2023 के बाद हुआ है, उनका पासपोर्ट बनवाने के लिए बर्थ सर्टिफिकेट देना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इससे पहले जन्मे लोग 10वीं बोर्ड की मार्कशीट या सर्टिफिकेट, स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या कोई अन्य सरकारी आईडी जैसे अतिरिक्त दस्तावेजों के आधार पर अपनी जन्म तिथि साबित कर सकते हैं। साथ ही सरकार ने फैसला किया है कि अगले 5 वर्षों में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या 442 से बढ़कर 600 की जाएगी। इससे आवेदकों के लिए सुरक्षा, दक्षता और सुविधा बढ़ सकेगी।

### ये बदलाव भी हुए

- ***आवासीय पता:*** पासपोर्ट के आखिरी पन्ने में अब आवासीय पता नहीं प्रिंट किया जाएगा, इसकी बजाय ***इमिग्रेशन अधिकारी बारकोड को स्कैन कर जानकारी हासिल कर सकेंगे।***
- ***कलर-कोडिंग:*** पासपोर्ट के लिए अब एक नई रंग-कोडित प्रणाली की शुरुआत की गई है। ***अधिकारियों के लिए सफेद, राजनयिकों के लिए लाल और आम नागरिकों के लिए नीले रंग का पासपोर्ट जारी किया जाएगा*** जो अधिकारियों के लिए पासपोर्ट की पहचान करने में सुगमता और सहजता प्रदान करेगा।
- ***माता-पिता का नाम:*** पासपोर्ट धारकों के माता-पिता का नाम अब पासपोर्ट के आखिरी पन्ने पर नहीं छापा जाएगा। ***इस नियम से एकल अभिभावक या अलग-थलग परिवारों के बच्चों को राहत मिलेगी और उनकी गोपनीयता बरकरार रहेगी।***

**नीति आयोग**

## टेक्नोलॉजी से देश की विकास दर 2-3% बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** उन्नत टेक्नोलॉजी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने आयोग की ओर से नीति फ्रंटियर टेक हब (नीति-एफटीएच) की लॉन्चिंग पर कहा कि तकनीक भारत की विकास दर को 2-3% तक बढ़ाने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा, नीति-एफटीएच भारत को तकनीकी रूप से अग्रणी राष्ट्र बनाने में मदद करेगा। इस पहल का लक्ष्य एआइ, क्वांटम कंप्यूटिंग और जैविक विज्ञान जैसी उन्नत तकनीकों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में तेजी लाना है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि इन तकनीकों के माध्यम से शिक्षा, कृषि, रोजगार और शासन में सुधार होगा, जिससे उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

**फ्लोरिडा में हेट क्राइम**

## भारतीय मूल की नर्स पर हमला, कई हड्डियां टूटी

**फ्लोरिडा. @ पत्रिका** अमरीका के फ्लोरिडा में स्टीफन स्कैंटलबेरी ने भारतीय मूल की नर्स लीलेम्मा लाल (67) पर हमला कर दिया।

नर्स के चेहरे की कई हड्डियों के साथ कंधे की हड्डी भी टूट गई। उनकी आंखों की रोशनी जा सकती है। इसे हेट क्राइम का मामला माना जा रहा है। हमला पाल्म्स वेस्ट हॉस्पिटल में हुआ। मानसिक रूप से बीमार आरोपी का वहां इलाज चल रहा था। उसने नर्स को मुक्के मारे। वह चिल्ला रहा था, 'भारतीय बुरे होते हैं।' हमले के बाद वह अस्पताल से भाग गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**रिपोर्ट:** सुपर रिच लोगों के मामले में भारत सिर्फ अमरीका-चीन, जापान से पीछे

# भारत में करोड़पतियों की संख्या 6% बढ़ी, देश में अब 85,608 अत्यधिक अमीर लोग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारत में अमीरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। देश में करोड़पतियों की संख्या वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत बढ़कर 85,698 हो गई, जो साल 2023 में 80,686 थी। जबकि अरबपतियों की संख्या 12% बढ़कर 191 पर पहुंच गई है। इनमें से 26 पिछले साल ही इस श्रेणी में शामिल हुए हैं। जबकि 2019 में यह संख्या सिर्फ 7 थी। नाइटफ्रैंक की ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट के मुताबिक, 10 करोड़ डॉलर यानी 870 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति वाले भारतीयों (यूएनएचआइ) की संख्या आगे और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। अनुमान है कि वर्ष 2028 तक यह संख्या बढ़कर 93,753 हो सकती है, जो भारत के बढ़ते धन परिदृश्य को दर्शाता है। सुपर रिच लोगों के मामले में भारत सिर्फ अमरीका-चीन, जापान से पीछे है। वहीं भारतीय अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर आंकी गई है, जो अमरीका के 5,700 अरब डॉलर और चीन के 1,340 अरब डॉलर के बाद तीसरे स्थान पर है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा अमीर इन 10 देशों में

| देश | अमीरों की संख्या | ग्लोबल हिस्सेदारी |
|---|---|---|
| अमरीका | 9,05,413 | 38.7% |
| चीन | 4,71,634 | 20.1% |
| जापान | 1,22,119 | 5.2% |
| भारत | 85,698 | 3.7% |
| जर्मनी | 69,798 | 3.0% |
| कनाडा | 64,988 | 2.8% |
| ब्रिटेन | 55,667 | 2.4% |
| फ्रांस | 51,254 | 2.2% |
| ऑस्ट्रेलिया | 42,789 | 1.8% |
| हांगकांग | 42,715 | 1.8% |

### नेक्स्ट-जेन अमीरों की प्राथमिकता

| एसेट | हिस्सेदारी |
|---|---|
| आलीशान बंगला | 29.8% |
| लग्जरी कार | 27.8% |
| प्राइवेट जेट | 15.1% |
| आर्ट कलेक्शन | 12.4% |
| सुपर यॉट | 8.0% |
| वाइन कलेक्शन | 4.4% |
| अन्य | 1.6% |

**12%** बढ़कर 191 पर पहुंच गई है देश में अरबपतियों की संख्या

### स्टार्टअप्स के चलते भारत में बढ़े धनकुबेर

**भारत** की इस प्रभावशाली प्रगति का श्रेय देश के उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम को दिया जा सकता है। स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच और उद्यमशीलता की संस्कृति ने इस वृद्धि को गति दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्टअप संस्कृति भारत और फिलीपींस जैसे देशों में अमीरों की वृद्धि की महत्वपूर्ण वजह बनी है। ये उद्यमी और अधिक धनवान बन सकते हैं, जिससे हाई-टेक कंपनियों का नया युग शुरू हो रहा है, जो एशिया के आर्थिक परिदृश्य को बदल रहा है।

**शोध:** 2028 तक पैदा हो सकता है वूली मैमथ

# वूली मैमथ को वापस लाने तैयार किए वूली चूहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन .** सदियों पहले धरती से लुप्त हो चुकी हाथियों की प्रजाति वूली मैमथ को फिर से धरती पर वापस लाने की कोशिश कर रहे वैज्ञानिकों ने नए वूली चूहे तैयार किए हैं।

विशालकाय मैमथ के शरीर पर घने बाल होते थे, जो इन्हें ठंडे वातावरण में जीवित रहने में मदद करते थे। अब अमरीकी शोधकर्ताओं ने आनुवंशिक रूप से संशोधित नए चूहे तैयार किए हैं, जिनमें ऊनी बाल जैसे दूसरे गुण हैं जो उनकी ठंड को सहने की क्षमता को बढ़ाते हैं। कोलोसल बायोसाइंसेज कंपनी के वैज्ञानिक एशियाई हाथियों के जीन में बदलाव करके, उन्हें वूली मैमथ जैसे गुण देने की कोशिश कर रहे हैं। कंपनी का प्रयास है कि 2028 के अंत तक फिर से वूली मैमथ का जन्म हो सके।

**दो तरह से किया चूहों के जीन में बदलाव :** शोध के दौरान मुख्य रूप से दो तरह से नए चूहे पैदा करने की कोशिश की गई। पहले परीक्षण के दौरान चूहों के फर्टिलाइज्ड अंडों के डीएनए में बदलाव किए गए। वहीं दूसरे में चूहे के एम्ब्रियोनिक स्टेम सेल्स (शुरुआती कोशिकाएं ) में बदलाव किए और फिर उन बदली हुई कोशिकाओं को चूहे के एम्ब्रियो (भ्रूण) में डाला कर उस एम्ब्रियो को सरोगेट चूहे के गर्भ में डाला गया।

**वायरल:** चीन में गश्त कर रही रोबोटिक पुलिस

**बीजिंग @ पत्रिका .** चीन की सड़कों पर पुलिस की वर्दी पहने हुए इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट गश्त करते हुए देखे गए है।

रोबोटिक पुलिस के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। शेन्जेन और गुआंग्डोंग प्रांत के इन वीडियो में रोबोट असली पुलिस के साथ लाइन में चलते हुए और अपनी ड्यूटी करते हुए दिख रहे है।



# ट्रंप ने आतंकी को पकड़ने के लिए पाक को कहा शुक्रिया

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 2021 में अफगानिस्तान के काबुल एयरपोर्ट पर हुए बम धमाके के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने की सूचना देते हुए गिरफ्तारी में सहयोग करने के लिए पाकिस्तान सरकार को शुक्रिया कहा।

## पेज वन का शेष...

### ट्रेड वॉर में ...

ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत और अन्य देशों ने दशकों से अमरीका पर अधिक टैरिफ लगाए हैं और अब वह समय आ गया है जब अमरीका इन देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। खासतौर पर भारत का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि 100 प्रतिशत टैरिफ वसूलना अमरीका के लिए उचित नहीं है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रेड डील पर बात करने के लिए भारतीय दल अमरीका में हैं और द्विपक्षीय वार्ता हो रही है।

**चुनौती स्वीकार:** इस बीच, चीन ने ट्रंप टैरिफ की चुनौती को स्वीकार करते हुए जवाबी हमला किया और कहा कि उनका देश अमरीका के साथ हर तरह के युद्ध के लिए तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक अखबार से साक्षात्कार में कहा कि 'अगर अमरीका... टैरिफ युद्ध, व्यापार युद्ध या किसी अन्य तरह का युद्ध जारी रखता है तो चीनी पक्ष उनसे कड़वे अंत तक लड़ेगा।'

**डेमोक्रेट की चेतावनी:** अमरीकी कांग्रेस में राष्ट्रपति ट्रंप के अभिभाषण पर डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि सहयोगियों के साथ अमरीका की दोस्ती कमजोर हो रही है, जबकि व्यापार युद्ध से अर्थव्यवस्था को खतरा पैदा हो रहा है। सीनेटर एलिसा स्लोटकिन ने चेतावनी दी कि ट्रंप की आर्थिक नीतियां मंदी की ओर ले जा सकती हैं और नागरिकों को बहुत नुकसान पहुंचा सकती हैं। आज की दुनिया आपस में गहराई से जुड़ी है। प्रवासन, साइबर खतरे, एआइ, पर्यावरण विनाश, आतंकवाद - एक राष्ट्र इन मुद्दों का अकेले सामना नहीं कर सकता। हमें हर कोने में दोस्तों की जरूरत है - हमारी सुरक्षा इसी पर निर्भर करती है।

### स्टालिन बोले...

प्रस्ताव में यह भी मांग की गई कि यदि सांसदों की संख्या बढ़ाई जाती है, तो सभी राज्यों को वर्तमान आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाए। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक, कांग्रेस और वामपंथी दल, अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) सहित अन्य ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक का भाजपा, तमिल राष्ट्रवादी नाम तमिलर कच्ची (एनटीके) और पूर्व केंद्रीय मंत्री जी. के. वासन की तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) ने बहिष्कार किया। सत्तारूढ़ द्रमुक परिसीमन की कवायद का कड़ा विरोध कर रही है। पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री स्टालिन का दावा है कि इससे तमिलनाडु में लोकसभा की सीट कम हो जाएंगी। उन्होंने आश्चर्य जताया है कि क्या राज्य को पिछले कुछ साल में जनसंख्या नियंत्रण उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दंडित किया जा रहा है। स्टालिन ने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को तमिलों का 'दुश्मन' करार देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार वोट की खातिर तमिल भाषा के प्रति केवल दिखावटी प्रेम रखती है। भाजपा दावा करती है कि पीएम मोदी तमिल को बहुत सम्मान देते हैं और त्रिभाषा फार्मूला राज्यों की भाषाओं के विकास के लिए है, पर तमिल और संस्कृत के लिए धन के आवंटन में अंतर से यह स्पष्ट है कि वे तमिल के 'दुश्मन' हैं।

### महाकुंभ से...

**नाविक परिवार ने कमाए 30 करोड़:** महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के एक नाविक परिवार ने करीब 30 करोड़ रुपए की बचत की। इस परिवार की कहानी सीएम योगी आदित्यनाथ से विधानसभा में सुनाई। उन्होंने कहा कि नाविक परिवार के पास 130 नावें हैं। 45 दिन के दौरान एक नाव ने करीब 23 लाख रुपए की कमाई की है। प्रति दिन की बचत देखेंगे तो एक नाव ने 50 से 52 हजार रुपया कमाया है। इस तरह पूरे परिवार की कमाई 45 दिन में ही 30 करोड़ रुपए की हुई है। इस परिवार में 100 से अधिक सदस्य है।

### विदेश में...

वहीं सामान्य नागरिक एक साल में मात्र 2.5 लाख डॉलर ही भेज सकता है। इन नियम का गलत फायदा उठाते हुए कई अमीर भारतीय अपने बच्चों के एनआरआइ होने का लाभ उठाते हुए विदेश में बड़ी मात्रा में रकम भेजकर निवेश कर रहे हैं। इससे फेमा कानून का उल्लंघन हो रहा है और भारत सरकार को टैक्स का नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### ट्रंप ने ...

दूसरे देशों के विद्यार्थियों को डिपोर्ट कर दिया जाएगा। अमरीकी विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज से निकाल दिया जाएगा। शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन के मुताबिक पिछले महीने ट्रंप ने स्कूलों में यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए टास्क फोर्स भी बनाई थी।

### मणिशंकर की...

यूनिवर्सिटी सभी को पास कराने की कोशिश करती है। इसके बाद भी राजीव गांधी फेल हो गए। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी लंदन के इंपीरियल कॉलेज में भी फेल हुए थे। अय्यर ने सवाल उठाया कि ऐसा व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है? यह पहली बार नहीं है जब अय्यर ने अपने बयानों से विवाद खड़ा किया है। गौरतलब है कि अय्यर को कभी गांधी परिवार को बेहद करीबी माना जाता था।



भारत | पाकिस्तान | न्यूज़ीलैंड | बांग्लादेश

आइसीसी वनडे
चैंपियंस ट्रॉफी
CHAMPIONS TROPHY 2025



ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | द. अफ्रीका | अफगानिस्तान

**चैंपियंस ट्रॉफी विवाद :** कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने आइसीसी पर लगाया भारत को अनुचित फायदा देने का आरोप

# आलोचकों पर भड़के कोच गंभीर, हमें दुबई में खेलने का अनुचित फायदा नहीं मिल रहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दुबई.** भारतीय टीम का आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचना कई देशों को रास नहीं आ रहा है। टीम इंडिया ने लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई है। हाइब्रिड मॉडल के तहत भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेल रही है। दुनिया के कई पूर्व दिग्गजों ने आइसीसी पर भारत को अनुचित फायदा देने का आरोप लगाया है। इसपर, भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आलोचकों को लताड़ लगाई है।


## टीम इंडिया जानती थी, दुबई फायदेमंद होगा...



भारत के खिलाड़ी एक ही शहर में हैं। एक ही होटल में हैं। कोई यात्रा नहीं करनी है। एक ड्रेसिंगरूम में हैं। वे पिच व परिस्थितियों को जानते हैं। वे शायद जानते थे कि दुबई की पिच उनके लिए फायदेमंद होगी। **-नासिर हुसैन,** पूर्व कप्तान, इंग्लैंड टीम



बाकी टीमों को थकान और अन्य चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है जबकि टीम इंडिया इनसे दूर है। अन्य टीमों को विभिन्न पिचों और जलवायु के साथ तालमेल बिठाने के लिए भी काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। **माइक एथरटन,** पूर्व कप्तान, इंग्लैंड



मैं चाहूंगा कि आइसीसी जवाब दें? यदि वे क्रिकेट की संचालन संस्था हैं तो वर्तमान में ऐसा क्यों हो रहा है? मुझे लगता है कि यह राजनीति के कारण हो रहा है, लेकिन इन सब चीजों के लिए आइसीसी जिम्मेदार हैं। **-विव रिचर्ड्स,** पूर्व बल्लेबाज, वेस्टइंडीज

**10 वनडे मैच** भारतीय टीम ने दुबई में खेले, ***09 मैच जीते व 01 बेनतीजा रहा***



## कुछ लोगों को सिर्फ शिकायत करना आता है

**गंभीर** ने कहा, मुझे पता है कि अनुचित फायदे को लेकर काफी बहस हो रही है, लेकिन कौन सा अनुचित फायदा? हमारे लिए भी यह उतना ही तटस्थ स्थान है जितना बाकी टीमों के लिए। हमने स्टेडियम में एक दिन भी अभ्यास नहीं किया। हम आइसीसी अकादमी पर अभ्यास कर रहे हैं। यहां और वहां के हालात में 180 डिग्री का अंतर है। कुछ लोगों को बस शिकायत करना आता है। मुझे नहीं लगता कि हमें कोई अनुचित फायदा मिला है।

### हमें अच्छी रणनीति का फायदा मिला...

भारतीय कोच ने कहा, यह कहना गलत है कि हमें हालात का पहले से पता था, इस कारण हमने चार स्पिनर उतारे। यह टूर्नामेंट उपमहाद्वीप में हो रहा है। ऐसे में आप पाकिस्तान में खेलें या कहीं और, आपको पता होता है कि स्पिनर कारगर साबित होंगे। ***हमने पिछले 2 मैचों में जिन चार स्पिनरों को उतारा, उसमें दो ऑलराउंडर हैं। हमने अच्छी रणनीति बनाई और इसका हमें फायदा मिला।***

**खिताब जीतने तक संतुष्ट नहीं होंगे :** गंभीर ने कहा, हम जब तक खिताब नहीं जीतेंगे, तब तक संतुष्ट नहीं होंगे। हम लगातार सुधार करते रहना चाहते हैं। हमें अभी एक सबसे अहम मैच खेलना है और खिलाड़ियों को इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**आइसीसी वनडे रैंकिंग**

## विराट को फायदा, रोहित एक स्थान खिसक 5वें नंबर पर

**दुबई @ पत्रिका.** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को आइसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में फायदा मिला है। विराट एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा तीसरे स्थान से पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। उनका आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है।

**गिल शीर्ष पर कायम:** आइसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा है। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष पर कायम हैं। वहीं, श्रेयस अय्यर आठवें पायदान पर डटे हुए हैं।

**आज का पोल**

**क्या स्टीव स्मिथ का वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला सही है?**

YES | NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

बुधवार का जवाब

हां 65% नहीं 35%

***पिछला सवाल:*** क्या न्यूजीलैंड टीम दक्षिण अफ्रीका का विजयी सफर खत्म करेगी?

**चैंपियंस ट्रॉफी, दूसरा सेमीफाइनल :** कीवी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 रन से दी मात

# दक्षिण अफ्रीका फिर चोकर्स, न्यूजीलैंड ने तीसरी बार बनाई फाइनल में जगह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लाहौर.** न्यूजीलैंड टीम ने आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब खिताब के लिए उसकी भिड़ंत रविवार को भारतीय टीम से होगी। यहां खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में कीवी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 362 रन बनाए। यह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने इसी टूर्नामेंट में इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 22 फरवरी को पांच विकेट पर 356 रन बनाए थे। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने नौ विकेट पर 312 रन बनाए कीवी टीम ने 2009 के बाद पहली जबकि कुल तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई।

### पांचवीं बार अंतिम चार में मिली शिकस्त

**दक्षिण** अफ्रीकी टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में कुल पांचवीं बार सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी है। इससे पहले, उसे 2000, 2002, 2006 और 2013 में हार मिली थी। बड़े मैचों में हारने के कारण दक्षिण अफ्रीकी टीम को चोकर्स कहते हैं।

***मिलर का शतक :*** द. अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने 67 गेंदों में 10 चौकों और चार छक्कों के साथ नाबाद 100 रन ठोके और सातवां शतक लगाया। द. अफ्रीका के कप्तान व ओपनर तेंबा बावूमा ने 71 गेंदों में 56 रन बनाए। उनकी धीमी पारी दक्षिण अफ्रीका को ले डूबी।



**कमाल की साझेदारी...**

**164** रन दूसरे विकेट के लिए केन और रवींद्र ने जोड़े

**108** रन की पारी खेली ***रचिन रवींद्र ने*** | **102** रन ठोके **विलियमसन** ने

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 19000 रन पूरे**

**34 वर्षीय** विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 19000 रन का आंकड़ा भी पार किया। वे ***यह कमाल करने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बने।*** उनके नाम 105 टेस्ट में 9276, 172 वनडे में 7149 और 93 टी-20 मैचों में 2575 रन हो गए हैं।

**बुधवार** को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रचिन रवींद्र और केन विलियमसन।

### जीत का हीरो : रवींद्र ने लगाई दूसरी सेंचुरी

**शानदार** फॉर्म में चल रहे रचिन रवींद्र ने शतकीय पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। रचिन ने 101 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के के साथ 108 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का कुल पांचवां और इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक लगाया।

***बनाया खास रेकॉर्ड :*** रचिन रवींद्र आइसीसी के सभी प्रारूपों के टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने केन विलियमसन (4 शतक) को पीछे छोड़ा।

***टॉप बैटर*** बेन डुकेट, इंग्लैंड **227** रन | ***टॉप बॉलर*** हेनरी, न्यूजीलैंड **10** विकेट

**स्कोर बोर्ड**

| न्यूजीलैंड पारी | 50 ओवर में 362/6 | | | |
|---|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
| विल यंग को मार्करम बो एनगिडी | 21 | 23 | 03 | 00 |
| रविंद्र को क्लासेन बो रबाडा | 108 | 101 | 13 | 01 |
| विलियमसन को एनगिडी बो मुल्डर | 102 | 94 | 10 | 02 |
| मिचेल को रबाडा बो एनगिडी | 49 | 37 | 04 | 01 |
| लाथम बो रबाडा | 04 | 05 | 00 | 00 |
| फिलिप्स रनआउट | 49 | 27 | 06 | 01 |
| ब्रेसवेल को रिकेल्टन बो एनगिडी | 16 | 12 | 02 | 00 |
| सेंटनर नाबाद | 02 | 01 | 00 | 00 |

अतिरिक्त: 11. विकेट पतन: 1-48, 2-212, 3-251, 4-257, 5-314, 6-360. गेंदबाजी: मार्को जेंसन 10-0-79-0, एनगिडी 10-0-72-3, रबाडा 10-1-70-2, मुल्डर 6-0-48-1, महाराज 10-0-65-0, मार्करम 4-0-23-0.

| दक्षिण अफ्रीका पारी | 50 ओवर में 312/9 | | | |
|---|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
| रिकेल्टन को ब्रेसवेल बो हेनरी | 17 | 12 | 04 | 00 |
| बावूमा को विलियमसन बो सेंटनर | 56 | 71 | 04 | 01 |
| डुसेन बो सेंटनर | 69 | 66 | 04 | 02 |
| मार्करम को रचिन बो रविंद्र | 31 | 29 | 03 | 00 |
| क्लासेन को हेनरी बो सेंटनर | 03 | 07 | 00 | 00 |
| डेविड मिलर नाबाद | 100 | 67 | 10 | 04 |
| मुल्डर को रविंद्र बो ब्रेसवेल | 08 | 13 | 01 | 00 |
| जेंसन एलबीडब्ल्यू बो फिलिप्स | 03 | 07 | 00 | 00 |
| महाराज को लाथम बो फिलिप्स | 01 | 04 | 00 | 00 |
| रबाडा को फिलिप्स बो हेनरी | 16 | 22 | 02 | 00 |
| एनगिडी नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

अतिरिक्त: . विकेट पतन: 1-20, 2-125, 3-161, 4-167, 5-189, 6-200, 7-212, 8-218, 9-256.
गेंदबाजी: हेनरी 7-0-43-2, जेमिसन 7-1-57-0, ओरुर्के 8-0-69-0, ब्रेसवेल 10-0-53-1, सेंटनर 10-0-43-3, रचिन रविंद 5-0-20-1, फिलिप्स 3-0-27-2.

### विलियमसन ने लगाई शतकों की हैट्रिक

**अनुभवी** बल्लेबाज केन विलियमसन ने 94 गेंदों में 102 रन की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने वनडे क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरा शतक लगाया। उन्होंने करियर का कुल 15वां शतक जड़ा और इस पारी के दौरान 10 चौके व दो छक्के लगाए।

**कप्तान सेंटनर भी छाए :** कीवी टीम के कप्तान और स्पिनर मिचेल सेंटनर ने जबरदस्त गेंदबाजी की और सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। उनके इस टूर्नामेंट में चार मैचों में कुल सात विकेट हो गए हैं।

**भारत से मिली हार के बाद लिया बड़ा फैसला**




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दुबई.** ऑस्ट्रेलियाई टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के वनडे विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे।

### विदाई का सही समय

**स्मिथ** ने अपने बयान में कहा, वनडे में मेरी बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्व कप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं।

***दो बार विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे***

स्मिथ दो विश्व कप जीत चुके हैं। वह 2015 में माइकल क्लार्क और 2023 में पैट कमिंस की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

**लेब्रोन जेम्स...**

## 50,000 अंक बनाने वाले पहले खिलाड़ी



एनबीए स्टार लेब्रोन जेम्स।

**लॉस एंजिलिस @ पत्रिका.** दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स ने इतिहास रच दिया और वह एनबीए इतिहास में 50,000 अंक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। लॉस एंजिलिस लेकर्स के स्टार खिलाड़ी लेब्रोन ने न्यू ऑरलियंस पेलिकंस के खिलाफ मैच में 17 अंक बनाने के साथ ही यह करिश्माई आंकड़ा पार किया। जेम्स ने साल 2023 में एनबीए में सर्वाधिक अंक जुटाने के करीम अब्दुल जब्बार के रेकॉर्ड को तोड़ा था। करीम 38,387 अंकों के साथ एनबीए के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

**प्राग मास्टर्स शतरंज**

## छठे दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ पर छूटे

**प्राग@ पत्रिका.** प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में सभी बाजियां ड्रॉ पर छूटीं। टूर्नामेंट के इस संस्करण में ऐसा पहली बार हुआ है। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा और अरविंद चितंबरम छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए रखने में सफल रहे। अमरीका के ग्रैंडमास्टर सैम शैंकलैंड ने प्रग्गनानंदा को ड्रॉ पर रोका, जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। सातवें दौर में प्रग्गनानंदा का सामना वेई यी से व अराविंद का अनीश गिरी से होगा।

**यूएफा चैंपियंस लीग :** अंतिम-16 के पहले चरण में पीएसवी को 7-1 से हराया

# आर्सेनल की घर से बाहर सबसे बड़ी जीत

### क्वार्टरफाइनल में प्रवेश तय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आइंडहोवन (नीदरलैंड्स).** आर्सेनल ने नीदरलैंड्स के पीएसवी आइंडहोवन को 7-1 से करारी शिकस्त देकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। अंतिम-16 दौर के पहले चरण के मैच में आर्सेनल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। चैंपियंस लीग इतिहास में नॉकआउट दौर के मैच में किसी टीम की घर के बाहर यह सबसे बड़ी जीत हैं।



***रियाल मैड्रिड जीता*** आर्सेनल के लिए जुरियन माडुरो ने 18वें, एथन नवानेरी ने 21वें, मिकेल मेरिनो ने 31वें, मार्टिन ओडेगार्ड ने 47वें व 73वें, लिएंड्रो ट्रोसार्ड ने 48वें और रिकॉर्डो ने 85वें मिनट में गोल किए। अन्य मैचों में रियाल मैड्रिड ने एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से शिकस्त दी।

**विश्व कप 2026 :** 19 जुलाई से होगा आगाज

# फीफा ने पाकिस्तान, रूस और कांगो पर लगाया प्रतिबंध

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**डलास (अमरीका).** जियानी इन्फेंटिनो की अध्यक्षता में फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने अगले साल अमरीका, मैक्सिको व कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप से पाकिस्तान, रूस और कांगो को बैन कर दिया है। पाकिस्तान को बैन करने के पीछे मुख्य कारण है कि पाक फुटबॉल महासंघ ने निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने वाला नया संविधान नहीं अपनाया है। फीफा और एशियाई फुटबॉल ने इसे लागू करने की शर्त रखी थी।



***प्रतिबंध जारी :*** यूक्रेन पर आक्रमण करने के कारण रूस पर पहले ही प्रतिबंध लगा हुआ है जो जारी रहेगा। वहीं कांगोलीज फुटबॉल फेडरेशन के प्रबंधन में अवैध तरीके से तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण कांगो पर बैन लगाया है।

**CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7275...**



**बाएं से दाएं...** 1. प्रभाव पड़ा हुआ, प्रभावान्वित (4), 4. मदद, सहयोग (4), 7. पात्रता, सामर्थ्य, प्रवीणता (3), 8. चमत्कारिक कार्य (3), 9. नवीन, नूतन (2), 11. नाड़ी, रुधिर वाहिनी नलिका (2), 13. जलना, दाह (3), 15. यज्ञ (3), 16. शक्ति, बल (3), 18. घाटी, फरियादी, मुद्दई (2), 19. निरन्तर, लगातार (3), 21. नुकसान, हानि (2), 22. मद्य पीना (4), 24. समस्या, मुद्दा (3), 26. शिकार हेतु बनाया गया ऊंचा आसन (3), 28. कंठ (3), 30. हौंठ, अधर (2), 31. रोजे का महीना (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. इस्तेमाल, व्यवहार (3), 2. किस्मत, नसीब (2), 3. फैलाव, विस्तार (3), 4. निवारण, हल (4), 5. दशा, अवस्था (2), 6. साधु, तपस्वी (3), 10. स्मरण, स्मृति (2), 11. कृतज्ञ, उपकार मानने वाला (3-3), 12. आपका (4), 14. जिंदगी, जीवन (3), 15. राजस्थान जयपुर स्थित प्रसिद्ध हवायुक्त प्रासाद (5), 17. रीति, शैली, ढंग (2), 19. अच्छा व्यवहार (4), 20. अंधेरा, अज्ञान (2), 23. अल्प, थोड़ा (2), 25. बर्दाश्त, आंगन (3), 27. आर्द्र, गीला (2), 29. ऋण (2)

**हल 7274**



**SUDOKU 7010...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 5 | | 2 | | | |
| 4 | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 7 | 1 | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | | 3 |
| | 4 | | | | | 5 | | |
| | | 9 | | | 6 | 3 | 5 | |
| | | 2 | 3 | | | | 6 | |
| | | | | | 9 | | | 1 |

**हल 7009**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**टेबल टेनिस //** डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट में खेलेंगे आखिरी बार, 25 से 30 मार्च तक चेन्नई में होगा आयोजन

# 42 की उम्र में भी सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी हैं शरत कमल, अब लेंगे संन्यास

**20** साल लंबा करियर रहा शरत कमल का ***10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन हैं***

**चेन्नई @पत्रिका.** दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की, कि चेन्नई में होने वाला डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक चेन्नई में खेला जाएगा। ओलंपिक में पांच बार भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले शरत के दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 42 साल की उम्र में भी वे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं।



**13** पदक जीते हैं कुल ***राष्ट्रमंडल खेलों में***

**05** बार ओलंपिक में किया ***भारत का प्रतिनिधित्व***

**02 कांस्य** पदक एशियन गेम्स में जीते हैं

### चेन्नई से किया था आगाज, वहीं समापन

**शरत** कमल ने कहा, मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाने का मलाल मुझे हमेशा रहेगा।

***2003 में पहली बार बने नेशनल चैंपियन :*** शरत कमल 2003 में पहली बार नेशनल चैंपियन बने थे, जबकि 2004 में राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उन्होंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता था।

### साल 2006 में रचा इतिहास

**शरत कमल** को वर्ष 2004 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने लगातार पांच राष्ट्रीय खिताब जीते। मेलबर्न में 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में शरत कमल ने पुरुष एकल में स्वर्ण जीतकर इतिहास रच दिया था। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी थे। उन खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता था। 2010 में, वह मिस्र ओपन जीतकर आइटीटीएफ प्रो टूर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

### 2018 और 2022 रहे यादगार साल

**शरत कमल** ने 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में एक स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण, पुरुष युगल में रजत और पुरुष एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसी साल हुए जकार्ता एशियन गेम्स में शरत ने दो कांस्य पदक अपने नाम किए। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शरत ने पुरुष एकल, मिश्रित युगल व टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गोल्डन हैट्रिक लगाई। इसी साल उन्हें भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# कश्मीर: सैलानियों के कदमों से गुलजार हुआ गुलमर्ग

**कश्मीर** की वादियों में बर्फबारी से पर्यटक मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। उत्तरी कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में बुधवार को पर्यटक बर्फीली वादियों में टहलते हुए कुदरत के इस नायाब नजारे का लुत्फ लेते नजर आए।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### सिंगापुर: छेड़छाड़ केस में भारतीय को जेल

**सिंगापुर @ पत्रिका.** भारतीय नागरिक इरक्कोडन अबिनराज (26) को छेड़छाड़ के मामले में सात महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। अबिनराज ने अपनी पड़ोसी के घर में घुसकर सो रही 36 वर्षीय महिला से छेड़छाड़ की थी। घटना पिछले साल 22 सितंबर को हुई थी। वह मौके से गिरफ्तार किया गया था।

### मेक्सिको: नौ छात्रों के क्षत-विक्षत शव बरामद

**मेक्सिको सिटी @ पत्रिका.** मैक्सिको में छुट्टियां बिताने घूमने गए नौ लापता छात्रों के शव सड़क किनारे क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं। पुलिस ने एक बैग में कटे हुए हाथ भी बरामद किए। छात्र ग्रेजुएशन का जश्न मनाने ओआक्साका के समुद्र तटों पर जा रहे थे। अभी कोई आरोपी नामजद नहीं किया गया है।

### जापान: बारिश से आग पर काबू की उम्मीद

**ओफुनातो @ पत्रिका.** जापान के ओफुनातो शहर में लगी जंगल की आग पर बुधवार को बारिश और बर्फबारी से काबू पाने की उम्मीद बंधी है। आग से एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 4,000 लोग घर छोड़ने पर मजबूर हो गए। आग ने 2,900 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है।

## रिसर्च: एफएमआरआइ स्कैन में सामने आया मस्तिष्क का रसायन विज्ञान

# स्मार्टफोन से तीन दिन भी रहे दूर तो सुधर सकती है दिमागी सेहत

*संतुलित डिजिटल जीवनशैली केवल मानसिक शांति ही नहीं, बल्कि पारिवारिक रिश्तों को भी बचा सकती है। हालिया शोध में पाया गया कि तीन दिन का मोबाइल डिटॉक्स दिमाग पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, जबकि बालाघाट में मोबाइल लत ने पारिवारिक त्रासदी को जन्म दे दिया, जहां एक युवक ने मोबाइल छीनने पर माता-पिता पर हमला कर दिया, जिससे मां की मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।*

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बर्लिन.** केवल 3 दिन तक स्मार्टफोन से दूर रहना दिमाग के रसायन विज्ञान पर असर डाल सकता है। 'कंप्यूटर इन ह्यूमन बिहेवियर' जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार 72 घंटे के लिए स्मार्टफोन का इस्तेमाल सीमित करने से दिमाग के उन हिस्सों में बदलाव आता है जो 'लत' की भावना से जुड़े होते हैं।

शोध में 18 से 30 साल के 25 युवाओं को तीन दिन तक केवल जरूरी कामों के लिए स्मार्टफोन इस्तेमाल करने को कहा गया। उनके दिमाग के एफएमआरआइ स्कैन में पाया गया कि फोन की ललक कम होने के साथ उन रसायनों के स्तर में बदलाव हुआ जो लत से जुड़े होते हैं। हीडलबर्ग व कोलोन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, इससे सिद्ध होता है कि स्मार्टफोन का अधिक इस्तेमाल मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालता है। छोटे-छोटे डिजिटल ब्रेक, सीमित नोटिफिकेशन और स्क्रीन-फ्री समय तय करना दिमाग के संतुलन को बेहतर बना सकता है।

### नशे या शराब की लत जैसा पैटर्न

***दिमाग पर स्मार्टफोन ब्रेक का असर...*** प्रतिभागियों के दिमागी बदलावों को समझने के लिए फंक्शनल मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एफएमआरआइ) स्कैन किए गए। ब्रेन के उन हिस्सों में बदलाव देखे गए, जो इनाम (रिवॉर्ड) और लालसा (क्रेविंग) से जुड़े होते हैं। ये पैटर्न नशे या शराब की लत से जुड़े अध्ययन में भी देखे जाते हैं।



### मस्तिष्क की रसायनिक प्रक्रिया व लत

**स्टडी** में पाया गया कि स्मार्टफोन से दूरी बनाने के बाद डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के स्तर में बदलाव आया, जो हमारे मूड, भावनाओं और आदतों को नियंत्रित करते हैं। यह प्रभाव उन लोगों में भी देखने को मिला जो स्मार्टफोन का सामान्य उपयोग करते थे।

### तकनीक और मानसिक स्वास्थ्य: एक नई दिशा

**इस** शोध से यह स्पष्ट होता है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग मस्तिष्क पर नशे की तरह प्रभाव डाल सकता है। ऐसे में, डिजिटल जीवनशैली में संतुलन बनाए रखना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हो सकता है। तो क्या आप तीन दिन बिना स्मार्टफोन रहने के लिए तैयार हैं?

### मध्यप्रदेश

## स्मार्टफोन से रोका तो बेटे ने मां-बाप का सिर फोड़ा

**बालाघाट @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में स्मार्टफोन चलाने से मना करने की बात पर बेटे ने लोहे की रॉड से माता-पिता का सिर फोड़ दिया। वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि सिकंद्रा गांव की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले शिक्षक दंपती प्रतिभा कटरे (40) व किशोर कटरे (45) ने मंगलवार की शाम बेटे सत्यम (20) को स्मार्टफोन पर खेलने से मना किया। इससे नाराज होकर आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर डाला। हमले में मां की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### उज्जैन में बनेगी किट

## यूरिन की बूंदों से हो सकेगी कैंसर की जांच

**उज्जैन @ पत्रिका.** उज्जैन में जल्द ऐसी मेडिकल किट का निर्माण होगा, जिस पर यूरिन की कुछ बूंदें डालकर कैंसर का पता लगाया जा सकेगा। इस अत्याधुनिक तकनीक से 8 तरह के कैंसर की पहले ही पहचान हो सकेगी। भारत में अब तक इस टेक्नोलॉजी का उपयोग नहीं हुआ है।

दक्षिण कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप द्वारा अर्ली कैंसर डिटेक्शन को लेकर देवास रोड स्थित विक्रम उद्योगपुरी मेडिकल डिवाइस पार्क में शोध व निर्माण ईकाई स्थापित करने की योजना है। इसके लिए दो दिन पूर्व ग्रुप के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की थी। किट से जांच में कितना खर्च आएगा, फिलहाल निर्धारित नहीं है।

***सिर्फ 15 मिनट में होगी जांच:*** अर्ली कैंसर डिटेक्शन की यह अत्याधुनिक तकनीक कैंसर से निपटने में बड़ी कारगर साबित हो सकती है। इसमें मरीज की यूरिन के सैंपल का उपयोग कर जांच की जाती है। किट पर यूरिन की कुछ बूंद डालने और आवश्यक प्रोसेस करने पर महज 15 से 20 मिनट में रिजल्ट आ जाता है। अभी कोरिया में इसका उपयोग होता है।

***8 प्रकार के कैंसर की जांच संभव:*** ब्रेस्ट कैंसर, कोलोरेक्टल कैंसर, स्टमक कैंसर, लंग कैंसर, लिवर कैंसर, पेनक्रिएटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, ब्लैडर कैंसर।

### 'स्त्री देह से आगे' पुस्तक पर चर्चा

# मानव संस्कृति के निर्माण में मां की भूमिका सबसे अहम: गुलाब कोठारी



**महारानी कॉलेज** में *'स्त्री देह से आगे'* पुस्तक पर चर्चा करते राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी और समारोह में मौजूद विद्यार्थी।



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राजस्थान पत्रिका समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी ने कहा कि हमें मानव संस्कृति का निर्माण करना है और इसके लिए मां की भूमिका सबसे अहम है। कोठारी ने स्त्री की दिव्यता को पहचानने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ममता, करुणा और वात्सल्य जैसी शक्तियां स्त्री में स्वाभाविक रूप से मौजूद हैं, जो उसे पति और संतान के लिए नहीं, बल्कि वंश और समाज की परंपरा को मजबूत करने के लिए दी गई हैं। कोठारी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महारानी कॉलेज में बुधवार को अपनी पुस्तक *'स्त्री देह से आगे'* पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने आत्मा की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक स्त्री जब नए घर में प्रवेश करती है तो वह अपने शरीर के धर्म को माता-पिता के घर छोड़कर आत्मा के धर्म को अपनाती है। पुस्तक की प्रस्तावना पढ़ते हुए राजस्थान विवि की कुलपति अल्पना कटेजा ने कहा कि कोठारी की लेखन शैली अनूठी है, जो समाज में मानवता के दो पंखों-स्त्री और पुरुष-को समान मजबूती देने का संदेश देती है।



### सवालों के भी दिए जवाब



***असिस्टेंट प्रोफेसर मोनिका राव का सवाल:*** न कोई संस्था, न कोई गुरु और न ही शिक्षा नीति में ऐसा ज्ञान, ऐसे में इस ज्ञान को महिलाएं कहां से प्राप्त करेंगी? क्या किसी संस्था को जागृत करना होगा या फिर उद्बोधन सुनना मात्र काफी होगा? महिलाएं मां बनने की प्रक्रिया में शक्ति की पहचान कैसे करेंगी?

**गुलाब कोठारी:** *जीवात्मा अपने आप में अकेली होती है। हम भले ही हजार के बीच में जी रहे हैं लेकिन जीना अकेला है और मरना भी। हम संस्कृति से दूर निकलकर आ गए हैं। आज की मां संस्कृति से बाहर आ गई हैं। उसे भी नए सिरे से मां की भूमिका समझानी होगी। मां को वापस सूक्ष्म और दिव्यता को समझाना होगा।*

*हमें समझना होगा कि मुझे अच्छी और मजबूत स्त्री बनना है, ताकि मेरा परिवार देश और समाज को कुछ देकर जाए। हम सभी महिला संस्थाओं में जाकर जागरूक करेंगे। अपनी भूमिका राष्ट्र निर्माण की तो है, साथ ही इससे एक कदम आगे जाकर आत्मा का निर्माण करना है। इसके लिए आत्मा को प्रशिक्षित करना है। मेरी यह बड़ी पीड़ा है कि किसी भी लड़की से बात करते समय लड़के के चेहरे पर मन का भाव नहीं होता। लड़की के चेहरे पर स्पंदन नहीं दिखता। आत्मा की चर्चा खत्म हो गई। स्पदंन नहीं रहा। दिल नहीं धड़क रहा है। इसीलिए आत्मा को जीना है। चिंतन करना जरूरी है और इसकी शुरुआत मां के जरिए ही हो सकती है।*

**सवाल-जवाब का वीडियो देखने के लिए...**
क्यू आर कोड को स्कैन करें

## पत्रिका पोल

**Q अमरीका में भारतीयों के साथ नस्लीय घटनाओं पर भारत सख्ती दिखाए?**

**कल का सवाल था**
अमरीका के यूक्रेन को सैन्य मदद रोकने से क्या शांति कायम होगी?

**जवाब**
79% हां | 21% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**बिहार चुनाव बाद फिर पलटी मारेंगे नीतीश कुमार, प्रशांत किशोर ने की भविष्यवाणी**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**राम मंदिर पर आतंकी साजिश बेनकाब! अयोध्या से दिल्ली तक एटीएस की ताबड़तोड़ छापेमारी, 3 संदिग्ध हिरासत में**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### चलती दो एटीवी पर बैलेंस का नया रेकॉर्ड

**अबू धाबी @ पत्रिका.** यारा खदेर नाम की एक सीरियाई बैले डांसर ने चलती हुई दो एटीवी (चार पहियों वाली मोटरसाइकिल) पर स्प्लिट पोजीशन में बैलेंस बनाकर नया गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है। 26 साल की यारा ने संयुक्त अरब अमीरात में यह रेकॉर्ड बनाते हुए 1,541 फीट, 11 इंच की दूरी तय की।

### दुबई से सोना तस्करी

## अभिनेत्री रन्या राव के फ्लैट से करोड़ों का सोना व नकदी जब्त

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने बुधवार को कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव के लावेले रोड स्थित आलीशान फ्लैट पर छापा मारा और 2.06 करोड़ रुपए का सोना और 2.67 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। बताया जा रहा है कि अभिनेत्री उस फ्लैट के लिए प्रतिमाह 4.5 लाख रुपए किराया दे रही थी। दुबई से सोना तस्करी के आरोप में राव को केंपेगौडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार देर रात गिरफ्तार किया गया था। सोने के बिस्कुट टेप की मदद से उसकी कमर से चिपके मिले थे। कर्नाटक स्टेट पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के डीजीपी डॉ. के रामचंद्र राव ने अपनी सौतेली बेटी की सोने की तस्करी मामले में गिरफ्तारी पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया है।

## गाजा: संघर्ष के साए में रमजान, भोजन पाने के लिए जारी जद्दोजहद



**गाजा सिटी @ पत्रिका.** रमजान के दौरान खाद्य राहत प्राप्त करने के लिए लोग लंबी कतारों में खड़े नजर आए। आर्थिक तंगी और संघर्ष के बीच जरूरतमंद लोग राहत सामग्री पाने के लिए संघर्ष करते देखे गए।

### केबिनेट का निर्णय: पर्यटन को बढ़ावा

## केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम-पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी। इस परियोजना की लागत 4,081.28 करोड़ रुपए होगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को भी मंजूरी दे दी है। यह रोपवे 12.4 किलोमीटर लंबा होगा और इसकी लागत 2,730 करोड़ रुपए है। दोनों परियोजनाओं को बिल्ड, ऑपरेट एवं ट्रांसफर मॉडल के तहत लागू किया जाएगा। इसका मतलब है कि कोई निजी कंपनी इसे बनाएगी, चलाएगी और फिर सरकार को सौंप देगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा व आवाजाही आसान होगी।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### बांग्लादेश: सरकार ने माना, रोजगार कम

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार में वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद आखिर स्वीकार किया है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और कारोबारी मंदी के कारण नए रोजगार सृजन में कमी आई है।

### जमीर बने इजरायल के नए सैन्य चीफ

**इजरायल** के बेंजामिन नेतन्याहू सरकार ने सेना के नए चीफ ऑफ स्टॉफ पद के लिए एयाल जमीर की नियुक्ति की है। वह इससे पहले रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक रह चुके हैं। सेना में डिप्टी चीफ रह चुके जमीर पर 2018 के फिलिस्तानी नरसंहार का आरोप है।



### जेलेंस्की के शब्द नहीं, उनका काम देखेंगे

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के युद्ध विराम और खनिज डील समझौते पर तैयार होने संबंधी बयान पर अरबपति एलन मस्क ने प्रतिक्रिया दी है। मस्क ने कहा, शब्दों की नहीं, कामों की अहमियत है। देखते हैं क्या कार्रवाई होती है।



### जापान: सबसे सटीक समय बताने वाली घड़ी लॉन्च

## 10 अरब वर्ष में आएगा सिर्फ 1 सेकंड का अंतर

**टोक्यो @ पत्रिका.** जापान की क्योटो स्थित कंपनी शिमाड्जु कॉर्प ने दुनिया की सबसे सटीक घड़ी 'एथर क्लॉक ओसी 020' को बुधवार को बिक्री के लिए लॉन्च किया। इस घड़ी की कीमत 3.3 मिलियन डॉलर (करीब ₹28 करोड़) है। कंपनी का दावा है, घड़ी इतनी सटीक है कि 10 अरब वर्ष में सिर्फ एक सेकंड का ही अंतर आएगा। यह घड़ी स्ट्रोंटियम ऑप्टिकल लैटिस क्लॉक तकनीक पर आधारित है, जो वर्तमान में सेकंड की परिभाषा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सीजियम परमाणु घड़ियों से 100 गुना अधिक सटीक है। आकार 3 फीट ऊंचा और 250 लीटर की क्षमता वाला है, जो अपनी श्रेणी में सबसे छोटा उपकरण है।



### अनुसंधानों में उपयोगी

**कंपनी** ने कहा कि घड़ी का इस्तेमाल वैज्ञानिक अनुसंधानों में किया जा सकता है, जैसे भूकंपीय गतिविधियों का निरीक्षण और सापेक्षता के सिद्धांतों की जांच। इससे पहले, ऑप्टिकल लैटिस घड़ियों को टोक्यो के प्रसिद्ध स्काईट्री टावर में भी परीक्षण के लिए लगाया गया था।

**चिंता** बच्चों के खेल के घंटे हो रहे खत्म, परिवार के साथ भी समय नहीं बिता रहे बच्चे

# द.एशियाई देशों के बच्चे स्कूलों में सबसे ज्यादा बिता रहे समय

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** दुनिया भर में दक्षिण एशियाई देशों के बच्चे स्कूलों में सबसे ज्यादा घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। गौर करने की बात यह है कि सूची में भारत के छात्र सबसे आगे नहीं हैं।

अमरीकी संगठन वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू के ताजा आंकड़ों के अनुसार, थाईलैंड के बच्चे 9.5 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई के साथ इस चार्ट में सबसे ऊपर हैं, जबकि ब्राजील के बच्चे सबसे कम चार घंटे ही प्रतिदिन स्कूल में बिताते हैं। वहीं, अमरीका में स्कूली छात्र 7 घंटे और जापान में छह घंटे स्कूलों में बिताते हैं।

**बच्चों का स्कूल में समय**

| रैंक | देश | औसत स्कूली घंटे (प्रतिदिन) |
|---|---|---|
| 1 | थाईलैंड | 9.5 |
| 2 | कंबोडिया | 8.75 |
| 3 | बांग्लादेश | 8.5 |
| 4 | म्यांमार | 8.5 |
| 5 | ताइवान | 8.5 |
| 6 | चिली | 8.33 |
| 7 | द. कोरिया | 08 |
| 8 | घाना | 08 |
| 9 | नेपाल | 7.75 |
| 10 | केन्या | 7.5 |
| 11 | भारत | (शहरी स्कूल) 7.5 |

*भारत के आंकड़े ऐसोचैम के 2012 के अध्ययन पर आधारित*

### एशियाई देशों में स्कूली घंटे ज्यादा होने के कारण

**1 *कठोर शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा...*** यहां छात्रों पर अच्छे अंक प्राप्त करने पर काफी दबाव है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अपने अध्ययन में कहा है कि कई एशियाई देशों में कठोरपरीक्षाप्रणालियांहैंजो छात्रों के लिए मुश्किल शैक्षणिक और कैरियर पथ तय कर देते हैं। जिससे अध्ययन पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। विभिन्न एशियाई स्कूलों में उच्च शिक्षा के लिए कठिन प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाएं होती हैं और प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए छात्र परीक्षा की तैयारी में घंटों समय लगाते हैं, ठीक उसी तरह जैसे भारत में छात्र कक्षा 9 या उससे पहले से ही जेईई और नीट आदि की तैयारी शुरू कर देते हैं।

**2 *शिक्षा पर सांस्कृतिक जोर...*** एशिया में शिक्षा को अक्सर सफलता, स्थिरता और पारिवारिक सम्मान के मार्ग के रूप में देखा जाता है। कई एशियाई संस्कृतियों का मानना है कि शैक्षणिक उपलब्धि भविष्य तय करती हैं।

**3 *शिक्षा नीति...*** कई एशियाई देश छात्रों के लिए स्कूल के बाद ट्यूशन और स्कूल के घंटों के बाद अतिरिक्त अध्ययन सत्र की अनुमति देते हैं, जो अतिरिक्त अध्ययन घंटों की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है।

**डॉ.स्वाति घाटे,** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स

**टॉपिक एक्सपर्ट**

### कठिन हो रहा बच्चों का जीवन

आज छात्र दो दशक पहले की तुलना में बहुत कठिन जीवन जी रहे हैं। स्कूल-कोचिंग जाने के बीच उनके आराम करने और खेलने के घंटे जैसे खत्म हो रहे हैं। माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ समय बिताना भी बच्चों के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।